आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 329, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





बाइडन फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए : व्हाइट हाउस 16

रेस 4 में दिखेंगे सलमान और सैफ 15


# गोंडा में रेल हादसा, 4 की मौत, 34 घायल

## चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की 8 बोगियां पलटीं, मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञान, रेलवे ने बैठाई जांच

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार दोपहर 2:30 बजे मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई। ट्रेन के एसी कोच के 3 डिब्बे पलट गए, जबकि 5 अन्य बोगियां पटरी से उतर गईं।

हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 34 यात्री घायल हो गए। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर है। 9 घायल जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, जबकि तीन घायलों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया, जिसमें देर रात एक की मौत हो गई। रेलवे ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। वहीं, रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने जिला चिकित्सालय गोंडा पहुंचकर घायल यात्रियों के उपचार की जानकारी ली। साथ ही उन्हें बेहतर इलाज का आश्वासन दिया।

रेलवे के अनुसार, एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार की शाम को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने के लिए निकली थी। ट्रेन करीब 2:15 बजे गोंडा स्टेशन पहुंची ही थी और 2:25 बजे गोंडा स्टेशन से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी। गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप करीब 2:40 बजे अचानक ट्रेन डिरेल हो गई। इंजन के पीछे लगी एसी की तीन बोगियां पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे खेतों में जाकर पलट गई। जबकि ट्रेन की पांच अन्य बोगी पटरी से उतर गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू किया और ट्रेन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हादसे में 4 यात्रियों की मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। 9 यात्रियों को जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जबकि तीन घायलों को लखनऊ रेफर किया गया, जिसमें देर रात एक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल श्रीवास्तव, डीएम नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम सौम्या माथुर की घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

**दर्दनाक** घायलों में 11 की हालत गंभीर



मनकापुर–गोंडा के बीच पिकौरा गांव के पास बेपटरी हुई चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस। • एजेंसी

### यूं हुआ घटनाक्रम

- ट्रेन नंबर 15904
- दोपहर 2 : 40 बजे हुआ हादसा
- अपराह्न 3 :30 बजे दुर्घटना यान पहुंचा
- शाम 6 :30 बजे डीआरएम सौम्या माथुर पहुंचीं
- 22 बोगियों में दो पूरी तरह पलट गईं, पांच पटरी से उतर गईं

### ट्रेन हादसे में 4 यात्रियों की मौत की पुष्टि

- राहुल पुत्र नाथूलाल निवासी चंडीगढ़।
- सरोज पुत्र रघुनंदन निवासी बिहार।
- दो अज्ञात।

### डीएम बोलीं- राहत व बचाव कार्य जारी

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने हादसे में 4 यात्रियों की मौत की पुष्टि की है। डीएम ने बताया कि इस हादसे में ट्रेन के 8 डिब्बे डिरेलमेंट का शिकार हुए हैं। हादसे में 5 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को फर्स्ट एड देकर उनका इलाज कराया जा रहा है। मौके पर राहत व बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज के बसें लगाई गई है। मौके पर 3 की, जबकि लखनऊ स्थित ट्रॉमा सेंटर में एक यात्री की मौत की पुष्टि हुई है।

> हादसे में 4 लोगों की मौत हुई है। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा रेलवे की तरफ से की गई है।
> – **पंकज कुमार सिंह**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

## सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के पार

**मुंबई।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 627 अंक उछलकर पहली बार 81,343 अंक के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी भी 24,800 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। आईटी, तेल एवं गैस तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। बाजार में शुरुआत कमजोर रही और एक समय यह 80,390.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। हालांकि आईटी शेयरों तथा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी में लिवाली से सूचकांक नुकसान से उबर गया।



• सेंसेक्स 627 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 24,800 अंक के नये शिखर पर

## विवादित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार

**पुणे।** विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को ग्रामीण पुलिस ने कथित तौर पर बंदूक दिखाकर किसानों को धमकाने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसानों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मनोरमा को रायगढ़ जिले के महाड स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पिछले काफी समय से मनोरमा की तलाश कर रही थी।



**एक नजर**

### केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाला मामलों में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकों की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया है। ईडी और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है।

### बब्बर खालसा के सदस्य हथियारों सहित गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल समर्थित आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को हाथियार सहित गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने अमेरिका स्थित आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और इटली स्थित उसके सहयोगी रेशम को गिरफ्तार किया है।

## नक्सलियों ने सुरंग को उड़ाया, दो जवान शहीद

• गंभीर रूप से घायल चार जवानों को रायपुर अस्पताल भेजा

बीजापुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो जवानों की जान चली गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो आरक्षक-भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य जवानों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

इसके बाद 16 जुलाई को इन जिलों से एसटीएफ, डीआरजी और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, संयुक्त दल जब अभियान पूरा कर लौट रहा था, तभी बुधवार देर रात बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया।

### शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : विष्णु देव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा माओवाद के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

## सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश की नाकाम दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को नियंत्रण रेखा से घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना मिली थी कि आतंकवादी उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा से घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सतर्क सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की हरकत को देखा और उन्हें ललकारा तथा इस दौरान हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान जारी है। पिछले चार दिन में केरन सेक्टर में यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 14 जुलाई को केरन सेक्टर में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गये थे, जब वे घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे।

## नीट-यूजी के केंद्रवार नतीजे हों जारी : कोर्ट

### अभ्यर्थियों की पहचान जाहिर न करने के दिए निर्देश, 20 जुलाई को परिणाम घोषित करने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अभ्यर्थियों की पहचान गुप्त रखते हुए 20 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों का समाधान करने का प्रयास करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इसे नए सिरे से आयोजित करने का कोई भी आदेश इस ठोस निष्कर्ष पर आधारित होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हुई है।



शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा को रद करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी। दिन भर चली सुनवाई के दौरान पीठ ने अभ्यर्थियों के वकीलों से परीक्षा के आयोजन में व्यापक उन अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने को कहा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होना भी शामिल है, जिसके कारण परीक्षा रद कर दोबारा कराने की आवश्यकता हो। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी तथा गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।

### पटना एम्स के चार छात्रों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट–यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में गुरुवार को पटना एम्स में पढ़ने वाले एमबीबीएस के चार छात्रों को गिरफ्तार किया है। एम्स पटना के निदेशक जीके पॉल ने बताया, सीबीआई पटना एम्स के चार छात्रों को अपने साथ ले गई है। इनमें चंदन सिंह, राहुल अनंत और कुमार शानू तीसरे वर्ष के छात्र हैं जबकि करण जैन दूसरे वर्ष का छात्र है। आरोप है कि कुमार ने हजारीबाग में एनटीए के ट्रंक से नीट–यूजी का प्रश्नपत्र चुराया था। सीबीआई ने राजू सिंह नामक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराने में कुमार की मदद की थी।

### पुनः परीक्षा के लिए ठोस आधार जरूरी : सीजेआई

सीजेआई ने कहा पुन : परीक्षा कराने के लिए यह ठोस आधार होना चहिए कि पूरी परीक्षा की शुचिता पर असर पड़ा है। इस मामले की जारी जांच के मुद्दे पर पीठ ने कहा सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई ने हमें जो बताया है अगर उसका खुलासा कर दिया जाता है तो इससे जांच पर असर पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

## हाईवे पर पलटी स्कार्पियो, पांच की मौत, एक घायल

### मृतकों में 4 अयोध्या व एक बस्ती का, गंभीर रूप से घायल युवक को कानपुर किया गया रेफर

संवाददाता गंजमुरादाबाद (उन्नाव)

**अमृत विचार :** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बहलोलपुर गांव के पास गुरुवार देर शाम लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर रोहतक से अयोध्या जा रही स्कार्पियो चालक को झपकी आने से डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे उसमें सवार 5 लोगों की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल छठे व्यक्ति को जिला अस्पताल से कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया है। यूपीडा व पुलिस की टीम ने राहत व बचाव कार्य चलाया।





हादसे में क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो।

• लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ के समीप चालक को झपकी आने से हुआ हादसा

बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बहलोलपुर गांव के पास गुरुवार शाम हरियाणा के रोहतक से अयोध्या जा रही स्कार्पियो चालक को अचानक झपकी लगने से स्कार्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। हादसे में गाड़ी के परखचे उड़ गये, उसमें सवार सभी व्यक्ति उसी में फंस गए। मौके पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम और पीतमपुरा चौकी पुलिस ने गाड़ी की खिड़कियों के कांच तोड़कर उसमें सवार 6 व्यक्तियों को बाहर निकाला और सभी को सीएचसी बांगरमऊ भेजा।

जहां पर मौजूद डॉक्टर ने वैभव पांडेय (35) निवासी गांव बीबीपुर थाना नया बाजार अयोध्या, हरविंद सिंह निवासी महाराजगंज अयोध्या व मनोज सिंह निवासी नया बाजार अयोध्या को मृत घोषित कर दिया। घायल महेंद्र सिंह (38) निवासी रजवापुर थाना परशुरामपुर जिला बस्ती व अनुज पांडेय निवासी अयोध्या व आशीष कुमार (45) निवासी बीबीपुर नया बाजार अयोध्या को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान महेंद्र सिंह और अनुज पांडेय की भी मौत हो गई। जबकि आशीष कुमार (45) को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया। हाइड्रा से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात शुरू कराया गया। हादसे की सूचना पर सीओ अरविंद चौरसिया फोर्स के साथ पहुंचे और जांच की। पुलिस ने इसकी जानकारी परिजनों को दे दी है।

## ताजिया दफनाने के दौरान बवाल

संवाददाता,गंजडुण्डवारा (कासगंज)

**अमृत विचार:** मुहर्रम पर बुधवार की रात गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर भड़के ताजियेदारों ने जाम लगा दिया और कई घंटे प्रदर्शन व हंगामा करते रहे। गुरुवार सुबह गंडडुंडवारा का बाजार बंद रहा।

गंगडुंडवारा में बुधवार की रात करीब तीन बजे ताजिया दफनाने के लिए कर्बला ले जाया जा रहा था। इस दौरान वहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। कोतवाली पुलिस ने ताजिया जल्द दफनाने को कहा। अचानक दो पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई जिससे ताजिया टूट गया और कई लोग घायल हो गए। इसके बाद भड़के लोगों ने पुलिस के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी पहुंच गए। उन्होंने सीओ विजय कुमार राना एवं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार से लाठी चार्ज को लेकर तीखी नाराजगी जाहिर की।



गंजडुंडवारा में मौके पर पहुंचे पुलिस अफसर।

• पुलिस के लाठीचार्ज करने से भड़के ताजियेदारों ने लगाया जाम, धरना देकर कई घंटे किया हंगामा

> लाठीचार्ज को लेकर विवाद हुआ था। लाठीचार्ज का क्या कारण रहा है इसकी जांच की जा रही है। दो पुलिस कर्मियों के विरुद्ध तहरीर प्राप्त हुई है। – **विजय कुमार राणा**, सीओ पटियाली

### हाईटेंशन लाइन से टकराया 50 फुट ऊंचा ताजिया, एक की मौत

**अमीरनगर (लखीमपुर खीरी)।** मोहर्रम जुलूस के दौरान गुरुवार दोपहर कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गरदहा में बड़ा हादसा हो गया। करीब 50 फुट ऊंचे ताजिए का जुलूस निकालते समय ऊपर से निकली हाइटेंशन लाइन में छू गया। हादसे में 19 लोग झुलस गए, जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण सभी को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर में 15 लोगों का इलाज चल रहा है, जिसमें से एक की मौत हो गई है। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि इनमें से 20 वर्षीय हसीब को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में तहसील प्रशासन शाहजहांपुर अस्पताल में तैनात हैं।

## अखिलेश बोले-100 लाओ, सरकार बनाओ

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश की भाजपा सरकार में चल रही अंदरूनी उथल-पुथल के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं को मानसून ऑफर देकर चर्चा का बाजार और गर्म कर दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए नेताओं से कहा, 100 लाओ और सरकार बनाओ।

सपा प्रमुख ने एक्स पोस्ट के माध्यम से भाजपा खेमें में धड़कनें बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा का कोई भी नेता 100 विधायकों को लेकर उनके पास आता है तो समाजवादी पार्टी उसे मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दे सकती है।



• अखिलेश यादव ने अंदरूनी कलह के चलते भाजपा विधायकों को दिया मानसून ऑफर

इतना ही नहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिल्ली से लखनऊ आने के बाद अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज भी कसा। कहा कि लौट के बुद्धू घर को आए। मालूम हो कि केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को एक्स पर अखिलेश यादव को सपा बहादुर की संज्ञा दी थी। उन्होंने कहा था कि उप्र. और केंद्र में मजबूत सरकार है।

### प्रदेश में 2027 में हम अपनी सरकार बनाएंगे

साल 2017 की तरह 2027 में भी हम उप्र. में अपनी सरकार बनाएंगे। केशव ने सपा के पीडीए को धोखा बताते हुए यह भी कहा कि प्रदेश में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। इसके पहले सोमवार को भाजपा की कार्यसमिति और अगले दिन दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के उपरांत केशव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके राजनैतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी थी। चर्चा को लौ देने में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा तलब करना भी है। जिसके बाद सत्ता के अंदर उलट फेर की बातें शुरू हो गई थीं।

## कांवड़ रूट :पुलिस की एडवाइजरी पर सियासी बवाल

### मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान- ठेले -ढाबे वाले अपना नाम जरूर लिखें, विपक्षी दल बिफरे, कहा-सरकार इसे वापस ले

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के दौरान मुजफ्फरनगर पुलिस के फरमान पर विपक्षी दलों ने प्रहार करते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने के बहाने ढूंढ़ती रहती है। दरअसल, मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले रूट पर पड़ने वाले ठेले ढाबे वालों को अपना नाम लिखने का सुझाव दिया है।

पुलिस की एडवाइजरी में बताया गया कि यात्रा के रूट पर पड़ने वाली दुकानों, ढाबों और ठेलों पर विक्रेता का नाम लिखना जरूरी होगा। इस मामले में एतराज जताने के बाद में पुलिस ने एक और निर्देश जारी कर बताया कि होटल, ढाबों के मालिक अपनी इच्छा से अपना नाम और रेट कार्ड दुकान के बाहर लगा सकते हैं। पुलिस का कहना है कि कई बार रेट और धर्म को लेकर कांवड़ियों में लड़ाई हुई है, जिसे देखते हुए यह फैसला लिया गया था। इस एडवायजरी के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का वह कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है।



**क्या है मामला :** मुजफ्फरनगर पुलिस का कहना है कि पूर्व में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां कांवड़ मार्ग पर हर प्रकार की खाद्य सामग्री बेचने वाले कुछ दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के नाम इस प्रकार से रखे गए, जिससे कांवड़ियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होकर क़ानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई। पुलिस ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए और श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले होटल, ढाबे और खानपान की सामग्री बेचने वाले दुकानदारों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वेच्छा से अपने मालिक और काम करने वालों का नाम प्रदर्शित करें। पुलिस का कहना है कि इस आदेश का आशय किसी प्रकार का धार्मिक विभेद ना होकर सिर्फ श्रद्धालुओं की सुविधा, आरोप प्रत्यारोप और कानून व्यवस्था की स्थिति को बचाना है।

कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया नया सरकारी आदेश यह गलत परंपरा है, जो सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। जद यू नेता केसी त्यागी ने कहा कि दुकानों पर मालिकों का नाम प्रदर्शित करने के मुजफ्फरनगर पुलिस के आदेश को वापस लिया जाना चाहिए।

# ट्रैफिक पुलिस ने नगर निगम से मांगीं 20 क्रेनें

- अवैध पार्किंग से निपटने के लिए कवायद
- ट्रैफिक विभाग के पास अभी हैं कुल 6 छोटी क्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में अवैध पार्किंग व बीच रास्ते भारी वाहनों के खराब होने के कारण लगने वाले जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने 20 क्रेनों की मांग नगर निगम से की है। गुरुवार को डीसीपी ट्रैफिक ने नगर निगम को पत्राचार कर क्रेनें मुहैया कराए जाने की मांग की है।

कानपुर महानगर की सीमाएं 40 किलोमीटर तक फैली हुई हैं। शहर के हाईवे पर बड़े वाहनों के खराब होने व प्रमुख बाजारों में अवैध पार्किंग से जाम की समस्या सामने आने पर ट्रैफिक पुलिस पर्याप्त संसाधन न होने के कारण कार्रवाई नहीं कर पाती। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि शहर की आबादी तकरीबन 45 लाख के करीब है, जिस कारण सड़कों पर भारी ट्रैफिक लोड रहता है। सड़कों पर बेतरतीब वाहनों के कारण जाम की समस्या होती है, जबकि कई बार हाईवे पर बड़े वाहनों के खराब होने के कारण भी जाम से लोगों को परेशान होना पड़ता है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के पास अभी मात्र 6 छोटी क्रेनें हैं, जिस कारण बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो पाती। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि भारी वाहनों को रास्ते से हटाने के लिए 4 हाइड्रा क्रेन व अवैध पार्किंग पर शिकंजा कसने के लिए 16 छोटी आधुनिक हाईड्रोलिक क्रेनें नगर निगम से मांगी गई हैं। इसके लिए पत्राचार किया गया है।

# मुख्यमंत्री के आदेश किनारे, अवैध स्टैंडों से हो रहे वारे-न्यारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



घंटाघर पर नगर निगम का नाम लिखकर चल रहा अवैध स्टैंड। अमृत विचार

- ई-रिक्शा, टेंपो, ऑटो की अराजकता चरम पर, राहगीरों को होती परेशानी
- खुल कर दबंग करते वसूली, रोज लगता जाम, आए दिन होतीं घटनाएं

**अमृत विचार।** शहर ई-रिक्शा, टेंपो और ऑटो चालकों की भीषण अराजकता से लोग लाखों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धड़ल्ले से जारी अवैध स्टैंडों से दबंग वसूली कर नगर निगम को लाखों रुपये के राजस्व का हानि पहुंचा रहे हैं। वहीं सड़क पर आए दिन इनके कारण घटनाएं बढ़ रहीं है, इसके बावजूद थाना पुलिस मौन रहती है। यह हाल तब है, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों और महानगरों से अवैध टेंपो स्टैंड खत्म करने के कड़े निर्देश दिए थे। नगर निगम और पुलिस हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुए हैं।

बारादेवी चौराहा, पॉलीटेक्निक चौराहा, कल्याणपुर क्रासिंग, अफीमकोठी, झूलेलाल चौक, दबौली, गुजैनी, रावतपुर स्टेशन, बिठूर रोड तिराहा, नौबस्ता चौराहा, गुटैया क्रासिंग, नरोना चौराहा, टाटमिल, छपेड़ा पुलिया, फजलगंज, विजय नगर, सीटीआई, चावला मार्केट, नमक फैक्ट्री, टीपी नगर, किदवई नगर चौराहा, जरीब चौकी, चकेरी, रामादेवी, रेलवे स्टेशन गेट पर अवैध स्टैंड हैं। सुतरखाना में बस स्टॉप पर कब्जा कर बना स्टैंड, माल रोड पर रोज खड़े होने वाले टेंपो, घंटाघर चौराहा, पटेल चौक, देवकी चौराहा, समेत अन्य जगहों पर अवैध स्टैंडों की भरमार है। सड़क पर ही स्टैंड और पार्किंग स्थल बना लिए गए हैं। कई जगह तो टेंपो ऑटो चालकों ने जीटी रोड पर ही पार्किंग और स्टैंड बना दिया है। अगर आप गोल चौराहे से कल्याणपुर की ओर जा रहे हैं या कल्याणपुर की ओर से लौट रहे हैं तो गुटैया क्रासिंग से रावतपुर चौराहे के बीच सड़क पर बेतरतीब खड़े आटो-टेंपो चालकों की भीड़ से आपको संघर्ष करके गुजरना होगा। रही कही कसर सड़क पर दोनों ओर ठेलिया दुकानदार पूरी कर देते हैं। ऐसे में यहां दिनभर जाम से जूझना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस सिर्फ दो पहिया वाहनों के चालान काटकर कोटा पूरा करती है।

> अवैध टेंपो स्टैंडों को लेकर नगर निगम से पत्राचार किया जा रहा है। जल्द ही अभियान चलाकर टेंपों की अराजकता पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक

### पुराने दावे साबित हो रहे खोखले

- मुख्यमंत्री के आदेश के ठीक बाद पुलिस ने कुछ दिनों तक अवैध स्टैंड और बसों के खिलाफ अभियान चलाया और अतिक्रमण हटवाया। पुलिस और नगर-निगम ने संयुक्त रूप से एक सचल दस्ते का गठन भी किया जो अतिक्रमण के खिलाफ काम करता था। दोबारा अतिक्रमण की स्थिति में चौकी प्रभारी पर कार्रवाई तय होने के दावे किए गए थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। मेट्रो स्टेशनों के नीचे टेंपो और ऑटो ने आरामगाह बना लिया है। यह नजारा आईआईटी से लेकर गोल चौराहे तक देखा जा सकता है।

### हो चुकी है हत्या छेड़छाड़ आम

- नौबस्ता में अवैध स्टैंड के विवाद में संचालक हरिकरन सिंह की कनपटी में गोली मारकर हत्या की जा चुकी है। टेंपो चालक इतने बेखौफ हो चुके हैं कि वह थानों, चौकियों के बाहर ही अवैध स्टैंड संचालित कराकर दिन भर धमाचौकड़ी करते रहते हैं। इन स्टैंडों के पास छेड़छाड़ की घटनाएं होना आम बात हैं।

### 20 से 50 रुपये दिया जाता है टोकन

- सवारियां भरने के लिए वाहन चालकों को रोज 20 से 50 रुपये टोकन देने पड़ते हैं। इसके लिए चार पांच गुर्गे हर समय स्टैंड पर मौजूद रहते हैं। अलग-अलग रूट पर यह खेल चलता रहता है। कोई भी टोकन लगाने से इंकार करता है तो उसकी गाड़ी को सबसे पीछे लगा दिया जाता है। शराब पीने से लेकर नानवेज पार्टी भी स्टैंड पर धड़ल्ले से की जाती है, इसके बाद देर रात तक नशेबाजी भी होती है।

# उमस भरी गर्मी में वायरल फीवर, पेट के मरीज बढ़े

## नाक व गले में हो रही एलर्जी, फेफड़ों में उतर रहा संक्रमण

- **400** मरीज पहुंचे मेडिसिन की ओपीडी में
- **11** मरीज भर्ती किए गए हैलट इमरजेंसी में
- **35** डि.से. से ज्यादा पारे से होती दिक्कत
- **03** अस्पतालों में बेड रिजर्व किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


हैलट की ओपीडी में मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उमस भरी गर्मी की वजह से लोग वायरल की चपेट में आकर बीमार हो रहे हैं। नाक व गले में एलर्जी होने के साथ ही कुछ मरीजों के फेफड़ों में भी संक्रमण देखने को मिल रहा है। यह वायरल संक्रमण गुर्दा, लिवर, कैंसर, अस्थमा और सीओपीडी के रोगियों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसे में एहतियात जरूरी है।

हैलट अस्पताल में मेडिसिन विभाग की ओपीडी में गुरुवार को करीब 400 मरीज इलाज कराने को पहुंचे, जिनमे अधिकांश मरीज वायरल बुखार, खांसी, जुकाम, सीने व गले में दर्द, खराश, नाक व गले में एजर्ली और पेट संबंधित रोगों से ग्रस्त रहे। इनमें बच्चे, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग सभी वर्ग के मरीज शामिल हैं। मेडिसिन विभाग के प्रो. बीपी प्रियदर्शी के मुताबिक शरीर का सामान्य तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस होता है। अलग-अलग तापमान में पसीना शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। शरीर से पसीना निकलकर भाप बनते हुए अपने साथ गर्मी भी लेकर उड़ जाता है। ये प्रक्रिया रेगिस्तानों में बिलकुल ठीक ढंग से काम करती है। लेकिन उमस वाली जगहों पर ये प्रक्रिया मानव शरीर में ठीक ढंग से काम नहीं करती है। क्योंकि हवा में पहले से इतनी नमी होती है कि वह इस प्रक्रिया में पसीने को भाप के रूप में उढ़ा नहीं पाती। ऐसे में अगर उमस बढ़ती है और तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर होता है तो पसीने के भाप बनने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है और गर्मी झेलने की क्षमता पर असर पड़ता है। कुछ गंभीर मामलों में यह प्रक्रिया पूरी तरह रुक भी जाती है, ऐसे में व्यक्ति को एयर कंडीशन वाले कमरे में जाने की अधिक जरूरत होती है। क्योंकि शरीर का अंदरूनी तापमान गर्मी बर्दाश्त करने की सीमा के पार चला जाता है, जिसके बाद कुछ अंग भी काम करना बंद कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में हालत बिगड़ने लगती है और तत्काल उसे इलाज की जरूरत होती है। इमरजेंसी में ऐसे 11 मरीजों को भर्ती किया गया है। वहीं, डायरिया और गैस्ट्रोइंटाइटिस के रोगियों ने जांच भी कराई गई। ऐसे में पानी पर्याप्त मात्रा में पीना चाहिए।

# कांशीराम, उर्सला और केपीएम में तैयार हुए वार्ड

**मुस्तैदी**

- अस्पतालों में संक्रामक रोगियों की संख्या बढ़ने पर लिया गया फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उमस भरी गर्मी और जगह-जगह फैली गंदगी की वजह से संक्रामक रोगों का खतरा मंडराने लगा है। इसको देखते हुए उर्सला, केपीएम और कांशीराम संयुक्त अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधित तैयारी शुरू हो गई है। साथ ही डेंगू और संचारी रोगियों के लिए अलग वार्ड भी तैयार कर दिए गए हैं।

संचारी रोगों पर काबू पाने के उद्देश्य से एक जुलाई को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान की शुरूआत की थी। इसके तहत एक दर्जन विभाग मिलकर अभियान चला रहे हैं। लेकिन मानसून की बारिश के बाद अब संक्रामक रोगों का भी हमला तेज हो गया है। इस कारण उर्सला, केपीएम और कांशीराम संयुक्त अस्पताल में मरीजों की भीड़ होने लगी है। यह देखते हुए उर्सला अस्पताल में एक वार्ड को डेंगू और संचारी रोगियों के लिए रिजर्व कर दिया गया है। केपीएम अस्पताल में 10 बेड और कांशीराम संयुक्त अस्पताल में 25 बेड संक्रामक रोगों से ग्रस्त आने वाले मरीजों के लिए रिजर्व कर दिए गए हैं। उर्सला निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल के मुताबिक अस्पताल में दवाएं, इंजेक्शन आदि पर्याप्त मात्रा में है। केपीएम अस्पताल के सीएमएस डॉ.आरसी यादव के मुताबिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार की पूरी व्यवस्था है, मरीजों के लिए 10 बेड संरक्षित कर दिए गए है। कांशीराम संयुक्त अस्पताल के सीएमएस डॉ. स्वदेश गुप्ता का कहना है कि 25 बेड संरक्षित किए गए हैं।


अभी शहर की गलियों का यह हाल है। अमृत विचार

# शिव मंदिरों के आस-पास नहीं दिखेंगे छुट्टा जानवर

- सावन को लेकर परमट, जागेश्वर, सिद्धनाथ मंदिर में अलग से लगाए गये कर्मचारी
- रात में भी मंदिरों के आस-पास रहेंगी टीमें, पांच दस्ते बनाए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सावन में शहर के प्रमुख शिव मंदिरों के आस-पास छुट्टा जानवर नहीं दिखेंगे। नगर निगम ने परमट, जागेश्वर, सिद्धनाथ मंदिर में बेसहारा जानवरों को पकड़ने के लिये पांच टीमों का गठन किया है। इसमें से परमट में ही चार टीमें लगाई गई हैं। जो रविवार से सोमवार तक चार अलग-अलग समय अभियान चलाकर जानवरों को पकड़ेंगी। इसके साथ जागेश्वर, सिद्धनाथ मंदिर में अलग से टीम को लगाया गया है। खास बात यह कि टीमें रात में भी काम करेंगी।

कैटिल कैचिंग विभाग के प्रभारी अधिकारी डॉ. आरके निरंजन ने बताया कि परमट मंदिर के आस-पास बेसहारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिये चार टीमों को लगाया गया है। हर टीम में आठ लोग होंगे। पहली टीम दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक, दूसरी टीम रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक, तीसरी टीम सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक और चौथी टीम दोपहर 2 बजे से कार्य समाप्ति तक काम करेगी। यह टीमें रविवार को दोपहर दो बजे से काम शुरू करेंगी जो दूसरे दिन तक जारी रहेगा। नगर निगम ने प्रभारी और सुपरवाइजर के नाम और मोबाइल नंबर भी जारी कर दिये हैं। इसके साथ ही एक टीम की जागेश्वर मंदिर और सिद्धनाथ मंदिर में भी तैनात की गई है। टीमों का सफल संचालन के लिये और किसी भी समस्या का निस्तारण के लिये राजस्व निरीक्षण दिनेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा और अंसार अहमद की तैनाती की कई है।

### 21 जुलाई से 19 अगस्त तक टीम करेगी काम

- प्रभारी अधिकारी ने बताया कि टीमें बंदर, कुत्ता और गोंवश को पकड़ेंगी। ताकि, शिव मंदिरों में आने वाले दर्शनार्थियों को कोई समस्या न आये। उन्होंने बताया कि टीमें 21 जुलाई से काम करना शुरू करेंगी जो 19 अगस्त तक मंदिरों के आस-पास ही तैनात रहेंगी। 4 कैटिल कैचिंग टीमों में कुल 32 कर्मचारियों को लगाया गया है। इसके साथ ही 4 कैटिल कैचिंग वाहनों को भी लगाया गया है जो बेसहारा पशुओं को पकड़ेंगी।

> सावन को देखते हुये टीमों की तैनाती की गई है। अगर कहीं किसी मंदिर में समस्या है तो वह भी संपर्क कर सकते हैं। वहां तत्काल टीम भेजी जायेगी।
>
> – डॉ. आरके निरंजन, उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी

# सोना लेकर फरार कारीगर की लोकेशन मुंबई मिली

- चौक सर्राफा के कारोबारी डीसीपी से मिलेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चौक सर्राफा के चार सर्राफों का 12 लाख का सोना और तीन किलो चांदी लेकर फरार कारीगर की लोकेशन सूरत के बाद मुंबई में मिली है। पुलिस टीम लगातार सर्विलांस की मदद से उसे ट्रेस करने में लगी है।

उत्तरप्रदेश ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री पुष्पेंद्र जायसवाल ने पुलिस को बताया था कि धोबी मोहाल चौक सर्राफा इलाके के सर्राफ गौरव वर्मा, अमन वर्मा, संतोष सिंह, राजीव वर्मा और आदित्य वर्मा का सोना-चांदी गोरखपुर के गजपुर गगहा निवासी कारीगर कृष्ण वर्मा उर्फ अरुण कुमार लेकर भाग गया था। एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने उसे पकड़ने के लिए टीमें लगाई हैं। पिछले बुधवार को एसोसिएशन के पदाधिकारी कारोबारियों ने कोतवाली में कोतवाली एसीपी आशुतोष कुमार और इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला से मुलाकात कर अपनी घटना को लेकर अपडेट ली थी। जिस पर एसीपी ने बताया कि अब उसकी लोकेशन सूरत की दिख रही है। गुरुवार को उसकी लोकेशन मुंबई में दिख रही है। उसके फोन में लगातार घंटी जा रही है, लेकिन वह फोन नहीं रिसीव कर रहा है। कारोबारियों का कहना है कि वह लोग कल डीसीपी सेंट्रल से मिलकर घटना के अनावरण के लिए मांग करेंगे।

# सिलाई सीखने गई किशोरी लापता जेवरात गायब

**कानपुर।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में सिलाई सीखने गई 14 वर्षीय किशोरी जेवरात व नकदी लेकर लापता हो गई। किशोरी की मां ने क्षेत्र के ही एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

अजीतगंज निवासी महिला ने बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी घर के पास स्थित एक महिला के घर सिलाई सीखने जाती थी। 14 जुलाई को वह रात 8 बजे तक वापस नहीं लौटी। जानकारी करने पर पता चला कि बेटी सिलाई सीखने गई ही नहीं थी। घर में जांच की, जिस पर अलमारी में रखे 50 हजार नकद व एक लाख के जेवरात गायब मिले। पीड़िता ने क्षेत्र में रहने वाले मो. कैफ पर बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# पटकापुर में 25 को मदरसा के मेधावी छात्रों का होगा सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


इज्लास के सम्बन्ध में जानकारी देते मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी, मुफ्ती अब्दुर्रशीद, मौलाना अहर मुनीर मजाहिरी और मौलाना अब्दुल कादिर कासमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राब्ता मदारिस इस्लामिया दारूल उलूम देवबन्द मशरिकी यूपी जोन-1 का इज्लासा 25 जुलाई को सुबह 8 बजे से कार्यालय मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर कानपुर में होगा। इस कार्यक्रम में मदरसा के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

गुरुवार को जोन के अध्यक्ष मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी, महासचिव मुफ्ती अब्दुर्रशीद कासमी ने संयुक्त रूप से तैयारियों की बैठक के बाद इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इज्लास में मदरसों के सम्बन्ध में विभिन्न विषयों पर विमर्श के बाद निर्णय लिया जायेगा।

इस अवसर पर गत वर्ष संयुक्त परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों से सफलता प्राप्त करने वाले अरबी एवं हिफ्ज के 23 छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। मुख्य अतिथि के रूप में दारूल उलूम देवबन्द के उस्ताद मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुजम्मिल बदायूंनी शिरकत फरमायेंगे। बैठक में राब्ता के सहयोगी सचिव मौलाना अजहर मुनीर मजाहिरी और मौलाना अब्दुल कादिर कासमी ने बताया कि राब्ता मदारिस मशरिकी यूपी-1 से जुड़े मदरसों के जिम्मेदारों को इज्लास के सम्बन्ध में सूचना दी जा चुकी है।

**जनहित में काम** | जनता दर्शन में आई शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया

# जिलाधिकारी ने चार अफसर दौड़ाए, तुरंत सुलझीं समस्याएं

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 10 से एक बजे तक जनता दर्शन में लोगों की शिकायतें सुनते हैं। समस्या निस्तारण में हीलाहवाली देख जिलाधिकारी ने अब सख्त रूख अपनाया है। अब आने वाले शिकायतों को आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराते हुए तत्काल निस्तारण कराया जा रहा है। गुरुवार का जिलाधिकारी ने ऐसे ही चार मामलों में चटपट एक्शन लिया। चार अधिकारी मौके पर दौड़ाए और समस्या का निस्तारण कराया।


विन्यास पब्लिक स्कूल पहुंचे एडीएम न्यायिक सूरज यादव।

**केस 01** रिकॉर्ड रूम में रिकॉर्ड निकालने में काफी समस्या और समय लगने की शिकायत का जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति रिंकी जायसवाल को निर्देश दिया कि रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण कर वहां टोकन व्यवस्था लागू कराई जाए। जिसके तहत सभी अभिलेखागारों में प्रतिदिन प्राप्त हो रहे आवेदनों को मुआयना रजिस्टर में क्रम से दर्ज किया जाएगा और प्राप्त आवेदनों के क्रम में ही आवेदक को टोकन जारी किया जाएगा। आवेदक अपने टोकन के क्रम में अभिलेखों का मुआयना कर सकेंगे। एक टोकन पर अधिकतम मुआयना अवधि एक घंटा ही होगी। टोकन व्यवस्था लागू होने से आसानी से मुआयना हो सकेगा।

**केस 02** छात्र विधि द्विवेदी, रितिक, मानसी, शिवा व युग द्विवेदी के अभिभावक जनता दर्शन में पहुंचे। उन्होंने बताया कि तात्यागंज जीटी रोड स्थित विन्यास पब्लिक स्कूल में आरटीई के तहत उनके बच्चों का चयन होने के बाद भी स्कूल प्रशासन बच्चों का दाखिला नहीं दे रहा। इस संबंध में अब तक कई बार पत्र दे चुके हैं। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल अपर जिलाधिकारी न्यायिक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विन्यास पब्लिक स्कूल जांच के लिए भेजा। विद्यालय पहुंचकर अधिकारियों ने उक्त छात्रों के संबंध में विद्यालय प्रबंधन से आरटीई के मानकों पर चर्चा की। जिसमें सभी बच्चों को मानक के अनुरूप पाया। जिला प्रशासन के हस्तक्षेप पर स्कूल प्रशासन ने सभी बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिया। जिलाधिकारी ने सभी स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि जिन स्कूलों में आरटीई के तहत एडमिशन नहीं लिया गया, उन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**केस 03** तुसौरा ग्राम पंचायत के पूर्व ग्राम प्रधान नीरज ने जिलाधिकारी से मिलकर बताया कि छतमरा-पाली (डिफेंस कॉरिडोर) को जोड़ने वाला हलवाखांडा रजवाहा पर गौरिया में पड़ने वाली सिंचाई विभाग की पुलिया ध्वस्त हो चुकी है। जिसके कारण आए दिन हादसे होते है। पालीधाम में आने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता निचली गंगा नहर को मौके पर भेजा। अधिशासी अभियंता ने टीम के साथ पहुंचकर रजवाहा हलवाखांडा से 19 .660 किमी दूर पुलिया का निरीक्षण किया और पाया कि पुलिया का पैरापेट वॉल क्षतिग्रस्त है। पुलिया की चौड़ाई कम होने के कारण हादसे होते हैं। हादसों से बचाव के लिए निर्माण से जुड़े सहायक अभियंता व जूनियर इंजीनियर को निर्देशित किया गया है। पुलिया पर शुक्रवार से काम शुरू हो जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया है कि पुलिया के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर व वार्निंग बोर्ड लगाए जाए। हादसों को देखते हुए स्थायी समाधान के लिए पुलिया चौड़ीकरण के लिए एस्टीमेट तैयार कराया जा रहा है। इस काम के लिए क्रिटिकल गैप मद से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

**केस 04** पनकी पड़ाव निवासी मनीष बाजपेई ने शिकायत दर्ज कराई कि दक्षिणांचल की 33 केवीए लाइन को जिसे केडीए ने शिफ्ट कराया था, अब फिर उसी स्थान पर चालू कराने का विवाद शुरु है। शिकायत पर जिलाधिकारी ने दक्षिणांचल अधिशासी अभियंता को मौके पर भेजा। शिकायतकर्ता से बातचीत कर आपसी समझौते के आधार पर 33 केवीए लाइन को चालू कराया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अभिलाषा कुमारी पुत्री संजय कुमार, निवासिनी-1/6, आवासीय परिसर सी0आर0आई0 एस0एच0 रायबरेली रोड, तेलीबाग, लखनऊ।** मेरा सही नाम अभिलाषा कुमारी है। जबकि मेरे हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट अंकपत्र व प्रमाण पत्र में कुमारी अभिलाषा लिखा है। मुझे कुमारी अभिलाषा के स्थन पर अभिलाषा कुमारी ही समझा, पढ़ा व जाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र प्रवीन कुमार को उसकी आवारागर्दी एवं गलत चाल-चलन के कारण अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत कार्य, लेन देन से मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **—सत्यराम सिंह पुत्र सूबेदार, निवासी— ग्राम नगला सदारी, मौजा करमुल्लापुर, परगना व तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **लाल पुत्र शिवदीन, निवासी— ग्राम—हरीरामपुरवा खण्ड चन्द्रपुरा थाना बिल्हौर तहसील बिल्हौर कानपुर नगर।** मेरा पुत्र बालकिशन पुत्र दरगाही लाल व मेरी बहू बिटोल पत्नी बालकिशन का चालो-चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। अपने पुत्र के कार्य व्यवहार से आजिज आकर अपने व अपने परिवार के सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है उनका मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता सारोकार नही होगा। तथा मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यदि पुत्र द्वारा कही भी कोई लेन देन व उचित अनुचित कृत्य व्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी नंबर– 229 289 131 का पॉलिसी बांड वास्तव में खो गया है। खोजबीन के बावजूद मिला नहीं है। मैं **राजकुमार यादव पुत्र लाला यादव, निवासी—वार्ड नंबर—1, डोमाही, कृष्णानगर लालगंज, रायबरेली।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **बृजेश कुमार तिवारी पुत्र करूना शंकर तिवारी, नि. ग्राम—पूरे कलंदर मजरे हरिहरपुर पो. मानापुर, तह. गौरीगंज, जनपद—अमेठी** का निवासी हूं मैं भारतीय थल सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत हूं मेरी पत्नी का सर्विस के समस्त अभिलेखों में त्रुटिवश नाम RINA व जन्म तिथि 01.07.1982 हो गया है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम REENA TIWARI व जन्म तिथि 12.04.1984 जो सही है।

**सूचना**

श्री शिवम शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा निवासी ग्राम पलोंखरा तहसील करहल जनपद मैनपुरी मैनपुरी के द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 11.07.2024 को मोटर साइकिल संख्या – UP-84 AP-0227 चेसिस सं0 MBLHAW283 P4E05393 इंजन संख्या HF11ECP4E39852 का अपने पक्ष में रिलीज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। यदि उक्त के सम्बन्ध में किती व्यक्ति/वाहन स्वामी को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 23.07.2024 से पूर्व दाखिल/प्रस्तुत कर सकता है। **(दीपशिखा सिंह) उप जिला मजिस्ट्रेट, सैफई।**

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 40.8° अधिकतम तापमान | 29.4° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 27 | सूर्यास्त 07 : 02 |

## एक नजर

### पुलिस को देख जुआरियों के गंगा में कूदने की अफवाह

**कानपुर।** गुरुवार को जाजमऊ थानाक्षेत्र में पुलिस को देख जुआरियों के गंगा में कूदने की अफवाह से हड़कंप मचा रहा। वहीं पुलिस ने इस प्रकार की किसी भी घटना से इंकार किया। गुरुवार दोपहर से अफवाह चल रही थी कि पुलिस की छापेमारी के दौरान कुछ जुआरी गंगा में कूद गए। सोशल मीडिया में भी मैसेज चलाए जाने लगे। लेकिन इस अफवाह की पुष्टि करने वाला कोई नहीं था। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि इस प्रकार की घटना नहीं हुई है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में पावर हाउस के पास निवासी 22 वर्षीय राजकिशोर पेंटिंग का काम करता था। परिजनों ने बताया कि बुधवार देर शाम को भाटिया तिराहे के पास इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप के सामने बस ने बाइक से जा रहे राजकिशोर को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन ने पुलिस से बस चालक का पता लगाने के लिए तहरीर दी है।

### बर्रा में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र के हरदेव नगर निवासी 32 वर्षीय अंकित साहू ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी पत्नी सपना और बेटी गौरी और अविरा है। मां सुशीला के अनुसार बुधवार को वह शराब के नशे में धुत होकर आया और चिल्लाते हुए परिवार को घर से बाहर भगा दिया। इसके बाद उसने कमरे में अपने को बंद कर लिया और जान दे दी।

### दवा के धोखे में पी लिया फिनायल, मौत

**कानपुर।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र के खलासी लाइन निवासिनी 55 वर्षीय रन्नो देवी दवा की जगह वह गलती से फिनायल पी गईं। उनकी मौत हो गई। बेटे वीरेंद्र और दीपक ने बताया कि मां का न्यूरो का इलाज चल रहा था। बुधवार को दवा की जगह वह गलती से फिनायल पी गईं। परिजन उन्हें लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे। मोहर्रम में काटी गई बिजली के कारण हैलट में तबियत बिगड़ने से उनकी जान चली गई।

# अमेरिका से आए 11 वीं के छात्र विराज ने बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका में पढ़ाई कर रहे 11वीं के छात्र विराज सिंह ने गुरुवार को अपने 'किट फॉर किड्स इंडिया' अभियान से शहर में जरूरतमंद बच्चों को जोड़ते हुए उन्हें शिक्षा का महत्व समझाया। ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में हुए इस आयोजन के दौरान स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश प्रेम की अटूट झलक दिखाई। झांसी की रानी के संघर्ष पर आधारित नृत्य ने जमकर तालियां बटोरीं।

'किट फॉर किड्स इंडिया' समारोह में मुख्य अतिथि सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि यह सभी के लिए गर्व की बात है कि विदेश में पले-बढ़े विराज वहां रहते हुए भी अपने देश के बारे में सोच रहे हैं। उनका यह अभियान देश के उन युवाओं के लिए बड़ी सीख है, जो विदेशी सभ्यता की ओर तेजी से खिंचे चले जा रहे हैं। पूर्व पुलिस महानिदेशक अभिसूचना भावेश कुमार सिंह ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक छात्र विदेश में रहकर भी देश की माटी से जुड़ा हुआ है। इसी तरह हर छात्र का सामाजिक दायित्व है। छात्रों को चाहिए कि जब वह पढ़-लिखकर बेहतर मुकाम पर पहुंचे तो समाज के प्रति अपने दायित्व को सकारात्मक रूप से पूरा करें। कार्यक्रम में छात्र विराज के पिता रंजय सिंह, शिक्षाविद् डॉ. अंगद सिंह, स्कूल के प्रधानाचार्य राम मिलन सिंह, भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय मौजूद रहे।



पूर्व पुलिस महानिदेशक (अभिसूचना) भावेश कुमार सिंह का स्वागत करते अकबरपुर के सांसद देवेंद्र सिंह भोले, डॉ. अंगद सिह साथ में मौजूद अमेरिका से आया छात्र विराज सिंह। अमृत विचार

- **भारतीय मूल के छात्र ने 'किट फॉर किड्स इंडिया' अभियान से स्कूली बच्चों को जोड़ा**
- **ओंकारेश्वर सरस्वती इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बही देशभक्ति की बयार**

### ऐसे शुरू की समाज सेवा

विराज सिंह ने बताया कि 'किट फॉर किड्स इंडिया' का विचार इस बात से आया कि कई बच्चों को स्कूल की बुनियादी सामग्री ही उपलब्ध नहीं हो पाती है। ऐसे जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए उन्होंने अपने एक मित्र के साथ यह अभियान चलाया है। आज यह परियोजना 'युवा मेधा' को सशक्त बनाने के आंदोलन में बदल गई है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए सामुदायिक दान, सोशल मीडिया अभियान और स्थानीय व्यवसाइयों के साथ साझेदारी के माध्यम से स्कूली सामग्री खरीदने के लिए धन जुटाया है।

# साइबर क्राइम आज की सबसे बड़ी चिंता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पूर्व पुलिस महानिदेशक अभिसूचना भावेश सिंह ने कहा यह बड़ी चुनौती**

**अमृत विचार।** सूचना और संचार प्रौद्योगिकी की क्रांति के साथ ही साइबर अपराध आज सबसे बड़ी चिंता का विषय बन गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल ने इससे निपटने की चुनौती को और अधिक जटिल बना दिया है। अपराधी जिस तरह सूचना प्रौद्योगिकी का गैर कानूनी इस्तेमाल कर रहे हैं या वित्तीय ठगी के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं, उसके चलते देश में साइबर अपराध संबंधी एफआईआर की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इस वातावरण ने इस संबंध में लोगों में जागरूकता के साथ जांच एजेंसियों के सामने अनुसंधान और विश्लेषण में पारंगत विधा की जरूरत पैदा कर दी है। यह बात गुरुवार को पूर्व पुलिस महानिदेशक अभिसूचना एवं पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त भावेश कुमार सिंह ने यहां अमृत विचार से बातचीत में कही।

पूर्व पुलिस महानिदेशक अभिसूचना ने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। हर जिले में साइबर थाने खुल रहे हैं, जिनसे ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाना संभव हुआ है। लेकिन भविष्य में ऐसे अपराध रोकने के लिए और अधिक विशेषज्ञ मैनपॉवर की जरूरत होगी। इसके लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन लोगों में साइबर समझ विकसित होना या उनका जागरूक होना भी बेहद जरूरी है। इसके साथ ही इस तरह के अपराधों पर नियंत्रण के लिए मानवीय सूचना तंत्र भी मजबूत करना होगा। तकनीक और मानवीय सूचना तंत्र दोनों को मिलाकर काम करना समय की जरूरत है। कानपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे श्री सिंह ने पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था की सफलता को लेकर किए गए सवाल के जवाब में कहा कि यह एकीकृत व्यवस्था है जो पूर्णतः सफल है। इस व्यवस्था में एक ही व्यक्ति पर जिम्मेदारी होती है। प्रदेश में इसे हाल ही में लागू किया गया है। इससे पहले देश के कई बड़े शहर इस व्यवस्था को अपना चुके हैं। इसमें एक ही व्यक्ति के जवाबदेह होने से कई तरह की प्रक्रिया आसान हो जाती हैं। जिस सिस्टम में हर व्यक्ति की बात सुनी जाएगी, जनसेवा के आधार पर काम होगा, वह व्यवस्था अपने आप बेहतर होती जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली इसी बात का उदाहरण है।

○ अगस्त के अंत में कोयले से बिजली का वाणिज्यिक उत्पादन होगा ○ कोयला झारखंड से लाया जाएगा

# पहला लोको इंजन पहुंचा पनकी पॉवर प्लांट, हार्न से 'शंखनाद'

एक्सक्लूसिव

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार।** आठ साल से बंद पनकी पॉवर प्लांट की चिमनियों से एक बार फिर धुंआ निकलते हुए शहरवासियों को दिखेगा। अगस्त के अंत में यहां कोयले से बिजली का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो जाएगा। प्लांट में कोयला झारखंड की खदानों से आएगा।

पनकी में 660 मेगावाट पॉवर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है, जिसमे कार्य लगभग पूरा हो चुका है। प्लांट में कोयला लाने के लिए 14 करोड़ रुपये से वाराणसी के डीएलडब्ल्यू से दो लोको इंजन खरीदे गए हैं, जिनमे से एक इंजन मंगलवार को पॉवर प्लांट आ गया है। पनकी पॉवर प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक गणेश कुमार मिश्रा ने लोको इंजन का स्वागत झंडी दिखाकर किया। इंजन के हॉर्न से प्लांट में शंखनाद हुआ और पूजा की गई। मुख्य महाप्रबंधक गणेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अगस्त के अंतिम सप्ताह में प्लांट में कोयले से बिजली का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो जाएगा। प्लांट में कोयला झारखंड की खदानों से आएगा। इसके लिए दो लोको इंजन खरीदे गए हैं। इन लोको इंजनों का काम झारखंड की खदानों से आने वाली कोयले की रेक को पनकी साइडिंग से पॉवर प्लांट तक लाना और खाली रेक को वापस साइडिंग तक ले जाना होगा। इसके लिए पॉवर प्लांट को बना रही बीएचईएल ने 22 किलोमीटर तक रेलवे पटरियां भी बिछाई हैं। प्लांट को चालू करने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।



पनकी पॉवर प्लांट।

### पनकी प्लांट में किए गए ट्रायल हुए सफल

- पनकी पॉवर प्लांट में लाइटअप का प्रोसेस सफल हो चुका है, जिसमें अधिकारियों ने स्टीम मशीन, सर्किट आदि मशीनों की चेकिंग की और चिमनी से धुआं बाहर निकाला। चिमनियों का धुआं बाहर निकालने के लिए और बॉयलर में दबाव मेनटेन करने के लिए आरडी फैन व कोयला गर्म करने में एफडी फैन का संचालन किया गया था, जो सफल रहा है। साथ ही प्लांट के कंप्रेशर व एयरफ्री हीटर का भी ट्रायल किया जा चुका है। ट्रायल होने पर चिमनी से करीब आठ साल बाद धुआं बाहर निकाला था।

**660** मेगावाट पॉवर प्लांट का निर्माण

**14** करोड़ से दो लोको इंजन खरीदे गए

**22** किलोमीटर तक पटरियां बिछाईं

**08** साल बाद धुआं बाहर निकला था

### ये है पनकी पॉवर प्लांट का इतिहास

पनकी पावर हाउस में प्रथम स्टेज का काम वर्ष 1967 में शुरू हुआ था। तब क्षमता 32 मेगावाट थी। वर्ष 1977 में यहां से 110 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हुआ। लेकिन मशीनें पुरानी होने की वजह से पनकी पॉवर प्लांट का संचालन वर्ष 2016 में बंद हो गया था। तीसरे स्टेज में वर्ष 2018 में इसे दोबारा चालू करने की कवायद शुरू हुई। तब वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पनकी पॉवर प्लांट में 660 मेगावाट की नई यूनिट की आधारशिला रखी थी। जनवरी 2022 में इसका निर्माण पूरा होना था। लेकिन कोरोना की वजह से काम बंद हो गया था। संक्रमण का प्रभाव कम होने पर अब काफी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# ससुरालियों ने पीटा तो युवक ट्रेन के आगे कूदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **बिठूर थानाक्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही मामले की जांच**

**अमृत विचार।** बिठूर थानाक्षेत्र में एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। आरोप है कि पत्नी से विवाद के बाद उसे सालों और अन्य लोगों ने पीटा था। इससे क्षुब्ध होकर वह रात में बिना बताए घर से निकला और ट्रेन के आगे कूद गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

परगही बांगर बिठूर निवासी 35 वर्षीय सोनू शुक्ला स्कूल की बस चलाता था। चाचा राजन ने बताया कि उसकी शादी बग्गा निवादा निवासी रोली के साथ हुई थी। चाचा का आरोप है कि शादी के बाद से पति-पत्नी में आए दिन विवाद होता था। बुधवार सुबह भी दोनों में कहासुनी हुई। आरोप लगाया कि इस पर उसकी पत्नी ने सोनू को पीटा। पुलिस ने दोनों लोगों को बैठाकर समझौता करा दिया। चाचा का आरोप है कि पुलिस के जाते ही सोनू की पत्नी ने अपने भाइयों को बुला लिया और उन लोगों ने सोनू को पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद वह धमकी देते हुए वहां से चले गए। घटना के बाद वह दहशत के कारण किसी से बात नहीं कर रहा था। सोनू घर से देर रात निकल गया। इसके बाद महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी के सामने रेलवे ट्रैक के आगे ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह स्टेशन मास्टर मंधना ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इस संबंध में बिठूर इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने सामने आया है कि विवाद होने के कारण आत्महत्या की।



सोनू शुक्ला।

### महाराजपुर में ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

कानपुर। महाराजपुर थानाक्षेत्र के फुफवार सुई थोक निवासी 40 वर्षीय रामकुमार ने पत्नी से कलह के बाद सरसौल स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। चचेरे भाई राजू के अनुसार रामकुमार वैन चलाता था। पत्नी बबिता और दो बच्चे सोना और चिंटू हैं। पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

# बिना मुहर वाले पत्रों पर रोक लगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **नगर आयुक्त ने हाथों में फाइलें लेकर घूम रहे ठेकेदारों और पार्षदों पर की सख्ती**
- **पत्रावलियों के अध्ययन में पाई गड़बड़ियां, विभागीय अधिकारियों के लिये भी आदेश जारी**

**अमृत विचार।** नगर निगम में हाथों में फाइलें लेकर घूम रहे ठेकेदारों और पार्षदों पर नगर आयुक्त मदन सिंह गर्ब्याल ने सख्ती कर दी है। अब डाक के जरिये ही पहुंचने वाली फाइलों पर नगर आयुक्त की कलम चलेगी। अभी तक पत्रों को विभागीय अधिकारी और विभागाध्यक्ष बिना मुहर लगाकर ही भेज रहे थे। इसके साथ ही कई पत्र बिना डाक में चढ़ाए ही नगर आयुक्त तक भेजे गये। कई ठेकेदार और पार्षद भी फाइल लेकर सीधे पहुंच गये। जिसपर नगर आयुक्त ने कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुये विभागीय कार्यों में बड़ा बदलाव किया है। नगर आयुक्त ने पांच प्वांइट को ध्यान में रखकर ही पत्रावलियों को चलाने के आदेश गुरुवार को जारी कर दिये।

नगर आयुक्त ने नगर निगम, जलकल समेत सभी विभागों को आदेश दिया कि कोई भी पत्रावली विभागीय डाक के माध्यम से रजिस्टर में चढ़ाने के बाद ही नंबर और दिनांक लिखने के बाद ही प्रेषित की जाये। पत्रावलियों में अधिकारियों के हस्ताक्षर के साथ ही सुस्पष्ट नाम एवं पद नाम की मुहर होनी जरूरी है। यदि पत्रावली बिना डाक या सीधे प्रस्तुत की जायेगी तो उस पत्रावली में जिस अधिकारी का नाम दर्ज होगा या जिसने भेजा होगा उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। अभियंत्रण विभाग की पत्रावलियों में कार्य का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये। पूर्व में कार्य कब कराया गया था और वर्तमान में कार्य का औचित्य क्यों है इसको बताना जरूरी होगा। इसके बिना फाइल आगे नहीं बढ़ाएं। ऐसे कामों के लिये आधिकारिक रूप से अलॉटेड बजट भी फाइलों में दर्ज करें।

### कई अधिकारी हो सकते हैं इधर से उधर

नगर निगम में कई पटल पर अधिकारी व कर्मचारी टिके हुये हैं। सूत्रा के अनुसार इन कर्मचारियों की सूची नगर आयुक्त तक पहुंच चुकी है। जल्द इनको इधर से उधर किया जा सकता है। नगर आयुक्त कार्यालय, जोनल कार्यालय में तैनात कई क्लर्क वर्षों से एक ही कुर्सी पर बैठे हुये हैं। इनको दूसरी जगह भेजा जा सकता है।

# कोरोना काल की फीस वापसी की 22 से जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निजी स्कूलों में कोरोना काल की फीस वापसी या समायोजन की जांच मुख्य कमेटी 22 जुलाई से शुरू करेगी। जिले में पिछले एक माह से निजी स्कूलों में 10 कमेटियां इस संबंध में जांच पड़ताल कर रही थीं।

इन कमेटियों ने स्कूलों में जाकर अभिलेख एकत्र किए हैं। अब मुख्य कमेटी इन 10 कमेटियों की ओर से प्रस्तुत किए गए अभिलेखों की जांच करेगी।

जिले में कोरोना काल की फीस वापसी या उसके समायोजन से संबंधित सूचना 58 निजी स्कूल शिक्षा विभाग को पहले ही उपलब्ध करा चुके हैं। 88 स्कूलों में पहुंची कमेटियों ने इस संबंध में अभिलेखों को खंगाला है। अभी 7 स्कूल बचे हैं, जहां जांच टीम को जाना है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अब मुख्य जांच कमेटी सभी निजी स्कूलों के अभिलेखों और जांच कमेटियों की रिपोर्ट को परखेगी। इस पड़ताल में उन स्कूलों के अभिलेखों को भी शामिल किया जाएगा, जिन्होंने पहले ही शिक्षा विभाग को अपने यहां की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि टीमों से रिपोर्ट मांगी जा रही है। सभी टीमों की रिपोर्ट उपलब्ध हाने के बाद मुख्य कमेटी अपनी जांच शुरू करेगी।

दबंगई | सर्वे करने पहुंची श्रम विभाग की टीम, निवासी बोले–भइया को देते हैं किराया

# सरकारी जमीन किराये पर उठाई, हर घर से 5 हजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **शास्त्री नगर श्रम विभाग की जमीन पर कब्जा कर किराया वसूलने का मामला**
- **एक-एक घर का लिया ब्योरा, 4-5 हजार प्रतिमाह वसूली की बात आई सामने**

**अमृत विचार।** शास्त्री नगर श्रमिक बस्ती के गोदाम की जमीन पर कब्जे और घरों से वसूली की शिकायत के बाद गुरुवार को श्रम विभाग के अधिकारी सर्वे करने पहुंचे। लेबर इंस्पेक्टर ओपी यादव के नेतृत्व में टीम ने एक-एक घर से पूछताछ की। पता चला कि अवैध रूप से बने छोटे-छोटे घरों से 4-5 हजार रुपये प्रतिमाह वसूली हो रही है। निवासियों ने किराया वसूलने वालों का नाम भी बताया। टीम ने 20 परिवारों के नाम पते लिखे हैं। अधिकारियों के अनुसार लगभग 90 लोग सरकारी जमीन पर रह रहे हैं।

पूर्व पार्षद व भाजपा सिविल लाइंस मंडल प्रभारी राघवेंद्र मिश्रा और वर्तमान मंडल अध्यक्ष वात्सेय त्रिपाठी ने अपनी ही पार्टी के नेता पर श्रम विभाग की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया है। खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों के साथ भाजपा नेताओं में हड़कंप मचा है। अपर श्रम आयुक्त पीके सिंह ने संज्ञान लेते हुये लेबर इंस्पेक्टर को कार्रवाई के लिये कहा है। गुरुवार को लेबर इंस्पेक्टर ओपी यादव श्रमिक बस्ती शास्त्री नगर के गोदाम की जमीन पर जांच करने पहुंचे। ओपी यादव ने कमरों में रह रहे लोंगों से पूछा कि वह कब से रह रहे हैं। कितना किराया और किसको देते हैं। इसकी वीडियोग्राफी भी हुई।

एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक महिला किरायेदार कह रही है कि वह 4 हजार रुपये सर्वेश भइया को हर महीना देती है। ओपी यादव ने बताया कि करीब 20 परिवार सरकारी जमीन पर रह रहे हैं।

जिनकी कुल संख्या लगभग 90 होगी। ओपी यादव ने बताया कि सर्वे में जो तथ्य सामने आये हैं उसकी रिपोर्ट बनाकर बड़े अधिकारियों को दी जा रही है। जैसा निर्देश होगा आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### पहले ही हो चुकी है जांच

- सहायक श्रमायुक्त यशवंत कुमार ने यहां जांच में गृह संख्या 413/5 और 415/5 में अतिक्रमण पाया है। इसके साथ की सरकारी जमीन पर अवैध बाउंड्रीवाल भी बनी पायी। जिसके बाद सहायक श्रमायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर अपर श्रमायुक्त पीके सिंह ने अवैध निर्माणों को हटाने के निर्देश दिये हैं।



श्रमिक बस्ती शास्त्री नगर के सरकरी गोदाम की जमीन पर रहने वालों का ब्योरा एकत्र करती श्रम विभाग की टीम। अमृत विचार



## एक नजर

### 10 शिक्षकों ने संकुल पद से दिया इस्तीफा

**कानपुर।** ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुए गुरुवार को दस संकुल शिक्षक पद से शिक्षकों ने इस्तीफा दिया। सोमवार के विरोध के बाद अब तक इन शिक्षकों को मिलाकर 332 शिक्षक संकुल इस्तीफा दे चुके हैं। उधर शिक्षक संगठनों ने बताया कि जब तक उनकी सभी मांगों को पूरा नहीं कर दिया जाता तब तक वे अपना विरोध जताते रहेंगे। गुरुवार को भी शिक्षक संगठनों की बैठकों में आगामी विरोध की रणनीति पर चर्चा हुई।

### 1.20 लाख लेकर युवती लापता, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में 20 वर्षीय युवती को पड़ोसी युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। घर से 1.20 लाख के नकदी व जेवरात भी गायब मिले। युवती के पिता ने पड़ोसी समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी पुताई कारीगर ने बताया कि बुधवार को पत्नी व बहू काम पर गई थी। देर शाम लौटी तो 20 साल की बेटी घर में नहीं मिली। 1 लाख के जेवरात व 20 हजार नकद भी गायब मिले। पड़ोसी आदित्य, सुमित, रामजीवन, भोला व शानू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### सेन पश्चिमपारा में युवक ने की आत्महत्या

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के करमपुर में 20 वर्षीय आकाश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चाची वंदना ने पुलिस को बताया कि वह उनके पास रहता था। बताया कि 17 तारीख को रात में 9 बजे पंखे में चादर डालकर फांसी लगाकर लटक गया। पुलिस ने मामले की जांच की।

### सिलाई का कोर्स कर रही युवती ने चुनी मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के केडीए कालोनी दहेली सुजानपुर निवासिनी 22 वर्षीय नम्रता यादव ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। बड़े भाई सुमित ने बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद सिलाई का कोर्स कर रही थी। इतना बड़ा कदम क्यों उठा लिया नहीं पता। बेटी की मौत के बाद मां सीतारानी अचेत हो गई।

### घर के पास मिला युवक का शव

**कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र में पुराना कानपुर निवासी 35 वर्षीय सुनील कुमार बुधवार दोपहर घर से निकला था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि इसके बाद वह घर नहीं लौटा। भाई अनिल के अनुसार गुरुवार को पुलिस ने सूचना दिया कि घर के पास नाली किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जिस परवह लोग मौके पर पहुंचे और शिनाख्त की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की।

# बिल बकाया तो आज से कटेगा कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को में बड़ी संख्या में स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का 15 हजार रुपये या इससे अधिक बकाया है ऐसे उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया तो शुक्रवार से कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

केस्को के शहर में 7 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं। इनमें 1 लाख 50 हजार उपभोक्ता स्मार्ट मीटर धारक हैं। इनमें 5400 स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन पर 15 हजार रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है। करीब 3000 हजार उपभोक्ताओं पर 10 हजार से 15 हजार रुपये बिजली बिल बाकी है। केस्को द्वारा लगातार मैसेज भेजने और चेतावनी देने के बाद भी यह उपभोक्ता बकाया बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। अब ऐसे बकाएदारों के खिलाफ केस्को ने कनेक्शन काटने की कार्रवाई करने की तैयारी की है।

- केस्को बकाएदार स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटेगा

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक केस्को ने स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं का ऑटो डिसक्नेक्शन शुरू करने का फैसला लिया है, जिन उपभोक्ताओं पर 15 हजार से अधिक रुपये बकाया है, उन बकाएदारों का बिजली कनेक्शन शुक्रवार से काटना शुरू कर दिया जाएगा। ऐसे में बकाएदार उपभोक्ताओं से अपील है कि तत्काल बिजली खाते को रिचार्ज कराकर विद्युत विच्छेदन से बच सकते हैं। उपभोक्ता अपने समीप के केस्को कैश काउंटर में भी बकाया बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा बैठे केस्को की आधिकारिक वेबसाइट www.kesco.co.in यूपीपीसीएल वेबसाइट uppclonline.co पर गूगल-पे, फोन-पे, पेटीएम अथवा भीम एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।

**1.50** लाख कुल शहर में केस्को के स्मार्ट मीटर धारक

**5400** उपभोक्ताओं पर 15 हजार से अधिक बिल बकाया

**3000** लोगों पर 10 से 15 हजार का बिजली बिल बाकी

# व्यापारियों ने गिनाईं बिजली की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उद्योग व्यापार मंडल ने ज्ञापन देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की
- केस्को मुख्यालय में प्रबंध निदेशक से मिले, दिया गया आश्वासन

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील बजाज गुरुवार को पदाधिकारियों के साथ मिलकर केस्को मुख्यालय पहुंचे और यहां पर प्रबंध निदेशक (एमडी) सैमुअल पॉल एन को ज्ञापन दिया। अध्यक्ष सुनील बजाज ने आम उपभोक्ताओं व व्यापारियों को हो रही बिजली संबंधित समस्याओं से अवगत कराकर उनके निस्तारण की मांग की।

महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने बताया कि मीटर रीडर द्वारा मीटर की रीडिंग नहीं ली जा रही हैं। व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पूर्व में लिए गए लोड की जांच कर लोड काम किया जाए।

प्रीपेड मीटर में उपभोक्ताओं को जानकारी नहीं होती कि कितनी यूनिट बिजली का उपयोग हुआ। नया बिजली कनेक्शन लेने के लिए संबंधित व्यक्ति को सबस्टेशन से लेकर केस्को मुख्यालय तक चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

शहर के कई क्षेत्रों में बिजली के खंभे टूटे है और तार बिजली के खंभे से काफी नीचे तक लटके हुए है। स्मार्ट मीटर में कई समस्या आ रही है। पांच किलोवाट के मीटरों की रीडिंग नहीं ली जा रही है। मनमानी तौर पर बिलिंग की जा रही है। खुले में रखे ट्रांसफार्मरों से हादसों का खतरा रहता है।

इस पर केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने बताया कि कुछ समस्याएं प्रदेश स्तर की है, जिनकी मॉनिटरिंग की जा रही है, जो भी समस्या आ रही हैं, उनका निस्तारण किया जाएगा। वहीं, व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने प्रतिमाह बैठक की मांग की, जिसपर उन्होंने कहा कि बैठक की जाएगी। इस दौरान मणिकांत जैन, राकेश सिंह, रामेश्वर गुप्ता, नीरज दीक्षित, चंद्रप्रकाश, देवी प्रसाद खन्ना, सुशील गुप्ता, विनय अरोड़ा, सरताज अहमद, सत्य प्रकाश जायसवाल, अमित दोसर, राहुल दीक्षित, पवन दुबे, संजय त्रिवेदी, सुरेश गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, प्रताप महेश्वरी, मनोज गुप्ता, राकेश पांडे, विराट, दिनेश, हरिओम अग्रहरि, राजेश जायसवाल, ईश्वर वर्मा समेत आदि व्यापारी मौजूद रहे।



केस्को एमडी को ज्ञापन देते उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

# पीडब्ल्यूडी 87 करोड़ से बनाएगा 345 सड़कें

## पीडब्ल्यूडी की प्रांतीय खंड इकाई ने शहर की पांच विधानसभा क्षेत्रों की खस्ताहाल सड़कों की सूची बनाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बारिश के बाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों की 345 सड़कों की जर्जर हालत सुधारने के लिए पीडब्ल्यूडी की प्रांतीय खंड इकाई ने 87 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया है। यह प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना में शामिल करने के लिए शासन को भेजा है। स्वीकृति मिलने पर संबंधित मार्गों की मरम्मत या नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा।

शहर व ग्रामीण क्षेत्र में बारिश के कारण खस्ताहाल हुई तमाम सड़कों पर वाहन सवारों और राहगीरों का आवागमन दुश्वार हो गया है। सड़कों पर जगह-जगह हुए बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं।

जर्जर सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए शासन ने पीडब्लयूडी से प्रस्ताव मांगा था। ऐसे में सर्वे कार्य के बाद पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की इकाई ने गुरुवार को 5 विधानसभा क्षेत्रों में 345 जर्जर मार्गों का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेजा है।





गड्ढे वाली सड़क पर बड़ी-बड़ी ईंटें भर दीं। इस सड़क पर अगर कोई राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर जाए तो घायल होना तय है। शहर के माननीय और साहब लोगों को आम जनता के कष्ट और दर्द की परवाह नहीं है। यह सड़क कानपुर सेंट्रल स्टेशन के बाहर की है जहां से प्रतिदिन 24 घंटे हजारों मुसाफिर और राहगीर गुजरते हैं। दूसरी फोटो पनकी औद्योगिक क्षेत्र की है जहां बाहर के उद्यमियों का भी दिन भर आना-जाना लगा रहता है। -मनोज तिवारी

**345** कुल खस्ताहाल सड़कों की संख्या | **606** किमी में मरम्मत या नवीनीकरण | **130** सर्वाधिक मार्ग बिल्हौर में बदहाल | **95** सड़कों पर बिठूर में चलना दुश्वार

### कहां कितनी सड़कें बदहाल

- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के महाराजपुर विधान सभा क्षेत्र की 82.790 किलोमीटर लंबी 32 सड़कें 54 किलोमीटर लंबाई में क्षतिग्रस्त हैं।
- बिठूर विधानसभा क्षेत्र में 183.925 किलोमीटर लंबे 95 मार्गों में 151.625 लंबा मार्ग जर्जर है।
- घाटमपुर विधानसभा में 235.190 लंबी 87 सड़कों में 160.70 किमी सड़कें खस्ताहाल हालत में है।
- बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 130 सड़कें जर्जर हैं, इनकी कुल लंबाई 173.701 किमी है, जिसमें 144.891 किमी लंबा हिस्सा खराब है।
- गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र में 2.250 लंबी एकमात्र सड़क का 94 मीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त है।

> सर्वे में प्रांतीय खंड में 606.111 किलोमीटर लंबे सड़कों के हिस्से क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। क्षतिग्रस्त मार्गों के नवीनीकरण और मरम्मत के लिए 87 करोड़ का एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय को भेजा गया है। बजट आवंटन के बाद जर्जर सड़कों का निर्माण या मरम्मत का कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> -राकेश कुमार यादव, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी

# इलाज के दौरान गर्भवती की मौत, चार घंटे हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने शव रख किया हंगामा, डॉक्टर व कर्मचारी भागे

**अमृत विचार।** किदवई नगर थानाक्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में गुरुवार को इलाज के दौरान गर्भवती की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर शव अस्पताल में रख दिया। हंगामे के दौरान डॉक्टर व कर्मचारी फरार हो गए। आक्रोशित परिजन डॉक्टरों को मौके पर बुलाने की मांग कर हंगामा करते रहे। किदवई नगर समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची।



रिचा।

बजरिया निवासी एकाउंटेंट अभिषेक निगम ने बताया कि पत्नी रिचा (33) करीब ढाई माह से गर्भवती थीं, जिनका इलाज मरियमपुर अस्पताल की डॉक्टर विमलेश शर्मा कर रहीं थीं। करीब एक सप्ताह पूर्व पत्नी की तबियत बिगड़ने पर उन्होंने डॉक्टर विमलेश से जांच कराई थी। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे अचानक पत्नी की तबियत बिगड़ गई, जिस पर वह मरियमपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। आरोप है कि डॉ विमलेश शर्मा ने बिना जांच किए गर्भपात होने की जानकारी देकर ऑपरेशन कराने को कहा। डॉक्टर ने अपने साकेत नगर स्थित गोपाल कृष्ण सर्जिकल एवं मेटरनिटी क्लीनिक में भर्ती किया। डॉक्टर कमलेश शर्मा ने 25 हजार खर्च बताया। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद डॉक्टर ने उन्हें पत्नी से मिलने नहीं दिया। दोपहर करीब 4 बजे हालत गंभीर होने के बात कहते हुए अस्पताल प्रबंधन ने हैलट रेफर कर दिया। रिचा के भाई लवकुश ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन ने एंबुलेंस के लिए 5 हजार रुपये जमा कराए। हैलट ले जाने के लिए वह अस्पताल से बाहर निकले तो एंबुलेंस चालक ने बहन की मौत की जानकारी दी। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही व रुपये एंठने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। करीब 4 घंटे तक हंगामे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

# डॉक्टर ने लावारिस मरीज का अपने खर्च पर किया कूल्हा प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कहते हैं, जिसका कोई नहीं होता उसका ऊपर वाला होता है, वह किसी न किसी माध्यम से मदद जरूर करता है। ऐसा ही एक वाक्या उर्सला में हुआ। यहां दूसरे डॉक्टर के अधीन भर्ती लावारिस मरीज का डॉ. आशीष मिश्रा ने न सिर्फ इलाज किया, बल्कि अपने पास से धन देकर कूल्हा प्रत्यारोपण किया। 45 वार्षिय राजेश सैनी का हादसे का शिकार होने पर कूल्हा क्षतिग्रस्त हो गया था। 11 जुलाई को उसे लावरिस में उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राजेश को डॉ.आरएन यादव के अधीन एनबी-वन वार्ड के 17 नंबर बेड पर भर्ती किया गया। बुधवार को वार्ड में राउंड लेने वरिष्ठ आर्थो सर्जन डॉ.आशीष मिश्रा पहुंचे तो उन्होंने राजेश की समस्या जानी। उसने चलने-फिरने में असमर्थता व तेज दर्द बताया। जांच करने पर कूल्हे में समस्या मिली। इस पर डॉ.आशीष ने कूल्हा प्रत्यारोपण कराने को कहा। लेकिन पता चला कि राजेश सैनी लावारिस जीवन व्यतीत कर रहा है। उसका कोई परिजन नहीं है।



राजेश सैनी।

इस पर डॉ.आशीष मिश्रा ने अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल को अवगत कराने के बाद गुरुवार को टीम के साथ मरीज का कूल्हा प्रत्यारोपण किया। कूल्हा प्रत्यारोपण की प्लेट व इप्लांट उन्होंने पास से खरीदकर मरीज को लगाई। एक महीने तक भोजन और फल आदि की भी व्यवस्था की। उर्सला अस्पताल के निदेशक ने डॉक्टर व उनकी टीम के सेवा भाव की सराहना की।

### गर्भवास्था में होने वाली दिल की बीमारी होगी स्पष्ट

**कानपुर।** मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में गर्भावस्था के दौरान होने वाले हृदय रोग के संबंध में कार्यशाला हुई। कॉर्डियोलॉजी के विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण शुक्ला ने गर्भवतियों को होने वाली हृदय संबंधित परेशानियों की जानकारी दी। बताया कि आईसीएमआर के तहत राष्ट्रीय स्तर पर गर्भवतियों में हृदय रोग पर शोध एक जुलाई से शुरू किया गया है। पूरे देश में 52 सेंटरों में यह शोध किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, केजीएमयू व पीजीआई के विशेषज्ञ शोध में प्रतिभाग लेंगे। शोध के दौरान गर्भवतियों में हृदय रोग के बढ़ते मामलों के अलावा कारण, बचाव समेत कई बिंदु शामिल है। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीना गुप्ता, डॉ.रेनू गुप्ता, डॉ. शैली अग्रवाल और डॉ.सीमा द्विवेदी समेत आदि डॉक्टर मौजूद रहीं।

### विवि में छात्रों को बताईं सुविधाएं

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में गुरुवार को इंजीनियरिंग कॉलेज (यूआईईटी) में सत्र 2024-25 के छात्रों के लिए परिचय कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की निदेशक डॉ बृष्टि मित्रा की ओर से सत्र के नवीन छात्रों को पढ़ाई व परीक्षा के अलावा सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ विनय कुमार सचान, डॉ अभिषेक चंद्रा, डॉ प्रवीण भाई पटेल, डॉ श्वेता पाण्डेय, डॉ ममता तिवारी, डॉ मानस उपाध्याय, डॉ श्रवण कुमार सहित अन्य ने शिरकत किया।

### छत से नीचे गिरे वृद्ध, मौत

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के संजय गांधी नगर निवासी 70 वर्षीय विष्णु कुमार गुरुवार सुबह छज्जे से सूर्य को अर्घ्य दे रहे थे। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर पहली मंजिल से नीचे गिर गए। नाती वैभव ने बताया कि उन्हें हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बरौर क्षेत्र के जगम्मनपुर में 10 साल पहले हुई थी हत्या
- अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया

**अमृत विचारः** बरौर क्षेत्र के जगम्मनपुर में करीब 10 साल पहले एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के मामले में विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी) अमित मालवीय ने गुरुवार को आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी के मुताबिक बरौर क्षेत्र के जगम्मनपुर डेरा निवासी दिनेश सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि 27 जुलाई 2014 को उसके चाचा बहादुर सिंह उर्फ पल्टू सिंह घर से सड़क पर जा रहे थे। जब वह ओमकार के घर के सामने पहुंचे, तभी गांव के ही रहने वाले जीतेंद्र सिंह ने चाचा को गालियां देकर बुलाया। चाचा ने उसे गालियां देने से रोका तो उसने कुल्हाड़ी से उनकी गर्दन पर वार कर दिया, जिससे गर्दन कट गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने पूरे मामले की विवेचना करते हुए आरोपी के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की। इस मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) अमित मालवीय ने गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी जीतेंद्र सिंह को दोषी करार दिया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

## सार-संक्षेप



बैरागेश्वर मंदिर में लगाने के लिए रखा टीनशेड। अमृत विचार

### मंदिर पर टीन शेड का काम रोका गया

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में गंगाबैराज मार्ग पर चौड़ीकरण किनारे मंदिर के टीनशेड का काम रुकवाने पर ग्रामीणों ने घेराव कर हंगामा काटना शुरू कर दिया। इस दौरान सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की बात सुनी इसके बाद काम को रुकवा दिया। गंगाबैराज मार्ग पर विद्या विहार के पास बैरागेश्वर मंदिर में अतुल शुक्ला, जगदीश प्रसाद, आनंद सिंह, अशोक राजपूत समेत दर्जनों ग्रामीण टीन शेड का काम करवा रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि वह लोग टीनशेड के एंगल में पेंट कराकर उसे लगवाने की तैयारी कर रहे थे। आरोप है, इसी दौरान सिंचाई विभाग से जिलेदार विनय शर्मा अन्य कर्मियों के साथ पहुंचे और टीनशेड लगाने पर आपत्ति जताई। जिससे ग्रामीणों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। ग्रामीणों ने जिलेदार और अन्य कर्मियों का घेराव कर विरोध कर हंगामा करने लगे। तभी जिलेदार ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अलग-अलग किया और मामला शांत कराया। ग्रामीणों का कहना था कि इस स्थान पर पिछले पांच वर्षों से पूछा कि जा रही है, जब मंदिर का निर्माण हो रहा था तो किसी ने आकर क्यों नहीं विरोध किया। वहीं जिलेदार विनय शर्मा का कहना था कि इन दिनों गंगाबैराज मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। अभी मार्ग पर नाले का भी निर्माण किया जाना है, इस कारण उन्होंने टीनशेड लगाने पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि जब भी नाले के निर्माण की शुरूआत होगी तो मंदिर चपेट में आएगा। इस संबंध में नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्ष को शांत करा दिया था। सिंचाई विभाग से जानकारी की जा रही है।

**आंदोलन** — बजट में पुरानी पेंशन की घोषणा करने तथा अन्य समस्याओं को लेकर बनाएंगे दबाव

# आज पुरानी पेंशन के लिए करेंगे प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भामस से जुड़े कर्मचारी करेंगे विरोध प्रदर्शन

**अमृत विचार।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के आह्वान पर केंद्रीय और राज्य कर्मचारियों की समस्याओं पर शुक्रवार को राष्ट्र व्यापी प्रदर्शन होगा। इस प्रदर्शन के माध्यम से केंद्रीय बजट में सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने की घोषणा करने तथा अन्य समस्याओं को हल करने की मांग की जाएगी।

सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के महसचिव साधू सिंह व महामंत्री मुकेश सिंह ने गुरुवार को बताया कि प्रदर्शन में भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ, भारतीय रेल मजदूर महासंघ, भारतीय पोस्टल कर्मचारी महासंघ एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों का महासंघ, राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ तथा अन्य केंद्रीय कर्मचारियों के महासंघ सम्मलित रहेगा। केंद्र और राज्य सरकार के सभी कार्यालयों और संस्थानों पर कर्मचारियों की ओर से द्वार सभा, धरना और लंच अवकाश में प्रदर्शन किए जाएंगे। संस्थानों के मुख्या के माध्यम से वित्त मंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

### राज्य कर्मियों ने भी भरी आंदोलन की हुंकार

**कानपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने की ओर से एक बार फिर पुरानी पेंशन लागू करने के लिए राज्य सरकार से पुरजोर मांग उठाई है। राज्य सरकार स्तर पर लंबित विभिन्न समस्याओं के संबंध में प्रदर्शन तेज किया जाएगा। गुरुवार को परिषद के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने बताया कि सरकार की हठधर्मिता से प्रदेश के लगभग 1.50 लाख कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ नही मिल पा रहा है। इनमें प्रदेश में कार्यरत कई संवर्ग के कार्मिक शामिल हैं। परिषद का प्रतिनिधिमंडल कैशलेस नियमावली, सफाई कार्मिक सहित अन्य संवर्ग की लंबित सेवा नियमावली, पदोन्नति और विभागीय स्तर पर लंबित कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य सचिव से मिलेगा। इसके बाद 15 दिनों के भीतर समाधान नहीं होने पर आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

# सगे भाई तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**कानपुर।** पनकी पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह के अनुसार रूपन वर्मा उर्फ रूपराम और आर्यन वर्मा उर्फ जगरूप वर्मा निवासी परतसा पनकी सगे भाई हैं। शातिरों को एक 315 बोर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। बताया कि रूपन के ऊपर चकेरी, पनकी, बिधनू में 9 मुकदमे हैं।

वहीं आर्यन पर पनकी में अलग-अलग धाराओं में मुकदमे दर्ज है। दोनों को जेल भेज दिया गया। दूसरी ओर पनकी पुलिस ने दीपक पाल, चंदन पाल निवासी सरायमीता और भौसिंह निवासी पिंटू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पनकी इंस्पेक्टर के अनुसार तीनों शातिरों को चेकिंग के दौरान दबोचा गया है। तीनों आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।




आवश्यकता है

अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को

अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)

अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

वेतन :- योग्यता अनुसार

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-

advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# कोरोना में बंद मेमू और इंटरसिटी ट्रेनें नहीं हुईं शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोरोना काल से बंद की गईं मेमू और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन आज तक नहीं शुरू किया गया है। ऐसी आधा दर्जन ट्रेनें चार साल से बंद हैं। इन ट्रेनों में किराया कम होने से करीब 25 हजार यात्री रोज सफर करते थे। मेमू के जरिए सेंट्रल स्टेशन के साथ पनकीधाम और अनवरगंज से लखनऊ और बाराबंकी तक की कनेक्टिविटी मिलती थी। इसी तरह फैजाबाद के लिए इंटरसिटी और लखनऊ होते हुए वाराणसी तक चलने वाली वरुणा एक्सप्रेस का भी संचालन बंद होने के बाद दोबारा शुरू नहीं होने से सैकड़ों यात्री परेशान हैं।

कोरोना से पहले सेंट्रल, पनकी और अनवरगंज से यात्रियों को हर दो घंटे में लखनऊ और बाराबंकी के लिए मेमू मिलती थी। फैजाबाद तक इंटरसिटी की सुविधा थी। यह ट्रेनें लखनऊ तक 13 स्टेशनों पर यात्रियों को सुगम संपर्क प्रदान करती थीं। अनवरगंज से लखनऊ की मेमू 64202, पनकी से लखनऊ की मेमू 64207 और सेंट्रल स्टेशन से लखनऊ की 64206 मेमू का यात्रियों को इंतजार रहता था, स्टेशन पर खड़ी होते ही यह ट्रेनें भर जाती थीं।

नौकरीपेशा, छोटे व्यापारी और दूध का कारोबार करने वाले लोगों के लिए इन ट्रेनों के अलावा सेंट्रल से लखनऊ के बीच चलने वाली 64208, 64212 मेमू की भी भारी मांग थी। बाराबंकी तक जाने वाले यात्रियों के लिए 64236 से बेहतर कोई ट्रेन नहीं थी। इसी तरह वाराणसी से लखनऊ वाया सेंट्रल चलने वाली 14227 और लखनऊ से वाराणसी को चलने वाली 14228 वरुणा एक्सप्रेस भी बंद चल रही हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इन ट्रेनों से प्रतिदिन करीब 25,000 से ज्यादा यात्री सफर करते थे।

### पनकीधाम व अनवरगंज से भीड़ खत्म

- लखनऊ स्थित पीजीआई में इलाज के लिए प्रतिदिन शहर से काफी लोग जाते हैं। मेमू ट्रेन से बीमारों व नौकरीपेशा लोगों को कम किराए में लखनऊ पहुंचने की सुविधा मिलती थी। पनकीधाम और अनवरगंज स्टेशन पर सुबह से शाम मेमू के इंतजार में यात्रियों की काफी भीड़ रहती थी, लेकिन अब वह भीड़ नहीं दिखती है। इसके अलावा दोनों स्टेशनों से बाराबंकी व फैजाबाद के लिए भी सीधी ट्रेन नहीं है।

- लखनऊ, बाराबंकी के लिए मेमू और फैजाबाद इंटरसिटी का कम था किराया
- पनकीधाम, अनवरगंज से भी मिलती थी कनेक्टिविटी

**25,000**
यात्री आधा दर्जन ट्रेनों से सफर करते थे




### सेंट्रल से गुजरीं सीआरबी, दो मिनट रुकी ट्रेन

**कानपुर।** गोंडा जा रहीं रेलवे बोर्ड चेयरमैन (सीआरबी) जया वर्मा सिन्हा की स्पेशल ट्रेन गुरुवार शाम 7.02 बजे सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म छह पर पहुंची। यहां दो मिनट ट्रेन रुकी। चालक और अन्य स्टाफ बदलने के बाद ट्रेन लखनऊ के रास्ते रवाना हो गई। सीआरबी के सेंट्रल से गुजरने पर एनसीआर जीएम उपेंद्र चंद्र जोशी भी पहुंचे। इस दौरान प्लेटफार्म छह पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, आरपीएफ इंस्पेक्टर बीपी सिंह सहित रेलवे स्टाफ मौजूद रहा।

### गुवाहाटी-दिल्ली एक और स्पेशल ट्रेन

**कानपुर।** रेल प्रशासन ने 05671-05672 गुवाहाटी से आनंदविहार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गुवाहाटी से 05671 स्पेशल ट्रेन हर बुधवार 24 जुलाई से 4 अगस्त तक चलेगी। जबकि आनंद विहार से 05672 स्पेशल ट्रेन हर शुक्रवार 26 जुलाई से 16 अगस्त तक चलेगी। 05671 गुवाहाटी से दोपहर 3 बजे चलकर दूसरे दिन गोविंदपुरी 11.15 बजे आएगी। इसी तरह 05672 आनंदविहार से हर शुक्रवार रात 11.45 बजे चलकर दूसरे दिन गोविंदपुरी 5.20 बजे आएगी। ट्रेन का पांच मिनट ठहराव होगा।

# मोहर्रम जुलूस के दौरान लगे आपत्तिजनक नारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गुरुवार को वीडियो हुआ वायरल, घटना के बाद लोगों में फैला आक्रोश
- एसीपी कल्याणपुर ने शुरू की जांच, देखे जा रहे सीसीटीवी फुटेज

**अमृत विचार।** जूही थानाक्षेत्र के परमपुरवा में उत्तेजक नारे लगाने के वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जुलूस संचालक समेत 50 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। गुरुवार को एक और वीडियो रावतपुर थानाक्षेत्र का वायरल हो गया। इसमें मंदिर के सामने आपत्तिजनक नारे लगाए गए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

रावतपुर में बुधवार देर शाम डाकखाने वाली गली से मोहर्रम का जुलूस निकल रहा था। हनुमान मंदिर के सामने जुलूस में शामिल अराजकतत्वों ने इलाके का माहौल बिगड़ने का प्रयास करते हुए भड़काऊ नारे लगाए। जुलूस की सुरक्षा में लगी पुलिस मूकदर्शक बनकर मंदिर के किनारे खड़ी रही। गुरुवार को इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें बड़ी की संख्या में मौजूद लोग नारेबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिसके चलते इलाके में लोगों के बीच आक्रोश फैल गया।

हालांकि अमृत विचार समाचार पत्र इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस संबंध में कल्याणपुर एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं।

## एक नजर

### गला दबाने की नीयत से दबोचा, चेन लूटने का आरोप

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में आवास विकास तीन के रहने वाले संदीप पांडेय उत्तर प्रदेश कल्याणकारी व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हैं। संदीप ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बुधवार शाम वह कहीं जा रहे थे, तभी रास्ते में एक युवक ने उन्हें रोक कर गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर युवक ने गला दबाने की नीयत से उन्हें दबोच लिया। राहगीरों ने हस्तक्षेप किया। तभी मौका पाकर युवक उनके गले में पड़ी सोने की चेन तोड़कर भाग निकला। इस संबंध में कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही।

### जेठ ने की छेड़खानी, विरोध पर पीटा

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी महिला ने जेठ पर नशे में धुत होकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उनकी लोहे के पाइप से पिटाई की। यशोदा नगर निवासी महिला ने बताया कि 15 जुलाई की शाम जेठ संजय कुमार नशे में धुत होकर घर आए और उनके साथ छेड़छाड़ कर कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर संजय ने लोहे के पाइप व लात घूसों से जमकर पीटा। जिससे हाथ, पैर, चेहरे समेत शरीर के कई हिस्सों में चोट आई। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### सेवानिवृत्त दरोगा पर जमीन कब्जा करने का आरोप

**कानपुर।** गुरुवार को नसेनिया गांव की रहने वाली बुजुर्ग उर्मिला कल्याणपुर एसीपी कार्यालय पहुंची। उन्होंने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी जमीन पति की मौत के बाद उसके बेटों के नाम दर्ज है। क्षेत्र के एक प्रापर्टी डीलर ने कूटरचित तरीके से कागजात बनवाकर उसकी जमीन एक सेवानिवृत्त दरोगा को दे दी। उसने जमीन पर कब्जा कर लिया। महिला के शिकायती पत्र पर कल्याणपुर एसीपी अभिषेक पांडेय ने मिली तहरीर पर बिठूर इंस्पेक्टर को जांच के आदेश दिए है।

### पार्षद पर सफाई कर्मचारी को पीटने का आरोप

**कानपुर।** साइकिल खड़ी करने के विवाद में गुरुवार को जोन-5 कार्यालय में वार्ड 67 के पार्षद देवेंद्र कुमार द्विवेदी ने स्थाई सफाई कर्मचारी अभनेश सोनकर को पीट दिया। मारपीट से गुस्साए कर्मचारियों ने जोनल कार्यालय में हंगामा शुरू कर दिया। अभनेश ने लिखित रूप से नगर निगम अधिकारियों को शिकायत कर पार्षद पर कार्रवाई करने की मांग की है। अभनेश ने बताया कि वह अपनी यूनियन के साथ शुक्रवार को महापौर प्रमिला पांडेय से मिलेंगे और न्याय की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्षद अपनी गलती सबसे सामने मान लेंगे तो ठीक है नहीं तो कार्य नहीं करेंगे। वहीं, पार्षद देवेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि मारपीट का आरोप झूठा है। उन्होंने किसी के साथ मारपीट नहीं की है।

### क्रेडिट कार्ड से पार किए 1.34 लाख

**कानपुर।** फजलगंज के कालपी रोड निवासी सुमित कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके भारतीय स्टेट बैंक के क्रेडिट कार्ड से 18 मार्च को 1.34 लाख रुपये रुपये साइबर अपराधियों ने निकाल लिए। पीड़ित के अनुसार कार्ड को न तो खोला गया और न ही लॉगिन किया न ही किसी प्रकार का पिन बनाया है। इसके बाद भी खाते से रुपये निकल गए। इस संबंध में फजलगंज इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# 52 साल का रिकॉर्ड टूटा पारा पहुंचा 40 डिग्री पार

## 1978 में 18 जुलाई को तापमान 40 डिग्री से ऊपर गया था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम बारिश का है और रिकार्ड गर्मी बना रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान ने 52 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। इससे पहले 18 जुलाई के दिन वर्ष 1978 में तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जुलाई महीने की बात की जाए तो वर्ष 2015 में जुलाई माह में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा था।

सीएसए कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 6 डिग्री अधिक रहा। पारा भले ही 41 डिग्री के करीब रहा लेकिन भारी उमस के कारण लोगों को 43 डिग्री वाली गर्मी महसूस हुई। न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके चलते गर्मी का सितम रात में भी बढ़ गया। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि जलवायु परिवर्तन की वजह से शहर में पनपे हीट अंबरेला की वजह से बादलों का बरसना मुश्किल हो रहा है। गर्मी और उमस से परेशान लोग लगातार पसीना पोछते नजर आए। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि अगले पांच दिन हल्के बादल छाए रहेंगे। 19 से 21 जुलाई के बीच तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।


चुनरी ओढ़ धूप से बचाव किया।

- जुलाई माह में साल 2015 में दर्ज की गई थी इतनी ज्यादा गर्मी

### कुछ इलाकों में तेज बारिश हुई

**कानपुर।** गुरुवार को भीषण गर्मी के बीच शहर के कुछ इलाकों में बारिश भी हुई। नवाबगंज और आस-पास के इलाकों में सुबह करीब साढ़े 10 बजे अचानक तेज बारिश का झोंका आया। इससे इलाके तरबतर हो गए। दोपहर करीब 12 बजे तक तेज बारिश हुई। इसके अलावा जवाहरनगर, नेहरूनगर, पीरोड में भी बौछारें गिरीं। शहर के अन्य इलाकों में मौसम सूखा रहा। शाम को भी अचानक पूरे शहर में घने बादल आए लेकिन बरसे नहीं। शहर में इस मानसून में शुरू से ही पैची रेन हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि शहर के ऊपर हीट अंब्रैला के प्रभाव से बारिश लगातार नहीं हो पा रही है। कहीं बादल बरसते हैं तो कहीं नहीं। अभी अगले तीन दिन ऐसा ही मौसम रहने के आसार हैं।

# रचिता के अलग आरोप तय करने की अपील

**कुशाग्र हत्याकांड**

- हत्यारोपी प्रभात व शिवा के अधिवक्ता की वादी से जिरह पूरी
- एडीजे-17 में कोर्ट में हुई सुनवाई, 26 जुलाई तिथि निर्धारित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


**अमृत विचार।** चर्चित कुशाग्र हत्याकांड मामले में गुरुवार को एडीजे-17 की कोर्ट में सुनवाई हुई। हत्यारोपी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स के अधिवक्ता ने दो प्रार्थना पत्र कोर्ट में दाखिल कर अन्य हत्यारोपी से अलग आरोप तय करने की मांग की। साथ ही इलेक्टॉनिक साक्ष्य मुहैया कराने की अपील की।

रायपुरवा निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र का अपहरण कर हत्याकांड को अंजाम देने के मामले में गुरुवार को एडीजे-17 त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले के वादी कुशाग्र के बाबा संजय कनोडिया से हत्यारोपी प्रभात व शिवा के अधिवक्ताओं की जिरह पूरी हो गई। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि सुनवाई के दौरान हत्यारोपी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट में दो प्रार्थना पत्र दाखिल किए गए। जिनमें एक पत्र में बचाव पक्ष ने घटना के इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों की मांग की। वहीं दूसरे पत्र में अधिवक्ता की ओर से रचिता पर अलग आरोप तय करने की मांग की गई, कहा गया कि अभी तीनों आरोपियों पर एक ही आरोप तय किए गए है। प्रभात, शिवा पर अलग व रचिता पर अलग आरोप तय किए जाने चाहिए। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले की अगली तिथि 26 जुलाई निर्धारित की।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में एक महिला ने पड़ोसी पर घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात वह घर में अकेली थी। तभी पड़ोसी नीरज घर की दीवार फांदकर अंदर घुस आया और छेड़खानी करने लगा। आरोपी ने दुष्कर्म का प्रयास भी किया। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और उसे पकड़ लिया। इस सबंध में थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप



अजित अग्रवाल का स्वागत करते कृष्ण कुमार दुबे। अमृत विचार

### कमल मेमोरियल के 270 बच्चों का चेक किया स्वास्थ्य

**कानपुर।** पनकी स्थित कमल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को रोटरी क्लब मेट्रो ने आरोग्यम स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। उद्घाटन रोटरी क्लब मेट्रो के अध्यक्ष अजित अग्रवाल व पूर्व अध्यक्ष धनराज अरोड़ा ने किया। प्रधानाचार्या सुरभि दुबे व चेयरमैन अंकित दुबे ने क्लब के अध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कुलवंती हॉस्पिटल के डॉ.दीपक, डॉ.देवेंद्र, डॉ.दीपा और एएसजीआई हॉस्पिटल के डॉ.प्रकाश भरत, डॉ.आफरीन, डॉ.कंचन व दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.शिवामणि ने कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक 270 छात्र-छात्राओं की जांच की। बच्चों को बर्गर, मोमोज, पिज्जा, चाऊमीन, फिंगर आदि फास्ट फूड, चॉकलेट से दूर रहने की सलाह दी। विद्यालय प्रबंधक कृष्ण कुमार दुबे, रेखा दुबे आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### इंडिया स्पेशल फुटबॉल टीम ने जीता गोटिया कप

**कानपुर।** स्वीडन में 14 जुलाई से आयोजित गोटिया कप पर इंडिया स्पेशल फुटबॉल टीम ने कब्जा जमाया है। शहर के खिलाड़ी कृष्णा अग्रवाल का गोटिया कप में बेहतरीन प्रदर्शन रहा। इंडिया स्पेशल फुटबॉल टीम ने पहला मैच जर्मनी के साथ खेला। जिसमें टीम 6-1 से विजेता रही। खिलाड़ी कृष्ण अग्रवाल ने डिफेंडर पोजीशन पर खेलते हुए एक गोल दागा। दूसरा मैच हांगकांग से 6-0 से जीता और तीसरा मैच डेनमार्क से 3-1 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा, जिसमें इंडिया स्पेशल फुटबॉल टीम ने डेनमार्क को 4-3 से हराकर गोटिया कप पर कब्जा जमाया। इंडिया स्पेशल टीम के फुटबॉल खिलाड़ी को कोच सत्येंद्र सिंह यादव, डेरिक मसीह, प्रेम कुमार, मुख्य अधिशासी अधिकारी स्टीफन, पीडी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल, अमित यादव, वंदना सिन्हा, सुब्रतो भद्र व वकील अहमद ने बधाई दी है।


कप के साथ कृष्णा अग्रवाल।

### सौदा लेने पर नहीं दिए रुपये, टोका तो सिर फोड़ा

**कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र में पुराना कानपुर निवासी सचिन पांडेय ने पुलिस को बताया कि मुर्दियाना पार्क केडीए मार्केट में दुकान है। बताया कि 17 जुलाई को लगभग 4 बजे सनी मल्होत्रा उर्फ धन्नी, सौरभ शर्मा उर्फ कमांडो व मृदुल शर्मा दुकान पर आए और सामान लेकर जाने लगे। पैसे मांगे तो मृदुल ने उसके ऊपर थूक दिया व गाली गलौज करने लगा। तीनों ने सरिया और बीयर की बोतल से सिर व शरीर पर वार कर दिया। गोपाल, रविन्द्र निषाद, केसरीनाथ तिवारी व आशीष गुप्ता आदि बचाने के लिए दौड़े तो उनको जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इस संबंध में कोहना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल कराया गया है।

# गैरइरादतन हत्या में पति को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शादी के तीन साल बाद पत्नी की मौत के मामले में एडीजे-27 की कोर्ट ने आरोपी पति को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई।

श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि अपनी बहन अपूर्वा की शादी 26 जनवरी 2017 को बिठूर के बैकुंठपुर गांव निवासी मयंक पांडेय के साथ की थी। शादी के बाद मयंक ने नौकरी छोड़ दी और जनरल स्टोर खोलने के नाम पर 5 लाख रुपये की मांग करने लगा। मना करने पर मयंक समेत ससुरालीजनों ने बहन को मारपीट कर घर से निकाल दिया। 5 लाख देने के बाद ससुरालीजन उसे ले गए, लेकिन कुछ समय बाद दोबारा मारपीट की, जिससे उसका गर्भपात हो गया। अक्टूबर 2019 में ससुरालीजन समझौता कर बहन को विदा करा ले गए थे। 18 मार्च को मयंक ने बहन की मौत की सूचना दी। मायके वाले ससुराल पहुंचे तो ससुरालीजन फरार हो चुके थे। श्याम ने ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को एडीजे 27 कमलेश कुमार मौर्या की कोर्ट ने मयंक को हुए सात साल के कारावास व 15 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# आईआईटी में लगाए गए दो पिंजड़े

**तेंदुए की दहशत**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी में तेंदुआ आने के शोर के बीच चार दिन से यहां के लोग दहशत में हैं। गुरुवार को भी वन विभाग का अमला तलाश में जुटा रहा। दोपहर को पांच घंटे तक सर्च अभियान चलाया गया लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। तेदुएं के दिखाई देने वाले स्थान पर दो पिंजड़े लगाए गए हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने संस्थान में रात में बेवजह न निकलने और यदि जरूरत पर निकलें तो टॉर्च लेकर निकलने की सलाह दी है।


वन विभाग टीम ने आईआईटी परिसर में कांबिंग की। अमृत विचार

आईआईटी के जंगलों में तेंदुआ दिखाई देने का शोर चार-पांच दिन पहले मचा था। बाद में संस्थान में लगे कैमरों में उसे देखा भी गया है। इसके बाद से संस्थान में लोग डरे हुए हैं। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने संस्थान के जंगलों में पिंजड़े लगाये हैं। पांच घंटे तक चले सर्च अभियान में वन विभाग की टीम ने तेंदुए के पैरों के निशान तलाशे। इसके अलावा संस्थान में लगे अन्य कैमरों को भी देखा गया। डीएफओ दिव्या के साथ आईआईटी परिसर के निरीक्षण में अन्य जानवरों के व्यवहार पर भी बारीकी से नजर रखी गई। बताया गया कि वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने का प्रयास कर रही है। इस बीच लोगों से सतर्कता बरतने, अकेले न निकलने, सुबह व रात को सावधानी बरतने, संस्थान में जमीन पर न बैठने की अपील की गई है।

**बात पते की** — 54 यूपी बटालियन एनसीसी के प्रशिक्षण शिविर में दी गई जानकारी

# प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान सबके लिए जरूरी, बच सकतीं जानें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 14 राजपूत कॉम्प्लेक्स सैन्य प्रशिक्षण एरिया में गुरुवार को 54 यूपी बटालियन एनसीसी का संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण में आपात स्थिति में तेजी से राहत कार्य पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स को जरूरी टिप्स भी दिए गए। कहा गया कि बिना हिचक घायल को गोल्डन आवर में मदद दें। प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान सभी के लिए जरूरी है।

शिविर में कमांडिंग आफीसर, कैम्प कैमांडेंट कर्नल अभिनव भारती ने कैडेट्स को प्रशिक्षित किया। लेफ्टिनेंट कर्नल एके दुबे ने भी कैडेट्स को आपात स्थिति का सामना करने के लिए बारीकियां सिखाईं। एनसीसी कैडेट्स को अग्नि सुरक्षा व प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षक लाखन शुक्ला, परवेज अख्तर, पीएलवी मीनाक्षी दीक्षित और प्रीती ने भी युवाओं को आपात स्थिति में जोखिम में फंसे लोगों के सही प्राथमिक उपचार और उन्हें अस्पताल तक पहुंचाने के उपाय बताए।

कहा गया कि यदि कोई एक्सीडेंट में या आपदा में घायल होता है तो हमको उसकी मदद करनी चाहिए। किसी घटना दुर्घटना के तीन कारण लापरवाही, अज्ञानता व जल्दबाजी होती है। घायलों के मरने का सबसे बड़ा कारण समय पर उन्हें फस्ट एड नहीं मिल पाती है, यदि हम घायल को गोल्डन आवर में मदद दें, सबसे पहले रक्तस्राव को रोके तो घायल की जान बचने में काफी सहायता हो सकती है।


फर्स्ट एड के बारे में कैडेटों को जानकारी दी गई। अमृत विचार


कानपुर विद्या मंदिर में बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया। अमृत विचार

### मेगा हेल्थ कैंप में छात्राओं का चेकअप

- **कानपुर।** रोटरी क्लब ऑफ कानपुर साउथ की ओर से गुरुवार को स्वरूपनगर स्थित कानपुर विद्या मंदिर में छात्राओं का मेगा हेल्थ कैंप आरोग्यम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से आठ तक की 350 छात्राओं का हेल्थ चेकअप किया गया। कैंप का शुभारंभ डीजीएन जेएस भाटिया ने किया। स्वस्थ जीवन के लिए छात्राओं को जागरूक किया गया। क्लब के अध्यक्ष सतवीर सिंह, एएसजी हॉस्पिटल की टीम डॉ. अंकुर मेहरोत्रा रवि दयाल, सिम्मी छाबड़ा, दिव्या ज्योति, रितु अरोड़ा, ममता अवस्थी, अमित खत्री, दलजीत भाटिया रहे।

### रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही चालीसा महोत्सव में

**कानपुर।** गुजैनी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में चालीसा महोत्सव 16 जुलाई से चालू है। इस बार 40 दिन लगातार हर दिन अलग-अलग रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी श्रीप्रकाश पंजवानी ने बताया कि श्री झूलेलाल मंदिर में एक हॉल, चार कमरों का निर्माण हो रहा है। इससे भक्तों में काफी खुशी है। महिलाएं व कन्याएं बढ़-चढ़कर सेवादारी कर रही हैं।

इस बार सभी कार्यक्रम अच्छे हो, इसलिए सभी भक्तों से सुझाव मांगे गए हैं। हर दिन अलग-अलग तरीके का कार्यक्रम होना है। जिन-जिन भक्तों के कार्यक्रम होंगे, उन्हें आखिरी दिन सम्मानित किया जाएगा।

# दो दिन से गायब बच्चों के शव तालाब में मिले

## घर के बाहर साइकिल चलाते-चलाते गायब हुए थे दोनों बच्चे, परिवार वालों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, बिल्हौर

- बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के आईमा गांव की घटना
- दो दिन से बच्चों को तलाश रहे थे परिवार वाले

**अमृत विचार:** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के आईमा गांव में बुधवार की शाम घर के बाहर साइकिल चलाते समय लापता हुए दो बच्चों के शव गुरुवार दोपहर तालाब में मिले, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी।

क्षेत्र के आईमा गांव निवासी सुरेश कुमार का पुत्र निखिल (7) और अनुज कुमार का पुत्र अनुराग (8) बुधवार देर शाम घर के बाहर बारी-बारी से एक ही साइकिल को चला रहे थे। काफी देर तक साइकिल चलाते रहने के बाद जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता हुई। परिवार वालों ने घर के बाहर निकलकर देखा तो दोनों बच्चे वहां नहीं थे। परिवार वालों ने आसपास खोजबीन की। पूरे गांव में पता लगाया, लेकिन बच्चों का कोई सुराग नहीं लग सका।


अनुराग।


निखिल।

गांव के दो बच्चों के एक साथ गायब होने की सूचना पर पुलिस ने खोजबीन शुरू की। गुरुवार दोपहर दोनों बच्चों के शव गांव के ही एक तालाब में उतराते मिले। ग्रामीणों ने दोनों बच्चे के शव तालाब में देखे तो सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन शव देखते ही फफक-फफक कर रोने लगे। तालाब के किनारे बच्चों के कपड़े और साइकिल खड़ी मिली। सूचना पर बिल्हौर थाना प्रभारी के साथ कई थानों का फोर्स और एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी भी पहुंच गए और मामले की जांच-पड़ताल की। बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।


तालाब में बच्चों के शव मिलने के बाद गांव वालों की भीड़ जुट गई। अमृत विचार


पुलिस ने घटना को लेकर गांव वालों से छानबीन की। अमृत विचार

### हादसा या हत्या के बीच उलझी पुलिस

दोनों बच्चों के परिजन शुरू से ही साजिश का आरोप लगाते रहे। वे बच्चों की हत्या की आशंका जता रहे हैं, लेकिन पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। तालाब किनारे मिली बच्चों की ताला लगी साइकिल और कपड़े जहां एक ओर हादसा की तरफ इशारा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर परिवार वाले हत्या की आशंका जता रहे हैं। दोनों बच्चों के शव नग्न अवस्था में मिले हैं। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि बच्चे नहाने के लिए तालाब में उतरे और अधिक पानी होने की वजह से डूब गए। पुलिस का कहना है कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी।

### निखिल की मां ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

बुधवार की देर शाम एकलौते बेटे निखिल के गायब होने के बाद परिवार वाले लगातार तलाश कर रहे थे। देर शाम तक कोई सुराग नहीं लगने पर निखिल की मां प्रीति ने बिल्हौर कोतवाली पहुंचकर दोनों बच्चों के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों का अनुमान था कि बच्चे साइकिल चलाते-चलाते कहीं भटक गए हैं और रात होने की वजह से नहीं आ पाए हैं। सुबह होते ही शायद वापस आ जाएं। इसी उम्मीद से आसपास के गांवों में भी बच्चों की तलाश कर रहे थे, लेकिन तालाब में शव मिलने के बाद उनकी सारी उम्मीदें टूट गईं।

# दरवाजे में दौड़ा करंट किशोर की गई जान

संवाददाता, घाटमपुर

**हादसा**

- रेउना थाना क्षेत्र के दुरौली गांव में हुआ हादसा
- बिजली का तार कटा होने से आ रहा था करंट

**अमृत विचार:** रेउना थाना क्षेत्र के दुरौली गांव में बुधवार रात दरवाजा बंद करने गए किशोर की करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। किशोर की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रेउना थाना क्षेत्र के दुरौली गांव के रहने वाले विपिन कुमार सविता का 16 वर्षीय पुत्र ललित कुमार की बुधवार रात करीब आठ बजे उस समय मौत हो गई, जब वह अपने घर का दरवाजे बंद करने गया था। बताते हैं कि दरवाजे के पास से बिजली का तार निकला था। तार कटा होने के कारण दरवाजे में करंट दौड़ रहा था, जिसकी चपेट में आने से ललित कुमार की मौत हो गई।


ललित कुमार।

बताते हैं कि ललित कुमार चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। किशोर की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उसकी मां का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया। किशोर की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रेउना थाना प्रभारी जसवंत सिंह चौहान ने बताया कि परिवार की सूचना के आधार पर किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# गांव वालों के जिम्मे होगी टंकी

संवाददाता, घाटमपुर

**जल जीवन मिशन**

- पानी की गुणवत्ता जांचने घर-घर जाएंगी प्रशिक्षित महिलाएं
- विधायक ने प्रशिक्षित लोगों को झंडी दिखाकर किया रवाना

**अमृत विचार:** घाटमपुर ब्लॉक व पतारा ब्लॉक में जल जीवन मिशन हर घर नल योजना अंतर्गत विकास खण्ड सभागार घाटमपुर में व पतारा ब्लॉक में योजना की शुरुआत घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने झंडी दिखाकर किया।

महलवाल इंटरनेशनल सर्विसेस की ओर से दो दिवसीय सरकारी व गैरसरकारी हितग्राहियों के क्षमता संवर्द्धन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से आंगनबाड़ी, आशाबहू, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर बन रही पानी की टंकी के माध्यम से होने वाले पानी सप्लाई को घर-घर पहुंचाने और जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई।


विधायक ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली टीम को हरी झंडी दिखाई। अमृत विचार

जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि पानी टंकी का संचालन ग्रामवासियों द्वारा ही किया जाएगा। इसके लिए गांव के ही युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रत्येक राजस्व ग्राम से 5-5 महिलाओं का चयन किया गया है, जो हर घर में जाकर पानी की गुणवत्ता की जांच करेंगी, ताकि लोगों को पीने योग्य साफ पानी मिल सके। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत विनोद कुमार झा, जल जीवन मिशन की मॉनीटरिंग यूनिट के डीपीएम आदित्य कुमार, आशीष सोनी, अजय सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, प्रशिक्षक प्रीती सिंह उपस्थित रहीं।

# महिला की लूटी चेन दो लुटेरे पकड़े गए

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के गंगपुर पावर हाउस के पास स्थित हनुमान मंदिर में पूजा करने गईं शिवा विहार गांव की रहने वाली ज्योति श्रीवास्तव पत्नी अजय कुमार श्रीवास्तव ज़ब मंदिर में पूजा कर रही थी, तभी दो लुटेरे मंदिर में दाखिल हुए और उनकी चेन तोड़कर भागने लगे। ज्योति के शोर मचाने पर लोगों ने दोनों लुटेरों को दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने सूचना पर पहुंची पुलिस को दोनों लुटेरों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों लुटेरों को हिरासत में लेकर चेन बरामद कर पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। पकड़े गए लुटेरे अनुराग कठेरिया व आकाश गौतम सिंहपुर के रहने वाले हैं।


ज्योति श्रीवास्तव।

# पीआरडी जवान ने जहर खा दे दी जान

संवाददाता, घाटमपुर

- पत्नी के नाराज होकर मायके जाने पर उठाया कदम

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में एक पीआरडी जवान ने पत्नी के नाराज होकर मायके चले जाने पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि पीआरडी जवान से विवाद होने के बाद पत्नी मायके चली गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


कुंवरलाल।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव निवासी कुंवरलाल (39) पुत्र मूलचंद ने गुरुवार सुबह करीब 9:00 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत लगातार खराब होते देखकर परिवार वाले उसे लेकर घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीआरडी जवान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने बताया कि पीआरडी जवान का पत्नी से विवाद हो गया था। विवाद के बाद पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। इसी बात से आहत होकर कुंवरलाल ने जहरीला पदार्थ गटक लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को दुरुस्त करते कर्मचारी। अमृत विचार

### रानी लक्ष्मीबाई की क्षतिग्रस्त प्रतिमा दुरुस्त कराई गई

**बिठूर।** रानीलक्ष्मी बाई घाट पर अराजकतत्वों ने वीरांगना की मूर्ति को तोड़ दिया था। प्रभारी अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत के कर्मचारियों को साथ ले जाकर अपने सामने प्रतिमा को दुरुस्त कराया। नमामि गंगे के अंतर्गत करोड़ो रुपये से बिठूर के घाटों का सुंदरीकरण कराया गया था। सुंदरीकरण के दौरान घाट पर रानी लक्ष्मीबाई की भव्य प्रतिमा लगाई गई थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब डेढ़ महीने पहले अराजकतत्वों ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा के उस हाथ को तोड़ दिया था, जिसमें तलवार थी। बिठूर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत कर्मियों को बुलाकर वीरांगना लक्ष्मीबाई की क्षतिग्रस्त प्रतिमा को दुरुस्त कराया। रानी लक्ष्मीबाई ने यहीं पर शस्त्र विद्या सीखी थी।

# कमरे में भूसा लेने गई युवती ने फांसी लगाई

संवाददाता, साढ़

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह जब काफी देर तक नजर नहीं आई तो घरवालों ने तलाश की। कमरे में उसका शव लटका मिला।

साढ़ थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव निवासी हुकुम सिंह की पुत्री प्रियांशी (18) गुरुवार दोपहर लगभग दो बजे भूसा लेने के लिए घर के बाहर बने कमरे में गई थी। वहां छत के कुंडे में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। काफी देर तक जब प्रियांशी घर नहीं पहुंची तो घरवालों ने ढूढ़ना शुरू किया। जब भूसे वाले कमरे में जाकर देखा तो होश उड़ गए। प्रियांशी चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। बताते हैं कि हुकुम सिंह की आटा चक्की है। वह इंजन का पार्ट लेने कानपुर गए थे। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### मां ने डांटा तो किशोर ने फंदा डाल खुदकुशी की

साढ़ थाना क्षेत्र के बहादुरगढ़ गांव में मां की डांट से क्षुब्ध होकर किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। साढ़ थाना क्षेत्र के बहादुरगढ़ गांव में पप्पू पाल के बेटे शोभित (15) ने गांव के बाहर यूकेलिप्टस के बगीचे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। लोगों ने बताया कि शोभित की मां ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया था। उसका पिता पप्पू पाल बाहर रहकर मजदूरी करता है। शोभित हाईस्कूल का छात्र था। परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में कार्ययोजना बनी

संवाददाता, घाटमपुर

- पतारा क्षेत्र पंचायत की बैठक में शामिल हुईं विधायक
- जनहित के कार्यों पर फोकस रखने पर दिया गया जोर

**अमृत विचार:** पतारा क्षेत्र पंचायत की बैठक गुरुवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना तैयार की गई। नए कार्ययोजना में जनहित के कार्यों पर फोकस किया गया। क्षेत्र पंचायत की बैठक में विधायक सरोज कुरील भी पहुंचीं। ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

पतारा विकास खंड सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ नए कार्यों को भी प्रस्तावित किया गया। क्षेत्र पंचायत की बैठक में घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने कहा कि सरकार की ओर से विभिन्न लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ सीधे ग्रामीणों को मिले, इसके लिए अधिकारियों से पारदर्शिता के साथ काम करने की अपील की।

ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों और अधिकारियों से गांवों के विकास के लिए सकारात्मक कदम उठाने की अपील की। बैठक में भाजपा नेता विजय सचान, ब्लॉक प्रमुख के पति अजय सिंह, खंड विकास अधिकारी चंद्रमणि, एडीओ पंचायत अनिल कुमार बाजपेई, एडीओ संजय गुप्ता, पंकज पांडेय, कपिल बाबू, जिला पंचायत सदस्य वैभव तिवारी, तन्मय तिवारी, टुनटुन पांडेय, कमला कुरील, अंकित दीक्षित, नूतन तिवारी, अशोक यादव, रोहित त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।


क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करतीं विधायक सरोज कुरील। अमृत विचार


क्षेत्र पंचायत की बैठक में शामिल हुए बीडीसी सदस्य और ग्राम प्रधान। अमृत विचार

# मोतीपुर विद्यालय के हेडमास्टर को नोटिस

**खबर का असर**

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** पतारा विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मोतीपुर के प्रधानाध्यापक को समय से विद्यालय नहीं पहुंचने, विद्यालय में छात्र संख्या घटने और बच्चों से झाड़ू लगवाकर चटाई बिछवाने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

अमृत विचार ने 18 जुलाई के अंक में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप द्विवेदी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।


स्कूल में पहले झाड़ू लगाते, फिर चटाई बिछाते बच्चे

अमृत विचार में प्रकाशित हुई खबर।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**उत्साह दिखा** फर्रुखाबाद जाते समय सांसद रमेश अवस्थी और क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का जगह-जगह किया गया स्वागत

# सांसद ने गरीब बिटिया की शादी के लिए दान किया चांदी का मुकुट

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** कानपुर से फर्रुखाबाद जा रहे कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी का कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। स्वागत के दौरान पहनाए गए चांदी के मुकुट को उन्होंने किसी गरीब की बेटी की शादी के लिए दान कर दिया। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर और भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल भी मौजूद रहे।

फर्रुखाबाद जाते समय सांसद रमेश अवस्थी का शिवराजपुर क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत किया गया। ब्लाक गेट पर ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई ने सांसद, विधायक और क्षेत्रीय अध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। सांसद रमेश अवस्थी ने चांदी का मुकुट वापस कर दिया और बोले कि यह किसी गरीब बेटी की शादी में दान कर देना। उनकी इस दरियादिली की कार्यकर्ताओं ने खूब तारीफ की।


ब्लॉक में पौधा लगाते विधायक राहुल सोनकर, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल।

इसके बाद उन्होंने ब्लॉक परिसर में पौधरोपण भी किया। क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता का सम्मान है। कार्यकर्ता के सम्मान के लिए पार्टी सजग है। कुछ लोग 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता वापसी के लिए मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं।

इसके बाद शिवराजपुर टोल प्लाजा पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, बिरजू मिश्रा, बंडू अग्निहोत्री, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मोहित शुक्ला, लल्लन शुक्ला, साहिल मिश्रा, आयुष शुक्ला, मन्नी पंडित, कुश अग्निहोत्री, प्रदीप सिंह, भोलू दुबे, हरिपाल सिंह आदि रहे।


मंधना में सांसद रमेश अवस्थी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### हर घर तक नाली और खरंजा का किया वादा

**बिठूर।** सांसद रमेश अवस्थी ने गुरुवार को मंधना में ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। मंधना चौराहे पहुंचे सांसद रमेश अवस्थी का राम अवस्थी, शिवम दिक्षित, अंकुश पांडेय, यश दीक्षित, प्रमोद वाजपेई, गुड्डू शुक्ला, विपिन भाटिया, विजय राजपूत ने प्रथम आगमन पर स्वागत किया। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि क्षेत्र का विकास कराया जाएगा और हर घर तक नाली-खरंजा के साथ पीने के शुद्ध पानी की व्यवस्था की जाएगी।

### बिल्हौर में स्वागत करने के लिए उमड़े भाजपाई

**बिल्हौर।** गृह जनपद जाते समय कानपुर सांसद रमेश अवस्थी का क्षेत्र में स्वागत किया गया। पहली बार आए सांसद का उत्साह से स्वागत किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने भी सांसद के साथ स्वागत कार्यक्रम में भाग लिया। सांसद रमेश अवस्थी ने बिल्हौर विधानसभा के उत्थान के लिए हर संभव मदद के साथ विधायक राहुल बच्चा सोनकर के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। बिल्हौर में कई जगह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कुश अग्निहोत्री, राज कुमार भदौरिया, अलोक मिश्रा, अविरल शुक्ला, नवले मिश्रा, इन्दु शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। जीटी रोड के हर कस्बे में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## एक नजर

### श्रीबाला जी धाम के महंत वीरेंद्र पांडेय का निधन

**रूरा।** क्षेत्र के धनीरामपुर स्थित श्रीबाला जी धाम के मुख्य महंत वीरेंद्र पांडेय (85) का निधन हो गया। उनका बीमारी के चलते कानपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। सूचना मिलते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता, मनोज यादव, मोहित तिवारी, अश्वनी पांडेय आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महंत के निधन से उनके भक्तों पर शोक की लहर है। तमाम लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए श्रीबाला जी धाम पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।



### बर्रा ग्रीनबेल्ट में बना शौचालय हटेगा, मेट्रो ने मांगी अनुमति

**कानपुर।** कॉरिडोर-2 के तहत डबलपुलिया से बर्रा आठ तक मेट्रो का कार्य चल रहा है। इस रूट पर आने वाले व्यवधानों को मेट्रो एक-एक कर दूर कर रहा है। परियोजना प्रबंधक अर्जुन श्रीवास्तव ने बर्रा-7 के निकट ग्रीन बेल्ट पर बने नगर निगम शौचालय को हटाने के लिये अनुमति मांगी है। मेट्रो के परियोजना प्रबंधक-3ए ने नगर निगम अधिशाषी अभियंता जोन 5 को पत्र लिखकर कहा कि नियमानुसार मेट्रो काम खत्म करने के बाद शौचालय को सामान सहित निर्माण स्थल के बगल में शेष भूमि पर बना देगा। इसलिये कार्य में व्यवधान न आये इस लिये शौचालय को अभी हटाने की अनुमति दे दी जाये। ताकि मेट्रो का काम सुचारू रूप से हो सके।

### बिजली गिरने से महिला की चली गई जान

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के भीखा पुरवा निवासी अशोक पाल की 30 वर्षीय पत्नी नीलम पाल शाम करीब 4 बजे धान की बेल उखाड़ने के लिए के लिए खेत जा रही थी, तभी तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे पुत्र सूरज व पुत्री शिवांगी को छोड़ गई। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार अनिरुद्ध, चौकी इंचार्ज झींझक अनुज अवस्थी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नायब तहसीलदार ने आर्थिक सहायता का भरोसा दिया है।

### विद्युत तारों से टकराकर मोर की मौत

**मूसानगर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार अशोक नगर में ट्रांसफार्मर में लगे विद्युत तारों से टकराकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी ने कार्रवाई की। भोगनीपुर के रेंजर स्वामी दीन ने बताया कि ट्रांसफार्मर में लगे तारों से टकराकर मोर की मौत की जानकारी मिली है। वन विभाग के क्षेत्रीय दरोगा रामचंद्र व उनकी टीम को मौके पर भेजा गया है।

### ऑटो में सवारी बनकर बैठी महिलाओं ने पार किए झाले

**रूरा।** ऑटो में सवारी बनकर बैठी महिलाओं ने एक महिला के पर्स से उसके झाले पार कर दिए। जिगनिश गांव ससुराल से दीपा अपनी मायके अकबरपुर ऑटो से जा रही थी। रास्ते में दो महिलाएं सवारी बनकर ऑटो में बैठ गई। दीपा ने बताया कि वह जैसे ही रूरा पहुंची और बैग चेक किया तो उसमें से झाले गायब थे। वह ऑटो के पास आकर उन महिलाओं को ढूंढने लगी, लेकिन दोनों गायब हो गई। उसने थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। छानबीन कराई जा रही है।

# पतारी गांव में फैला बुखार किशोर में मलेरिया की पुष्टि

## स्वास्थ्य टीम ने 15 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** पतारी गांव में जलभराव और गंदगी से बुखार का प्रकोप फैल गया है। जिला अस्पताल में भर्ती बुखार पीड़ित एक किशोर की जांच में मलेरिया की पुष्टि हुई। इसके बाद गुरुवार को राजपुर पीएचसी से स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची और 15 लोगों के खून के नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेजा।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के औडेरी गांव के मजरा पतारी गांव निवासी उमेश चंद का बेटा अंश (12) एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित है। बुधवार को अंश इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां खून की जांच में मलेरिया की पुष्टि हुई। इसकी जानकारी होने पर गुरुवार को राजपुर पीएचसी से चार सदस्यीय स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची और गांव में बुखार पीड़ित 15 लोगों के खून की जांच के लिए सैंपल लिए गए।



पतारी गांव में बुखार पीड़ितों का सैंपल लेते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

- गांव में गंदगी और जलभराव से बीमारी फैलने की संभावना
- बीमार लोगों की हालत पर नजर रख रही स्वास्थ्य टीम

राजपुर पीएचसी के प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अंश के परिजनों ने जिला अस्पताल से छुट्टी कराकर उसे मुंगीसापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पड़ोस में रहने वाले 15 लोगों की स्लाइड बनाई गई है। गांव में गंदगी व जलभराव के कारण बीमारी फैलने की संभावना है।

फिलहाल गांव में लगातार नजर रखी जा रही है। स्वास्थ्य टीम में एलटी अजीत सिंह, सीएचओ कोमल श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट कल्याण सिंह, आशा देवकली मौजूद रहे।



राजपुर पीएचसी में मरीजों का इलाज करते डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

# उमस भरी गर्मी से बढ़े मरीज

संवाददाता, राजपुर

- जांच के बाद बीमारियों से बचने की सलाह दे रहे डॉक्टर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के चलते राजपुर पीएचसी में संक्रामक मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को डाक्टर परीक्षण के दवा देकर बीमारी से बचने के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

राजपुर पीएचसी में भीषण गर्मी के चलते बढ़ रही बीमारियों से गुरुवार को 125 मरीज पहुंचे। चिकित्सकों ने मरीजों का चेकअप के बाद दवा दी। कुंवरपुर से आई दीपा ने बताया कि दो दिनों से बुखार आ रहा है। बदन दर्द व जुकाम बना रहता है। डाक्टर अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने मरीज की खून की जांच के बाद दवा दी गई है। साथ ही संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए हैं।

वहीं गर्भवतियों की जांच के बाद खान-पान के लिए ताजा खाना व हरी सब्जियों का सेवन अधिक करने तथा समय पर टीकाकरण व स्वास्थ्य का परीक्षण कराने की सलाह दी गई ह। उन्होंने बताया कि गुरुवार को 125 मरीज खांसी-जुकाम, बुखार के 55, खुजली 65 तथा 5 लूज मोशन के मरीज आए।

## सार-संक्षेप

### बिजली गिरने से किसान की मौत, एसडीएम पहुंचे

**मूसानगर।** क्षेत्र के बउवां गांव में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से भैंस चरा रहे किसान की मौत हो गई। एसडीएम ने मौके पर जाकर जानकारी ली और आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। बउवां गांव निवासी मुलायम सिंह ने बताया कि उनके बड़े भाई गंगाचरन (42) गुरुवार को खेतों में मवेशी चराने के लिए गए थे। तभी अचानक तेज बारिश होने लगी। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह चपेट में आ गए और मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर मृतक की वृद्ध मां रामश्री, पत्नी लक्ष्मी देवी, पुत्री प्रिया, श्रेया समेत अन्य परिजन रोते-बिलखते रहे। जानकारी पर एसडीएम सर्वेश कुमार ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को किसान दुर्घटना बीमा के तहत कार्रवाई कर दो दिनों में चार लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल राजेश पटेल से रिपोर्ट मांगी है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मृतक के भाई की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



गंगाचरन।

### सहायक निदेशक सूचना ने कार्यभार किया ग्रहण

**कानपुर देहात।** ललितपुर से तबादले पर आए सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह ने कानपुर देहात में कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने बताया कि हमारी शीर्ष प्राथमिकता होगी कि शासन व पत्रकारों के मध्य निरंतर तालमेल बना रहे। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों का सघन प्रचार-प्रसार हो। उन्होंने जिला सूचना कार्यालय पहुंचकर स्टाफ के साथ में बैठक की और उनके पटलों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



### 100 जोड़े से अधिक हों तो जिलाधिकारी मौजूद रहें

**कानपुर।** शासन से जारी पत्र में सभी जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विभिन्न समुदाय व धर्मों के रीति-रिवाज के अनुसार जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया जाए। विवाह समारोह में कुछ चीजों का विशेष ध्यान रखा जाए। जैसे आयोजन व्यवस्थित हो। विवाह योग्य जोड़ों की संख्या 100 के अंदर रखी जाए, यदि संख्या 100 के ऊपर हो तो जिलाधिकारी खुद मौजूद रहकर कार्यक्रम को व्यवस्थित संपन्न कराएं। इसके अलावा जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, ब्लाक प्रमुख आदि को समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जाकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें और पूर्व सांसद, विधायक से पूछकर उनके क्षेत्र में सामूहिक विवाह की तिथि निश्चित की जाए।

### महिला जनप्रतिनिधि समेत चार पर रिपोर्ट

**कानपुर।** ग्वालटोली के रहने वाले कबाड़ कारोबारी ने कोर्ट के आदेश पर एक महिला जनप्रतिनिधि और उसके परिजनों समेत चार के खिलाफ हत्या का प्रयास, बलवा और धमकाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्वालटोली में ब्रह्मदेव मंदिर के पास रहने वाले संतोष कश्यप कबाड़ का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि बीते 13 अप्रैल को वह अपने भाई रमेश के साथ दुकान पर बैठा था। आरोप है कि तभी महिला जनप्रतिनिधि ने अपने भाई समेत चार लोगों के साथ दुकान पहुंचकर रंगदारी मांगी। जब उसने विरोध किया तो आंख के पास सरिया मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने मामले को लेकर तहरीर दी लेकिन पुलिस के सुनवाई न करने पर उसने कोर्ट की शरण ली। पीड़ित का आरोप है कि महिला जनप्रतिनिधि उसके खिलाफ पूर्व में छेड़छाड़ व एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करा चुकी है। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

### युवक के लापता होने पर गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** युवक ने अपने भाई की लापता हो जाने की गुमशुदगी दर्ज कराई है। शेखीपुर गांव के जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उसका भाई सतेंद्र किसी निजी काम से रूरा गया था। वह देर शाम तक घर वापस नहीं आया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि गुमशुदगी की दर्ज कर ली गई है। युवक की तलाश की जा रही है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**पुखरायां।** डींघ गांव के समीप ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के डींघ गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह (25) गुरुवार को ट्रैक्टर लेकर खेत जा रहा था। अभी वह गांव के बाहर पहुंचा ही था तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

# शादी कराने के नाम पर 5 लाख रुपये की ठगी

संवाददाता, रूरा

- पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अधेड़ ने शादी के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रूरा क्षेत्र के एक गांव निवासी श्रीराम ने बताया कि उसकी पत्नी का देहांत हो गया है। जिससे वह अकेला है और कोई खाना पीना बनाने वाला भी नहीं है। जिसपर वह शादी करना चाहता है। आरोप है कि पड़ोस के एक गांव के दीपू और उसकी पत्नी सोनी ने शादी का लालच दिया और एक युवक-युवती से मिलवा दिया। साथ ही शादी की बातचीत भी करा दी। कुछ बीतने के बाद युवती ने उससे पैसे मांगना शुरू कर दिया। वह किसी अंजान व्यक्ति भेज कर पैसे मंगा लेती थी। धीरे-धीरे वह पांच लाख रुपये दे चुका है।

मंगलवार को भी अधेड़ के पास उसी अज्ञात युवक का फोन आया और कहा कि पांच लाख रुपये लेकर बाला जी मंदिर के पास आए जाए। जहां वह लड़की को लेकर आएगा और उसकी शादी करा देगा। जिसपर उसने शिकायत थाने में की। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दर्ज नंबर पर लोकेशन लगा कर लक्ष्मणपुर गांव के कृष्ण कुमार को हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है।

# हादसे में पिता की मौत, बेटा गंभीर

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** मिण्डाकुंआ के समीप रूरा मार्ग पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मारी दी। हादसे में बाइक सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नाबालिग बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चालक को डंपर समेत हिरासत में लिया है।

रसूलाबाद कस्बा के केशव नगर निवासी संजय (40) अपने चौदह वर्षीय पुत्र सोहन के साथ गुरुवार की सुबह बाइक से अपनी ससुराल घाटमपुर से वापस अपने घर आ रहे थे। तभी रसूलाबाद क्षेत्र के मिण्डाकुंआ गांव के समीप रूरा की ओर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने अनियंत्रित होकर बाइक में जोरदार टक्कर मारी थी। जिससे बाइक सवार संजय (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बेटा सोहन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को सीएचसी भेजा। जहां ईएमओ डॉ. ब्रजेश कुमार ने हालत गंभीर देख सोहन को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। उप निरीक्षक देव नारायण द्विवेदी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



हादसे में पिता की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



संजय।



घायल सोहन।

# बैठक में छाया रहा नशा और रोहिंग्या का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार को पुलिस कमिश्नर के कैंप कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और पुलिस आधिकारियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के कई गंभीर मुद्दों को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अपनी बातें रखीं। जिस पर पुलिस कमिश्नर ने तत्काल उस पर कार्रवाई करने के निर्देश अफसरों को दिए।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई थी। जिसमें महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि हम तो अतिक्रमण हटवा देते हैं, लेकिन पुलिस फिर से लगने देती है। जिससे यातायात प्रभावित होता है, और जाम लगता है। एमएलसी सलिल विश्वनोई ने कहा कि स्कूली बच्चों का पुलिस पीछे से फोटो खींचकर 25-25 हजार रुपये का चालान कर रही है, जो ठीक नहीं है। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय की जमीन पर कुछ रोहिंग्या परिवारों ने कब्जा कर लिया है। इसे खाली कराया जाए। विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि पूरे शहर में नशीले पदार्थ खुले में बेचे जा रहे हैं। जिससे युवा पूरी तरह से बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि थानास्तर से ठीक से कार्रवाई नहीं हो रही है, इस कारण मुख्यालय में अफसरों के पास भीड़ लग रही है। वहीं सुरेश अवस्थी का कहना था कि जो लोग सड़क पर गाड़ियों में बैठे रहते हैं, उनकी भी फोटो खींचकर चालान कर दिया जा रहा है, जो ठीक नहीं है। इस गंभीर मामलों को सुनकर पुलिस कमिश्नर ने सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गोष्ठी में सांसद मिश्रिख अशोक कुमार रावत, विधायक बिल्हौर मोहित सोनकर उर्फ राहुल बच्चा, विधायक घाटमपुर सरोज कुरील, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरूण, व अन्य लोगों के साथ बैठक हुई। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय व अपराध विपिन कुमार मिश्रा, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त पूर्वी, पश्चिम, दक्षिण, सेन्ट्रल, यातायात व स्टॉफ ऑफिसर मौजूद रहे।



पुलिस कमिश्नर कैंप कार्यालय में मौजूद पुलिस कमिश्नर व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

- पुलिस कमिश्नर के कैंप कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

# झमाझम बारिश से सड़कें बनीं तालाब

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और उमस के बाद गुरुवार को झमाझम बारिश होने से कस्बे की सड़कों पर तालाब सा नजारा हो गया। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ी। हालांकि बारिश से कुछ राहत जरूर मिली।

मूसानगर कस्बे के नय्यूम अली, सुभम गुप्ता, सुरेश कुमार, राजीव सोनी, शुभम द्विवेदी आदि ने बताया कि गुरुवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से कस्बे की सड़कें तालाब बन गई। सफाई कर्मचारियों की लापरवाही से नालियां चोक पड़ी है। जिससे पानी नहीं निकल पा रहा और मेन बाजार शंकर जी मंदिर के पास सड़क पर पानी भर गया। वहीं वार्ड नंबर बारह विकास नगर में भी भीषण जलभरा रहा। जिसमें बच्चों ने नहाने का लुफ्त उठाया।

वहीं मुगल रोड के पास ईदगाह वाली गली में नालियां जाम होने से जलभराव हो गया। लोगों का कहना है कि जल निकासी की व्यवस्था दुरस्त न होने से जलभराव हो जाता है।

ऐसे में लोग पानी से होकर निकलने को मजबूर हैं। वहीं सफाई कर्मचारी नियमित सफाई नहीं करते और केवल जिओ टैग फोटो डालकर इतिश्री कर लेते हैं। ऐसे में आम जनमानस को समस्या का सामना करना पड़ता है। वहीं झमाझम बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी में काफी राहत मिली।



बारिश के बाद मूसानगर कस्बे में सड़कों पर जलभराव।

- सफाई न होने से नालियां चोक पड़ीं, आवागमन में दिक्कत

# वादी के बयान पर एसओजी प्रभारी गिरफ्तार किए गए थे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बलवंत हत्याकांड में प्रथम विवेचक के कोर्ट में बयान

**अमृत विचार।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में प्रथम विवेचक पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र कुमार मिश्र के बयान दर्ज हुए। उन्होंने कहाकि वादी के बयान पर तत्कालीन एसओजी प्रभारी को गिरफ्तार किया गया था। यह जानकारी वादी पक्ष के वकील जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी।

विवेचक ने बताया कि घटना के वादी अंगद सिंह के बयान उसके घर पर दर्ज किए और उसी आधार पर आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि एसपी के आदेश पर 16 दिसंबर 2022 तक विवेचना की थी। विवेचक से तत्कालीन शिवली एसओ राजेश सिंह, एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, मैथा चौकी प्रभारी ज्ञानप्रकाश पांडेय, एसओजी के सदस्य आरक्षी सोनू यादव, प्रशांत पांडेय, दुर्वेश एवं अनूप कुमार की तरफ से जिरह पूरी की गई। कोर्ट ने अगले विवेचक सीओ शिवप्रताप सिंह की गवाही के लिए 22 जुलाई की तिथि नियत की है। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि वादी अंगद सिंह, साक्षी बलबीर सिंह, गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह, रामजी, जिला अस्पताल के डॉ. निशांत पाठक और बलवंत सिंह का पोस्टमार्टम करने वाले पैनल डॉक्टर दीपेंद्र उत्तम के न्यायालय में बयान दर्ज हो चुके हैं। मामले की सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच पूनम सिंह की न्यायालय में चल रही है। गुरुवार को सातों पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश किए गए।

**बैठक** सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित फ्लैशिप विकास कार्यक्रमों की जिलाधिकारी ने प्रगति समीक्षा की

# सभी विभाग पोर्टल पर फीड करें आंकड़े

कार्यालय,संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित फ्लैशिप विकास कार्यक्रमों की प्रगति व सीएमआईएस पोर्टल पर प्रर्दशित निर्माण कार्यों की माह जून की प्रगति की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई।

गुरुवार को डीएम आलोक सिंह ने सबसे पहले सी, डी एवं ई श्रेणी में आए हुए विभागों की समीक्षा की। निर्देशित किया कि सभी विभाग त्रुटि रहित आंकड़े समय से पोर्टल पर फीड कराएं। यदि आंकड़ों से संबंधित कोई समस्या हो तो अपने निदेशालय से संपर्क कर तत्काल ठीक कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग की परियोजना की रैंक आने वाले माह में नीचे नहीं जानी चाहिए। इसके साथ ही कोई भी विभाग पोर्टल पर गलत रिपोर्टिंग नहीं करेगा। इसलिए सभी विभाग नियमित अपने-अपने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा जरूर करें और योजनाओं की प्रगति से संबंधित आंकड़े अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय में समय से उपलब्ध कराएं।

साथ ही सीडीओ लक्ष्मी एन. द्वारा आंकड़ों की पुष्टि किए जाने पर ही डाटा पोर्टल पर फीड करें। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पीओ नेडा ने बताया कि जनपद में विद्युत उपभोक्ताओं के घरों पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरेलू सोलर रूफटॉप की स्थापना कराई जानी है। सभी आवासीय विद्युत कनेक्शन धारक उपभोक्ता जिनका विद्युत बिल जमा है, इस योजना के पात्र हैं। उपभोक्ता विद्युत विभाग से स्वीकृति विद्युत भार के समतुल्य या कम क्षमता का सोलर रूफटॉप संयंत्र अपने निज आवास पर लगवा सकते हैं।

इस संयंत्र की स्थापना से उपभोक्ता के विद्युत बिल में 60 से 70 प्रतिशत की मासिक बचत संभव है। इसके साथ ही पीएम सूर्यघर योजना में अनुदान भी अनुमन्य है। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

# सफाई न होने से फत्तेपुर गांव की नालियां चोक

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत मूसानगर के वार्ड नंबर पांच फत्तेपुर में सफाई कर्मचारियों की लापरवाही से नालियां चोक पड़ी है। जिससे हर फैली गंदगी से बीमारियों की आशंका बनी हुई है। शिकायत के बावजूद अधिकारी सफाई कराने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर पंचायत मूसानगर के वार्ड नंबर पांच फत्तेपुर में नियमित साफ-सफाई न होने से गलियों में गंदगी फैली हुई है और जलभराव से बजबजाती नालियां बीमारियों को दावत दे रही हैं। वार्ड निवासी राजेश पाल, प्रेम, पप्पू, बब्लू, अवधेश आदि ने बताया कि नगर पंचायत में शिकायत करने के बावजूद सफाई व्यवस्था खस्ताहाल है। बजबजाती नालियों से उठती दुर्गंध से लोग परेशान हैं।

वहीं बजबजाती नालियां मच्छरों के पनपने का अड्डा बन गई हैं। जिससे लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा है। वार्ड नंबर पांच फत्तेपुर के सभासद सुनील पाल ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत करने के बावजूद वार्ड में साफ-सफाई नहीं हो रही है। जिससे गलियों में गंदगी के साथ-साथ नालियां चोक है।



फत्तेपुर में चोक पड़ी नाली। अमृत विचार

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवश : कर्म सर्व : प्रकृतिजैर्गुणै : ॥

नि :संदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

## संपादकीय

# रेल हादसों के पीछे

देश में लगातार बढ़ रहे रेल हादसों के क्रम में गोंडा जिले में हुई रेल दुर्घटना बेहद दुखद है। गुरुवार को जिले में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा 20 घायल हो गए। हादसे के कारण कई गाड़ियों को रद किया गया तथा 10 रेलगाड़ियों को मार्ग बदलकर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रतिदिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में पटरी से गाड़ी उतरने के मामले अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। साथ ही रेलवे से जुड़ी त्रासदियों के पीछे दोषपूर्ण सिग्नलिंग प्रणाली से लेकर मानवीय त्रुटि तक कई कारण होते हैं। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन जाती है। पिछले माह 17 जून को सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगपानी के पास एक मालगाड़ी खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। ट्रेन दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट सहित 10 लोगों की मौत हो गई। बाद में रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन संचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियां हुईं।

विश्व के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्क में से एक भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। परंतु रेलवे तंत्र धन की कमी, भ्रष्टाचार और अक्षमता से भी ग्रस्त है जो इसके विकास एवं रखरखाव को प्रभावित करती है। कई रूट 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित हैं, जिससे भीड़भाड़ और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि गुरुवार को हुए रेल हादसे की जांच के बाद ही इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि क्या ट्रेन या पटरी के नियमित निरीक्षणों में चूक हुई थी। अनियमित रखरखाव के कारण खराबी हुई और ट्रेन पटरी से उतर गई। फिलहाल देश में सुरक्षा की स्थिति और बेहतर सुरक्षा उपायों एवं अवसंरचना की आवश्यकता के संबंध में रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के समाधान के लिए सरकार व रेलवे प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

# अनुशासित जीवनचर्या और पर्यावरण संतुलन



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है?

इस बार जून में सप्ताह-सप्ताह भर के लिए हिमाचल और उत्तराखंड के अलग-अलग पर्वतीय क्षेत्रों में जाना हुआ। कारण था तेज गर्मी से निजात पाना, पर वहां के तापमान में भी कोई विशेष अंतर न था। वहां पर भी लोग इसका जिम्मेदार उन्हीं तौर तरीकों को ठहरा रहे थे, जो हर जगह पर्यावरण असंतुलन का कारण बताए जाते हैं। लोगों के अनुसार मानव की पर्यावरण विरोधी गतिविधियों ने प्राकृतिक असंतुलन पैदा कर दिया है, जो तीव्र गर्मी, वर्षा, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।

पर्यावरण शिक्षा प्रारंभिक स्तर से ही हर पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग होती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तत्संबंधी सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना होता है, जिससे उनमें पर्यावरण की व्यावहारिक समझ उत्पन्न हो और वे इससे संबंधित समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के प्रति जागरूक हों। वे सिर्फ पर्यावरण की परिभाषा तक ही सीमित न रहें, बल्कि इसके संतुलित-असंतुलित होने के कारण, प्रभाव, दुष्प्रभाव और समाधान के प्रति भी संवेदनशील हों। पर्यावरण शिक्षण में हम प्रमुख रूप से जिस मुद्दे पर बात करते हैं वह है प्रदूषण और प्राकृतिक साधनों जैसे वन संपदा तथा पारिस्थितिकी का संरक्षण। यहां हम इन पर चर्चा करते-करते विज्ञान की प्रगति और विकास को पर्यावरणीय असंतुलन का प्रमुख कारण ठहराने लगते हैं, पर क्या विकास की प्रक्रिया गैर जरूरी है? क्या विकास और पर्यावरण के बीच समुचित संतुलन स्थापित नहीं किया जा सकता? अगर हम इन बिंदुओं पर विचार करें तो पाएंगे कि पर्यावरण संतुलन के आड़े न तो विज्ञान आता है और न ही विकास।

पर्यावरण संतुलन हम सबसे एक अनुशासित जीवनचर्या की मांग भर है। अब क्योंकि पर्यावरण असंतुलन की स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित भी मानव ही होता है अतः आवश्यक है कि हम अपनी जरूरतों भर ही प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें। प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक और अंधाधुंध दोहन ही क्रमशः असंतुलन की ओर ले जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि के चलते नित नए आविष्कारों का होना स्वाभाविक है और उनमें

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है।

प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होना भी, पर यदि हम इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन पर भी संवेदनशील होते हैं तो यह स्थिति संतुलित बनी रहती है। यदि हम आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में किसी वृक्ष पर आरी चलाते हैं तो उसके साथ ही कम से कम दस पौधे रोपने और उनकी परवरिश की जिम्मेदारी भी हमें ही चाहिए और यह बात हर एक प्राकृतिक संसाधन के उपयोग पर समान रूप से लागू होती है।

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है? या हमारी स्वयं की दिनचर्या में ऐसे कौन-कौन से क्रियाकलाप हैं, जिनमें आंशिक सुधार करके ही हम पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं? यदि हम इन सवालों पर थोड़ा ठहरकर तथा संवेदनशील होकर विचार करें तो पाएंगे कि हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, जीव जगत, भूगर्भ तथा खगोल से जुड़ी हमारी तमाम ऐसी गतिविधियां हैं जिनको आवश्यकतानुसार कम करके पर्यावरण को पोषित किया जा सकता है। यहां सवाल यह उठता है कि हम क्या करें कि जिससे हमारा पर्यावरण पोषित और संवर्धित हो? इसके लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर छोटे-छोटे योजनाबद्ध काम जरूरी होंगे। बच्चों में पर्यावरण जागरूकता हेतु दो स्तरों पर काम करना होगा। पहला-पर्यावरण की गहरी व संवेदनशील समझ पैदा करना, दूसरा-भावी खतरों, संभावनाओं को समझते हुए उनके समाधान में अपनी भूमिका निर्धारित करने का कौशल विकसित करना। इसके लिए प्रार्थना स्थल, कक्षा के अंदर तथा कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों को नियोजित क्रम में कराना होगा। प्रार्थना स्थल पर प्रकृति के अनिवार्य घटकों के प्रति आदर व कृतज्ञता प्रदर्शित करने वाली रचनाओं को शामिल करना, पर्यावरण संवेदना से संबधित प्रेरक प्रसंग सुनाना, प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं और उनके समाधान के तरीकों पर चर्चा कराना, दैनिक आधार पर स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पर्यावरणीय जागरूकता से सबंधित क्रियाकलापों का कराया जाना उपयोगी होगा।

कक्षा के अंदर के क्रियाकलापों में पर्यावरण जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाना, नारा लेखन, पर्यावरण क्विज, कविता, कहानी व निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अंत्याक्षरी, रोल-प्ले, पर्यावरण जागरूकता से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सफलतामूलक कहानियां जैसे क्रियाकलाप प्रभावी साबित होंगे। कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों में परिसर की स्वच्छता, पौधारोपण व संरक्षण, परिसर के जलस्रोतों की स्वच्छता व रखरखाव, सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण क्लब की गतिविधियां संचालित करना जैसे कार्य बच्चों को सहज व स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएंगे। विद्यालय स्तर पर पर्यावरण पत्रिका, पर्यावरण कैलेंडर, दीवार अखबार के जरिए विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना के अंकुर सहज रूप से रोपित किए जा सकते हैं। सामुदायिक स्तर पर पर्यावरणीय यात्राएं, क्रियात्मक शोध, पर्यावरण प्रदर्शनी, पर्यावरण मेले, नुक्कड़ नाटक तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का साक्षात्कार जैसे क्रियाकलाप पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है। विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना संबंधी मूल्य विकसित हो रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ व्यवहारगत परिवर्तनों का भी नियमित अंतराल पर मूल्यांकन हो। इसके लिए परंपरागत मूल्यांकन के बजाय व्यावहारिक तरीकों पर काम करना होगा। इनके अंतर्गत बच्चों को दैनंदिनी में दिए गए कार्य का अवलोकन, तत्क्रम में उनकी दिनचर्या का अवलोकन, दैनिक वर्कशीट के आधार पर कार्य का संपादन, समूह व एकल गतिविधियों में सहभागिता, वीडियो /ऑडियो प्रेजेंटेशन के दौरान चर्चा में प्रतिभागिता, केसलेट डिस्कशन , न्यूजबुक बनवाना, पिक्चर शीट बनवाना जैसे तरीके कारगर साबित होंगे। विद्यार्थियों के समक्ष पर्यावरण मैत्रिक विद्यालय की अवधारणा प्रस्तुत कर तथा उनका सहयोग लेकर हम विद्यालयों को यह स्वरूप प्रदान कर सकते हैं।

विद्यालय पुस्तकालय में प्रमुख पर्यावरणविदों से संबंधित संदर्भ सामग्री, पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु दिए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान, प्रमुख संगठन, सरकार द्वारा इस हेतु संचालित प्रमुख योजनाएं तथा प्रमुख कानूनों की जानकारी से संबंधित संदर्भ सामग्री जुटाकर हम विद्यार्थियों में पर्यावरण विषयक गहरी समझ पैदा कर सकते हैं। प्रमुख पर्यावरणीय संगठनों की वेबसाइट्स, ई-बुक्स, जर्नल्स इस क्षेत्र में बच्चों के ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं। इन संसाधनों के जरिए विद्यार्थी पर्यावरण के क्षेत्र में मौजूद करियर संभावनाओं से भी परिचित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 पर्यावरण शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर जोर देती है। यह संभव हो इसके लिए आवश्यक होगा कि विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरणीय संवेदना के मूल्य विकसित किए जाएं ताकि वे भविष्योन्मुखी चिंताओं और चुनौतियों के समुचित समाधान के साथ आगे बढ़े। स्वाभाविक ही है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व भी है और कर्तव्य भी। यह भी, कि यह संतुलित रहे इसकी चिंता हमें आज और अभी से करनी होगी। कल शायद बहुत देर हो जाएगी।

## प्रसंगवश

# हुनर कौन सिखाएगा

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे।



संजय वर्मा
इंदौर

बेटा आप बड़े होकर क्या बनोगे? यह सवाल आमतौर पर हर बच्चे से कभी न कभी पूछा जाता है। आपसे भी पूछा गया होगा और संभव है आपने जवाब में डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक या हवाई जहाज का पायलट बनने की इच्छा जताई हो। पर सोचिए यदि आप जवाब में कहते-मैं बड़ा होकर एक कारपेंटर बनना चाहता हूं या मकान बनाने वाला मिस्त्री बनना चाहता हूं तब क्या होता? आपने यह जवाब नहीं देकर अपने बड़ों को एक बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

असल में हमारे यहां पूरी शिक्षा व्यवस्था में बढ़ई, लोहार, दर्जी, मिस्त्री जैसे तमाम हुनर सिखाने के लिए किसी स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं है। मजे की बात यह है कि बड़े होकर ज्यादातर बच्चे आज भी इन्हीं हुनर के इस्तेमाल से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। आज भी खेती के बाद ज्यादातर लोग जीवनयापन के लिए इसी तरह के छोटे-मोटे हुनर आधारित रोजगार करते हैं। हैरानी की बात है कि आजादी के 77 साल बाद भी किसी ने नहीं सोचा कि ये तमाम छोटे-मोटे रोजगार करने वाले लोग इसके लिए आवश्यक हुनर कहां से सीखेंगे? पहले हमारे पास इसके लिए वर्ण व्यवस्था थी, हम दावा करते हैं कि हमने उस घृणित वर्ण व्यवस्था को खत्म कर दिया, जो कहती थी सुतार का बेटा सुतार ही बनेगा, मगर सुतार बनने की शिक्षा स्कूलों में नहीं देने का सीधा मतलब उसी वर्ण व्यवस्था का समर्थन करना है, जो कहती है लोहार बनने के लिए आपको लोहार के घर में ही पैदा होना होगा। इस तरह हुनर को स्कूली शिक्षा में शामिल नहीं कर के एक तरफ तो हमने वर्ण व्यवस्था को समर्थन दिया, दूसरी तरफ रोजगार के संभावित अवसर खत्म कर दिए।

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे। भारत जिस जवान आबादी को डेमोग्राफिक डिविडेंड कह रहा है वह बेरोजगारों की एक बड़ी फौज बनकर तबाही भी ला सकती है। चीन की तरह की मैन्युफैक्चरिंग इकोनॉमी बनाने का सपना देखना अच्छी बात है, पर इसके लिए प्रशिक्षित कामगार कौन सा स्कूल बना रहा है, यह भी सोचना चाहिए। सोचना चाहिए कि क्यों हमने हुनर को स्कूली शिक्षा में जगह नहीं दी। शायद यह भी वर्ण व्यवस्था की वजह से हुआ, जिसने हमारे समाज में दिमाग का काम करने वालों को ऊंचे स्थान पर और हाथ का काम करने वालों को सबसे नीचे स्थान पर रखा।

इसका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो हाथ का काम करते हैं वह भी अपने बच्चों को इस रोजगार से दूर रखना चाहते हैं, उन्हें ऑफिस का चपरासी बनना मंजूर है, लेकिन एक सफल टेक्नीशियन बनना नहीं, जिसमें चपरासी की नौकरी के मुकाबले कहीं अधिक पैसा है। किसी खास काम को समाज कितना पारिश्रमिक या कितना सम्मान देगा यह एक जटिल प्रश्न है। कभी-कभी इसके पीछे उस काम को करने में लगने वाली मेहनत या योग्यता के अलावा सामाजिक इतिहास के कारण भी होते हैं। हमारे यहां हाथ के काम करने वालों को ज्यादा मेहनत करने के बावजूद हमेशा से कम पैसा दिया जाता है। तमाम विकसित देशों में दिमाग और हाथ का काम करने वालों के बीच तनख्वाह का फर्क अधिकतम तीन गुना होता है, जबकि हमारे यहां यह हजारों गुना है।

वजह जो भी हो अब समय आ गया है कि भारत के स्कूलों में पढ़ाई जाने वाले निरर्थक सूचनाओं को रटवाने के बजाय बच्चों को हाथ के हुनर सिखाए जाएं ताकि वे कम से कम अपने लिए एक छोटा-मोटा रोजगार ढूंढ सकें। वैसे भी साइन थीटा, कॉस थीटा पढ़कर आपने आखिर इसका क्या इस्तेमाल किया?

# बजट से मध्यम वर्ग की उम्मीदें



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

साइबर सुरक्षा उपाय- व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।

2024 का पूर्ण केंद्रीय बजट 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। भारतीय मध्यम वर्ग उन उपायों को देखने के लिए उत्सुक है, जो सीधे उनकी वित्तीय और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मध्यम वर्ग अपनी जरूरतों और अपेक्षाओं के बारे में बात कर रहा है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी, बढ़ती मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के आलोक में।

आयकर में राहत : टैक्स स्लैब का संशोधन- सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदों में से एक आयकर स्लैब में संशोधन है। मध्यम वर्ग उच्च बुनियादी छूट सीमा की तलाश में है, जो वर्तमान में 60 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए 2.5 लाख रुपये है। 5 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी से पर्याप्त राहत मिलेगी, जिससे करदाताओं के हाथों में अधिक प्रयोज्य आय आएगी। स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी-मानक कटौती, जिसे 2018 में फिर से शुरू किया गया था और वर्तमान में 50,000 रुपये है, एक और क्षेत्र है, जहां मध्यम वर्ग वृद्धि चाहता है। इसे बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने से जीवनयापन की बढ़ती लागत और चिकित्सा खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलेगी। आवास और रियल एस्टेटः गृह ऋण पर ब्याज कटौती- संपत्ति की कीमतें बढ़ने के साथ, मध्यम वर्ग को धारा 24 (बी) के तहत होम लोन के ब्याज पर कटौती की सीमा 2 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपये होने की उम्मीद है। इस बदलाव से घर मालिकों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा और रियल एस्टेट क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास : शिक्षा ऋण पर कर लाभ- मध्यम वर्ग धारा 80 ई के तहत शिक्षा ऋण पर बेहतर कर लाभ का इच्छुक है। कटौती की अवधि बढ़ाने और कटौती योग्य राशि बढ़ाने से उच्च शिक्षा लागत के वित्तीय तनाव को कम किया जा सकता है।

स्वास्थ्य देखभाल : वर्तमान कटौती सीमा व्यक्तियों के लिए 25,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये है। इन सीमाओं को क्रमशः 50,000 और 1 लाख रुपये तक बढ़ाने से मध्यम वर्गीय परिवारों को अपनी स्वास्थ्य देखभाल लागत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा और सेवानिवृत्तिः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)- एनपीएस के तहत कर लाभ बढ़ाने से अधिक मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। ईपीएफ और पीपीएफ लाभ-कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर उच्च ब्याज दरें अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, मध्यम वर्ग को इन योजनाओं के लिए अधिकतम योगदान सीमा में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं : जीएसटी दर का युक्तिकरण- आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाना एक बड़ी उम्मीद है। घरेलू उपकरणों, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और अन्य दैनिक आवश्यकताओं जैसी वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से जीवनयापन की कुल लागत कम हो जाएगी। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए सहायता : एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन- मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप में लगा हुआ है। ऋण तक आसान पहुंचकर प्रोत्साहन और सरलीकृत अनुपालन प्रक्रियाओं सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए बेहतर समर्थन अपेक्षित है। महिला उद्यमियों के लिए सहायता- महिला उद्यमियों के लिए बढ़ा हुआ समर्थन, जिसमें क्रेडिट, मेंटरशिप प्रोग्राम और बिजनेस अनुदान तक पहुंच शामिल है, अधिक मध्यम वर्ग की महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने के लिए सशक्त बना सकता है। जलवायु परिवर्तन और सतत जीवन। साइबर सुरक्षा उपाय- व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। मध्यम वर्ग साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए मजबूत नीतियां चाहता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, मध्यम वर्ग एक ऐसे बजट की प्रतीक्षा कर रहा है, जो उनकी मूल चिंताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करता हो। आयकर राहत, किफायती आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और मजबूत सामाजिक सुरक्षा उपाय उनकी अपेक्षाओं में सबसे आगे हैं। इन उम्मीदों के अनुरूप बजट न केवल मध्यम वर्ग का उत्थान करेगा, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

## सोशल फोरम

# कवि के घर चोरी का प्रायश्चित



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

चोर ने लिखा-पता होता, कवि का घर है तो चोरी नहीं करता-इस घटना पर बहुत से मित्र लिख चुके हैं। फिर भी मुझे जरूरी लगा कि कुछ कहा जाए। मराठियों में जातीय चेतना बंगालियों से कम नहीं है। उद्धत भावना कुछ ज्यादा ही है, लेकिन वह तभी आक्रामक होती है जब उसे उकसाया या मर्माहत किया जाता है।

जातीय चेतना का नतीजा है कि मराठी भाषी राजनीतिज्ञ भी भाषा और साहित्य के सम्मेलनों में अवश्य जाते हैं। किसी समय महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, फिल्मों का ही नहीं, नाटक, रंगमंच और साहित्य का बड़ा केंद्र था। यह इप्टा (जन नाट्य संघ) और प्रगतिशील लेखक संघ का युग था। इस आंदोलन ने दो महान काम किए। एक, जनजागरण में महती भूमिका निभाई, दो, जाति-धर्म के बंटवारे से परे सभी कलाकारों को समान महत्व और पहचान दी। जिस मराठी कवि नारायण सुर्वे के घर चोरी हुई, वे प्रगतिशील आंदोलन की देन थे। जैसे शंकर शैलेंद्र थे। वे महाराष्ट्र में इतने लोकप्रिय थे कि उनके काव्यपाठ में डेढ़-दो लाख लोग सुनने आते थे। न बताया जाए तो पता ही न चलेगा कि वे अत्यंत निम्न वर्ण से आते थे, लेकिन उनका सामाजिक सम्मान आज भी कितना है, यह इसी से जाहिर है कि जब चोर को मालूम हुआ कि उसने नारायण सुर्वे के घर पर चोरी की है तो वह सामान लौटा गया। रामविलास शर्मा की दोस्ती नारायण सुर्वे से वैसी ही थी जैसी शैलेंद्र से।

स्टालिन के निधन के बाद सोवियत संघ में उनके खिलाफ प्रचार शुरू हुआ। शैलेंद्र आगरा जाकर रामविलास जी से मिले। मुंबई (तब बंबई) की एक जनसभा में रामविलास जी मौजूद थे। नारायण सुर्वे को कविता पढ़नी थी। पार्टी नेताओं को उसके बाद बोलना था। दो लाख श्रोता उपस्थित थे। उनकी आंखों देखी लोकप्रियता का वर्णन रामविलास जी से मैंने एकाधिक बार सुना था। जातीय चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव मनुष्य को अंदर से बदल देते हैं। चोरी तो जीवन की विडंबनाओं और विवशताओं का नतीजा है, लेकिन यह नैतिकता सांस्कृतिक प्रभाव की देन है, जिसके चलते चोर अपनी भाषा के एक महान कवि के घर चोरी का प्रायश्चित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# निर्णय वापसी से क्या असंतोष मिट गया



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति की अनिवार्यता का आदेश वापस ले लिया गया, क्योंकि यह एक बड़ा राजनैतिक मुद्दा बनने को अग्रसर हो चुका था। समाजवादी पार्टी के मुखिया ने इसका मुखर विरोध करना शुरू कर दिया था। शिक्षकों का एक विशाल वोट बैंक है। सोशल मीडिया पर ऐसी तमाम पोस्ट अपडेट होती रहीं, जिसमें कहीं यह फैसला सरकार वापस न ले ले इसके विरुद्ध वातावरण बनाया जाता रहा। उनका प्रकारांतर से यही मकसद था कि शिक्षकों के असहयोग को निरंतर हवा दी जाए और विधानसभा के आसन्न चुनावों तक मामले को खींचा जाए, जिससे भाजपा को चुनाव में इसकी हानि उठानी पड़े। आखिर उनके मन की नहीं हुई और फिलहाल सरकार को इस निर्णय से पीछे हटना पड़ा, किंतु क्या सरकार के इस निर्णय के वापस ले लेने से भाजपा को जो संभावित हानि होती वह दुर्संभावना टल गई? मेरी और मेरी तरह की सोच रखने वाले बहुत से लोग इस निर्णय से निराश हुए हैं।

दरअसल राजनीति में समझौतावादी रवैया या तुष्टिकरण के हानि लाभ दोनों रहे हैं। मगर कभी-कभी ये नुस्खे बैकफायर भी करते हैं और लाभ के बजाय नुकसान कर जाते हैं। भाजपा अपने दृढ़ निश्चयों के कारण जानी जाती रही है। खासकर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की उनके कठिन निर्णयों के चलते एक बड़ी फैन फॉलोविंग है। चाहे वह शाहीन बाग पर भाजपा के अनिर्णय का ढुलमुल रवैया रहा हो या किसानों से संबंधित एक प्रगतिगामी अधिनियम को दबाव में आकर वापस लेने का, एक बड़े जन समुदाय (किसान समाहित) को यह रास नहीं आया था। फैसले वापस ही क्यों लिए जाएं यदि वे सोच समझ कर लिए जाएं। एक बार कोई निर्णय लेकर मुकरना तो कमजोरी ही दर्शाता है। भाजपा प्रशंसक इससे निराश ही होते हैं। उन्हें तो एक ऐसे राजनीतिक दल में अपना आदर्श दिखता है, जो आक्रामकता के साथ जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों को अमली जामा पहनाए। ढुलमुल नीति से तो नुकसान ही होता लगता है।

शिक्षकों की समय से डिजिटल उपस्थिति का निर्णय यदि सुचिंतित था तो उसे वापस लेने का क्या औचित्य था? क्या इससे शिक्षकों का नाजायज असंतोष मिट गया? नहीं, वे अब भी इस निर्णय को सरकार की मजबूरी समझकर पूरी उग्रता से राजधानी लखनऊ में इकट्ठा होने को लामबंद हो रहे हैं। भाजपा नीत सरकार ने उनकी समय से उपस्थिति को सुनिश्चित करने की दिशा में एक दृढ़ निश्चय का जो उपक्रम किया था तमाम अभिभावक, आमजन इससे खुश था और यह एक सही कदम था। सही निर्णय था। इसे वापस लेने से सरकार को झुक जाने का ही प्रतिकूल संदेश गया है। जब सभी लोकसेवकों को समय से उपस्थित रहने की अनिवार्यता है तो क्या प्राथमिक शिक्षक लोकसेवक नहीं हैं? उन्हें अपवाद क्यों माना जाए? आखिर जनता के टैक्स से वे भी एक अच्छी खासी सैलरी पाते हैं। सरकारें ऐसे ही झुकती रहीं तो कितने ही जनहित के सही दिशा में लिए गए फैसले खटाई में पड़ते जाएंगे।

# रावण का यह रूप भी



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लंकापति रावण का सीता हरण वाल रूप ही बहु प्रचलित है और इसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष उनकी प्रतिमा बनाकर जलाने की परंपरा चल पड़ी है। यह मात्र एक नकारात्मक पहलू है। दरअसल रावण में अनेक गुण भी थे और उन्होंने संसार को काफी कुछ दिया भी है, किंतु इन सकारात्मक पहलुओं को लोग विस्मृत किए हुए हैं। रावण परम विद्वान, उत्तम कुल के ब्राह्मण और पुलस्त्य ऋषि के नाती थे। वे परम शिव भक्त थे, अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शैव थे वे। वे चार वेद और छह शास्त्र के ज्ञाता थे, इसीलिए उन्हें दशानन कहा गया। उनका विग्रह बनाते समय दश शीशों के ऊपर एक गधे का शिर भी बनाया जाता है। इसका अर्थ है कि वे पांचवें वेद मान्य आयुर्वेद में भी पारंगत थे। गद का अर्थ है रोग और 'हा' से अभिप्राय है "हरण करने वाला" यानी वैद्य! गदहा का मतलब चिकित्सक से है और इसी को विकृत करके गधे का शिर उनके ऊपर लगा दिया जाता है।

रावण ने प्रसिद्ध "शिव तांडव" स्तोत्र लिखा, जो शिव जी की दो प्रसिद्ध स्तुतियों में से एक है। दूसरी स्तुति है "शिव महिम्न" जिसे आचार्य पुष्पदंत ने प्रणीत किया। रावण ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे और उनकी "रावण संहिता" ज्योतिष, हस्तरेखा आदि पर संसार का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने 'नाड़ी परीक्षा', 'कुमार तंत्र', 'दस पटलात्मक' आदि आयुर्वेद ग्रंथ लिखे, जैसा कि ऊपर बताया गया है। उनका 'दस शतात्मक अर्क प्रकाश' ग्रंथ चिकित्सा और तंत्र दोनों पर है। वे महान तांत्रिक भी थे। कुल मिलाकर उन्होंने 13 ग्रंथ सृजित किए। शिव जी के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रसिद्ध "वैद्यनाथ धाम" के स्थापक रावण ही हैं, जो देवघर झारखंड में विराजमान हैं। इन्हें रावणेश्वर भी कहते हैं।

कंबन रामायण (इरामावतारम्) के अनुसार श्रीराम द्वारा 'रामेश्वरम्' ज्योतिर्लिंग की स्थापना के समय पौरोहित्य कर्म रावण ने ही किया था और यजमान राम को "विजयी भव" का आशीर्वाद भी दिया था। राम ने जामवंत को भेजकर उन्हें पुरोहित बनने का सादर आमंत्रण भेजा था, क्योंकि उन्हें स्थापना सबसे बड़े शिव भक्त पंडित से ही करवानी थी और यह शर्त रावण ही पूरी करते थे। मध्य प्रदेश के विदिशा के रावण ग्राम व कानपुर के शिवाला, राजस्थान के कोटा में रावण के मंदिर और मूर्तियां हैं, जिनकी यथा समय पूजा होती है। कानपुर के शिवाला में सैकड़ों साल पहले महाराज गुरु प्रसाद शुक्ल ने रावण की मूर्ति स्थापना करवाई थी, जिसकी पूजा वर्ष में एक बार दशहरे के दिन ही होती है। मान्यता है कि रावण ने देवी छिन्नमस्ता को प्रसन्न कर लिया था और उन्होंने वरदान दिया था कि 'मेरी पूजा तभी पूर्ण होगी, जब रावण की भी पूजा की जाएगी'।

## एक नजर

### चार एआरटीओ का तबादला निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन विभाग में बीते 30 जून को होने वाले तबादलों में चार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों के स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर द्वारा गुरुवार को जारी निरस्ती आदेश में वाराणसी में एआटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी को पुन: प्रयागराज में एआरटीओ प्रवर्तन के पद पर भेज दिया गया है। इसके अलावा प्रयागराज के एआरटीओ बनी अलका शुक्ला को वापस सुल्तानपुर में एआरटीओ प्रशासन, सुल्तानपुर के एआरटीओ प्रशासन नंद कुमार को बुलंदशहर में एआरटीओ और बुलंदशहर में एआरटीओ राजीव कुमार बंसल को पुन: एआरटीओ प्रशासन इटावा के पद पर भेज दिया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी दंत सर्जन की होगी तैनाती

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को दांतों के इलाज के लिए शहर या बड़े संस्थान के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्हें समीप स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर दांत संबन्धी संपूर्ण इलाज मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने प्रदेश की 63 सीएचसी पर दंत सर्जन के पद स्वीकृत कर दिए हैं, दंत चिकित्सक की नियुक्ति होने के साथ मरीजों को इलाज मिलने लगेगा। मालूम हो कि ग्रामीण क्षेत्रों स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने के लिए स्थापित 63 नए सीएचसी में दंत चिकित्सक का पद स्वीकृत न होने की वजह से मरीजों को दांत संबंधी इलाज नहीं मिल रहा है। मानकनुसार, ग्रेड वेतन 5400 रूपए के आधार पर प्रति सीएचसी एक दंत सर्जन की नियुक्ति के लिए आदेश दिए गए हैं।

### अभियुक्त बीमार है तो थाने न लाएं : डीजीपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने विभागीय कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति अथवा अभियुक्त को थाने पर पूछताछ के लिए लाने से पूर्व इस बात की पुष्टि कर ली जाए कि क्या वह पूर्व से किसी गम्भीर रोग से ग्रस्त तो नहीं है। गम्भीर रोग से ग्रस्त व्यक्ति अथवा गिरफ्तार अभियुक्त को थाने पर कदापि न लाया जाए। यदि किन्ही कारणोंवश थाने पर लाया गया व्यक्ति आकस्मिक रूप से बीमार हो जाता है, तो समीप के चिकित्सालय में तत्काल उपचार कराया जाए। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी के जानकारी के बिना थाने अथवा पुलिस चौकी में किसी व्यक्ति को न तो लाया जाए और ना ही बैठाया जाए।

# नहीं जुड़ा आधार, रुक गई तीन लाख महिलाओं की पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिछले वित्तीय वर्ष तक बैंक खाते में सीधे जाती थी पेंशन
- नए वित्तीय वर्ष से बदल गई है व्यवस्था

**अमृत विचारः** सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियां रोकने के लिए मानकों को सख्त किया जा रहा है। प्रदेश में बैंक खाते से आधार लिंक न कराने वाली तीन लाख महिलाओं की पेंशन रोक दी गई है। महिला कल्याण विभाग की ओर से इनको निराश्रित पेंशन योजना का लाभ आधार कार्ड लिंक होने के बाद ही मिलेगा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक लाख रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष तक पात्र लाभार्थियों के बैंक खाते में तीन माह की धनराशि भेजी जा रही थी।

नए वित्तीय वर्ष में व्यवस्था बदल गई और पेंशन के लिए बैंक खाते से आधार लिंक को आवश्यक कर दिया गया। अप्रैल से जून 2024 तक प्रदेश के 75 जिलों में 26 लाख 12 हजार को पेंशन दी गई। जबकि तीन लाख महिलाएं बैंक खाते से आधार लिंक न होने के कारण पेंशन से वंचित रह गईं।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं के आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक कराया जा रहा है। उनको जागरुक किया जा रहा है कि आधार कार्ड लेकर बैंक जाएं और उसे लिंक करा लें। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड खाते से लिंक होने के बाद पेंशन राशि दी जाएगी।

### पुराने पेंशनरों को अब स्वयं करना होगा आधार लिंक

**अमृत विचार :** पेंशन योजनाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए समाज कल्याण विभाग ने आधार लिंक को अनिवार्य कर दिया है। पेंशनरों को अब स्वयं आधार लिंक करना होगा। समाज कल्याण विभाग से पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए नए ऑनलाइन आवेदन में आधार प्रमाणीकरण आवेदन के समय ही हो जाता है। आवेदक किसी भी साइबर कैफे जनसेवा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है। पुराने डाटा बेस में दर्ज मोबाइल नंबर अगर सेवा में नहीं है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। लाभार्थी स्वयं आवेदक लॉगिन में जाकर अपना नया मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त कर सकता है। ओटीपी आने के बाद आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकता है। लाभार्थी जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर भी आधार प्रमाणीकरण करा सकते हैं। वहीं दूरस्थ क्षेत्रों में वृद्धजन के लिए जनसेवा केंद्र से आधार लिंक की प्रक्रिया कराना आसान है। आधार लिंक करवाने के लिए विभागीय वेबसाइट पर नोटिफिकेशन भी आ रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आधार लिंक न करने वालों की पेंशन अटक जाएगी। आधार लिंक करने के लिए लाभार्थियों को जागरुक किया जा रहा है।

# अक्टूबर में होंगी नर्सिंग और पैरामेडिकल की मुख्य परीक्षाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सितंबर दूसरे सप्ताह के बाद जारी होंगे प्रवेश पत्र, अक्टूबर के तृतीय सप्ताह में परीक्षाएं

**अमृत विचारः** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में अगस्त में प्रस्तावित परीक्षाएं अक्टूबर माह में होंगी। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यो को प्रेषित की है।

उन्होंने बताया कि, सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा जीएनएम, एएनएम व समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों की मुख्य परिक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसके बाद सितंबर के दूसरे सप्ताह में छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में लिखित परीक्षाएं और अंतिम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न होंगी।

# बहुरेंगे बंद सिनेमाघरों के दिन सरकार देगी प्रोत्साहन : योगी

## मुख्यमंत्री ने पुनर्संचालन के लिए योजना तैयार करने का दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में बंद चल रहे सिनेमाघरों के दिन बहुरेंगे। राज्य सरकार इन सिनेमाघरों को प्रोत्साहन देगी। न्यूनतम सीटों की शर्त में बदलाव किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने बंद सिनेमाघरों के पुनर्संचालन के लिए तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बंद सिनेमाघरों के पुनर्संचालन, मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में मल्टीप्लेक्स निर्माण व एकल छविगृह निर्माण के लिए अनुदान योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के मनोरंजन के प्रमुख साधनों में सिनेमा की बड़ी भूमिका है। नए दौर में बदलती तकनीक के साथ प्रदेश में एकल स्क्रीन वाले पुराने सिनेमाघर या तो बंद हो गए हैं या उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। ऐसे सिनेमाघरों के पुनर्जीवन के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रोत्साहन योजना लाई जानी चाहिए। इससे लोगों को मनोरंजन के साधन की सहज उपलब्धता तो होगी ही, निवेश और रोजगार सृजन की दृष्टि से भी यह उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि योजना ऐसी हो जिससे बंद या संचालित सिनेमाघरों के स्थान पर व्यवसायिक काम्पलेक्स व कम क्षमता के सिनेमाघरों का निर्माण, बंद सिनेमाघरों को यथास्थिति में पुनः संचालित करने, व्यवसायिक गतिविधि या गैर व्यावसायिक गतिविधि वाले एकल स्क्रीन सिनेमाघर का निर्माण के लिए निवेशकों को प्रोत्साहन मिले। उनके लिए अनुकूल अवसर तैयार हो सके। सिनेमाघरों के लिए निर्धारित न्यूनतम सीटों की संख्या की शर्त में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए रियायत दी जानी चाहिए।



राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- न्यूनतम सीटों की शर्त में होगा बदलाव
- 39 जिलों में नहीं हैं मल्टीप्लेक्स 10 में सिनेमाघर ही नहीं

### मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों के लिए निवेशकों को करें प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में मल्टीप्लेक्स सिनेमाहॉल की संस्कृति तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में प्रदेश के 39 जिलों में मल्टीप्लेक्स नहीं हैं, जबकि 10 जिले ऐसे भी हैं जहां कोई एकल स्क्रीन या मल्टीप्लेक्स सिनेमाघर नहीं है। नई योजना में ऐसे प्रावधान रखें कि मल्टीप्लेक्स निर्माण के लिए भी निवेशक प्रोत्साहित हों। निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रमों की तरह सरकार द्वारा इन्हें भी अनुदान दिया जाना चाहिए। जिन जिलों में पहले से मल्टीप्लेक्स संचालित हैं, यदि वहां नए मल्टीप्लेक्स के इच्छुक निवेशक आते हैं तो उनके लिए भी अनुदान का प्रावधान रखा जास। मुख्यमंत्री ने राज्य कर विभाग को सम्बंधित सेक्टर के निवेशकों व अन्य स्टेक होल्डरों से संवाद करते हुए यथाशीघ्र प्रोत्साहन योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

### गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर का होगा सौन्दर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊः** लखीमपुर स्थित गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर व उसके परिसर का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा, आकर्षक बनाने के लिए लाइट एण्ड साउण्ड शो की व्यवस्था की जायेगी। मंदिर व परिसर में यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने कहा, पर्यटन विभाग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्राचीन मंदिरों को संवारने एवं सजाने का कार्य कर रहा है। अति प्राचीन गोला गोकर्णनाथ मंदिर में सालभर श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते रहते हैं। इस प्राचीन शिव मंदिर को छोटा काशी भी कहा जाता है। इस दृष्टिकोण से बुनियादी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जा रही है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि मंदिर परिसर में लाइट एण्ड शो के माध्यम से श्रद्धालुओं को यहां की पौराणिक मान्यताओं, परम्पराओं तथा मंदिर की महत्ता के बारे में जानकारी दी जाएगी। सावन के महीने और अन्य दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का सतत विकास किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि यहां आने वाले पर्यटक सुखद स्मृति लेकर लौटें।

# आठ जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश के आठ जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को आठ सीएमओ समेत 15 चिकित्साधिकारियों की नई तैनाती के दो आदेश जारी किये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मेरठ के सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन को गाजियाबाद का नया सीएमओ बनाया गया है। वहीं मेरठ जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.अशोक कुमार को वहां का सीएमओ बनाया गया है। इसके अलावा बस्ती के सीएमओ डॉ.अच्युत नारायण को प्रतापगढ़, देवरिया के अपर मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार को कौशाम्बी का सीएमओ नियुक्त किया गया है। प्रयागराज में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.तीरथ लाल को बागपत का सीएमओ, बलिया के एसीएमओ डॉ.अशोक कुमार को आजमगढ़ में सीएमओ, सहारनपुर जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.प्रवीन कुमार को उसी जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा अयोध्या में एसीएमओ डॉ.दिलीप सिंह को महाराजगंज का सीएमओ नियुक्त किया गया है। दूसरी सूची में गाजियाबाद के सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर को मुरादाबाद मंडलीय चिकित्सालय में बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है। इसके अलावा प्रतापगढ़ के निवर्तमान सीएमओ डॉ.गिरेन्द्र मोहन शुक्ल को बस्ती के जिला चिकित्सालय, कौशाम्बी के सीएमओ डॉ.सुष्पेन्द्र कुमार को गाजियाबाद जिला चिकित्सालय, बागपत के सीएमओ डॉ.महावीर सिंह को आगरा, आजमगढ़ के सीएमओ डॉ.इंद्र नारायण तिवारी को भदोही जिला अस्पताल, महाराजगंज की सीएमओ डॉ.नीना वर्मा को लखनऊ के परिवार कल्याण महानिदेशालय में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।

### एटीएस ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ ने एटीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। ग्रुप पर कम कीमत में अधिक मुनाफा देने की स्कीम के तहत मकान बेचने में धांधली करने की शिकायत मिली थी। अधिकारियों के मुताबिक पूरा घोटाला 3400 करोड़ रुपए का सामने आ रहा है। कंपनी ने निवेशकों को मनचाहे रिटर्न वापस करने का झांसा दिया।

ईडी अधिकारियों के मुताबिक एटीएस ग्रुप की ओर से बैंक के जरिए अच्छा रिटर्न वापस करने का वादा ग्राहकों और निवेशकों से किया गया था। ग्रुप ने रियल स्टेट मार्केट के जरिए निवेशकों से इन्वेस्टमेंट कराया। निवेश की स्कीम के तहत यह शर्त रखी गई कि 36 महीने के अंदर उनके अपार्टमेंट को प्रीमियम रेट पर कंपनी के द्वारा खुद खरीद लिया जाएगा। अगर वे अपार्टमेंट को बेचना चाहते हैं। इसके लिए सैकड़ों निवेशकों को पोस्ट डेटेड चेक भी कंपनी के द्वारा जारी किए गए, जो कि बाद में बाउंस हो गए। ग्रुप के खिलाफ अब तक ईओडब्ल्यू दिल्ली ने 04 और नोएडा पुलिस द्वारा 10 मामले दर्ज किए गए हैं।

# एप से होगी नस्लवार पशु गणना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केंद्र सरकार ने तैयार किया 21वीं पशुधन जनगणना एप
- घर हो या बाहर सभी बड़े-छोटे पशुओं की होगी गणना

**अमृत विचार :** प्रदेश में सितंबर से दिसंबर तक बड़े-छोटे सभी पशुओं की गणना पहली बार नस्लवार की जाएगी। चिकित्सक नस्ल की पहचान एप से करेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार ने 21वीं पशुधन जनगणना एप बनाया है। जिस पर पशु की फोटो खींचकर अपलोड करते ही गुण के आधार पर नस्ल का पता चलेगा। जो भी विदेशी- देशी पशुओं की नस्ल होगी वह विवरण समेत एप पर फीड की जाएगी। इस बार घर हो या बाहर कोई भी पालतू व निराश्रित पशु गणना से नहीं छूटेगा। उपनिदेशक पशुगणना डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि गणना से कौन सी नस्ल के पशु कम हो रहे या बढ़ रहे यह पता चलेगा। संख्या निर्धारित होने पर विभाग पांच वर्ष की कार्ययोजना बनाएगा।

**2019 में हुई थी ऑनलाइन गणना%** पशु गणना हर पांच वर्ष में की जाती है। प्रदेश में 20वीं गणना 2019 में ऑनलाइन हुई थी लेकिन, नस्लवार नहीं थी। गणना के दौरान कई बाहरी नस्ल की पहचान मुश्किल रहती है। इस वजह से सही आकलन नहीं हो पाता है। जिसे देखते हुए यह एप बनाया गया है। इससे टीम के लिए नस्ल पहचानना आसान होगा। मौके पर फीडिंग के दौरान विवरण सीधे केंद्र के पोर्टल पर जाएगा। इसमें बदलाव नहीं कर पाएंगे न ही मनमानी चलेगी।

### 2019 में थे इतने पशु

- गोवंश - 190.20 लाख
- महिषवंश - 330.17 लाख
- भेड़ - 9.85 लाख
- बकरी - 144.80 लाख

### नोडल प्रशिक्षित, जिलों पर देंगे प्रशिक्षण

प्रदेश में 21वीं पशु गणना के लिए 16 जुलाई को 75 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित किए गए हैं। इसमें उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी व अन्य अधिकारी शामिल हैं। जो अपने जिलों पर चिकित्सकों को एप से गणना करने का प्रशिक्षण देंगे। जिलों पर जो टीम बनेगी उसमें नस्ल की पहचान करने वाले अनुभवी चिकित्सकों को शामिल किया जाएगा।

# प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चार महीने से तलाश रही थी एसटीएफ

**अमृत विचारः** एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कराने के मामले में तीन आरोपियों को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी परीक्षा केंद्रों में बायोमैट्रिक के माध्यम से साल्बरों का परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराते थे और अभ्यर्थियों की परीक्षा कराते थे। इन तीनों की शिनाख्त पूर्व में गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ में हुई थी, तभी से एसटीएफ इन आरोपियों की तलाश कर रही थी। गिरफ्तार आरोपियों में पंकज कुमार सिन्हा, अमरेंद्र भारती व धनंजय मौर्या शामिल हैं।

डीएसपी डीके शाही ने बताया कि पंकज कुमार सिन्हा एवं अन्य से पूछताछ में पता चला कि पंकज को इनोवेटिव कंपनी से संबंधित सुधीर विश्वाटेक द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक कराने के लिए मैनपावर का टेंडर मिला था। इनके साथियों ने तभी योजना बनाकर यह निश्चित किया था कि जिस भी अभ्यर्थी की जगह साल्वर को बैठायेंगे, उस केन्द्र पर अभ्यर्थी की ही ड्यूटी बायोमेट्रिक में लगा देंगे। जिससे जब साल्वर परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करेगा तब साल्वर की जगह अभ्यर्थी अपना फिंगर प्रिन्ट लगकार साल्वर को अंदर भेज देगा। इससे परीक्षा के अगले चरणों में फिंगर प्रिन्ट अभ्यर्थी के प्रमाणित हो सके। यह अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 17 फरवरी 2024 को परीक्षा केन्द्र इस्लामिया कालेज आफ कामर्स, बख्शीपुर, गोरखपुर से मूल अभ्यर्थी के स्थान पर साल्वर अंजनी कुमार उर्फ मनीष सिंह (कुरवा चैनपुर, सिंधियाघाट स्टेशन, पूर्व मध्य रेलवे स्टेशन मास्टर) दुर्गेश यादव उर्फ अंकित के स्थान पर परीक्षा देने के लिए भेजा था।

### एनएचएम में संविदा चिकित्सकों की वेतन विसंगति दूर हो : योगेश उपाध्याय

अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत एमबीबीएस चिकित्सकों में व्याप्त विसंगति दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उप्र. संगठन ने मांग उठायी है। प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री समेत एनएचएम निदेशक को पत्र लिखकर मांग की है। महामंत्री ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, किसी भी विभाग में एक ही पद पर पुराने कार्मिकों का वेतन नवीन तैनात कार्मिकों के वेतन से कम नहीं हो सकता है।


## वर्ग पहेली-135

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी चीज़ को खाने या चबाने की क्रिया, ग्रसन 2. निगलना।
5. आश्चर्य, विस्मय।
6. विशेष रूप से, विशेषत:, ख़ासतौर से।
8. 1. शक्ति, सामर्थ्य 2. घोड़े की लगाम, वल्गा। [मु.] –बाग होना : बहुत ख़ुश होना। (मु.)–मोड़ना : किसी ओर घुमाना या लगाना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु का टूटकर या कट–छँटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।
2. निगाह, दृष्टि।
4. नभ में गमन करने वाला, नभ में विचरने वाला।
5. गर्व से भरी चाल, अकड़ जताने वाली चेष्टा या भाव–भंगिमा, हेकड़ी, गरूर।
6. 1. पति, ख़सम, शौहर 2. स्वामी, मालिक।
7. 1. किसी वस्तु के दस अंग 2. दस प्रकार के सुगंधित द्रव्यों का मिश्रण।





### वर्ग पहेली -134 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जे | क | ■ | 2 मु | ■ | 3 क |
| ■ | ■ | 4 सो | हा | सि | त |
| 5 ग | ण | ■ | फ़ि | ■ | र |
| प | ■ | ■ | ज़ | ■ | ना |
| 6 क | लं | 7 कि | त | ■ | ■ |
| ना | ■ | रा | ■ | 8 ध | 9 म |
| ■ | 10 पि | या | र | ■ | य |

## सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 2 | | | 3 | 6 |
| 2 | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | 1 | | | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 2 | |
| | 7 | | | | 6 | | 4 | |
| | 8 | | | 6 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | | 9 | 7 |
| 9 | 2 | | | 5 | | 4 | | 8 |

### सुडोकू -47 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–आषाढ़, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–त्रयोदशी 19.41 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**–पश्चिम। **ऋतु**–वर्षा।
चन्द्रबल–मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र– मूल 20 जुलाई 02.55 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** – आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे। निजी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष** – आज हित शत्रु आपकी भावनाओं का नाजायज लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव की भावना कम हो सकती है। आवश्यक काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें।

**मिथुन** – आज वाद–विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे। आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं।

**कर्क** – आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच–विचार न करें।

**सिंह** – आज आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में बाधा आ सकती है। कटु भाषा का चयन करने से बचें। शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे।

**कन्या** – आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा।

**तुला** – आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। धार्मिक चर्चाओं के लिए दिन सर्वोत्तम रहेगा। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक के विवाह की चिंता रहेगी।

**वृश्चिक** – आज जॉब इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी।

**धनु** – आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने का विचार बनाएंगे। आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी।

**मकर** – आज सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है।

**कुंभ** – आज किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मीन** – आज मार्केटिंग पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा। निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
देवता
दोपहर : 12.30
परिवार
रात : 07.00

&pictures
सीक्रेट सुपरस्टार
सुबह : 10.47
फराज
रात : 08.00

SONY PIX
घोस्त राइडर
सुबह : 11.12
अनचार्टेड
रात : 09.00

ZEE CINEMA
मिली
सुबह : 09.35
ऑपरेशन जावा
रात : 08.00

colors CINEPLEX
कसक
सुबह : 09.36
कभी अलविदा ना कहना
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म





कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू – इतना परेशान क्यों है?
गप्पू – अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े–बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू – तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू – उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी– कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू– हट्टे–कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी– अपनी आदत से।

# सड़क हादसों में एक युवक और किसान की गई जान, एक घायल

## मवेशी से टकरा गई थी युवक की बाइक, खेत से लौटते समय हादसे का शिकार हुआ किसान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



किशन।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-सरोसी मार्ग पर देररात शहर से लौट रहा बाइक सवार अचानक सामने आए अन्ना मवेशी से टकरा गया। इसमें चालक व पीछे बैठा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। वहीं मौरावां थानाक्षेत्र में फसल की रखवाली कर लौट रहे किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई।

**सदर कोतवाली** क्षेत्र के गांव

**केस 01** ख्वाजगीपुर के करोवन निवासी किशन राठौड़ (25) पुत्र कैलाश खेती के साथ आइसक्रीम का ठेला लगाता था। बुधवार को वह किसी काम से शहर आया था। देररात वापस लौटते समय उन्नाव-सरोसी मार्ग पर कुद्दू खेड़ा गांव के पास अचानक उसकी बाइक के सामने अन्ना मवेशी के आ जाने से वह टकरा गया। इसमें किशन व पीछे बैठा गांव का ही मनीष पुत्र राज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान किशन की सांसे थम गईं। वहीं मनीष का इलाज चल रहा है।

**मौरावां** थानाक्षेत्र के लउआ

**केस 02** सिंघन गांव निवासी राज बहादुर (48) पुत्र चंद्रपाल दुबई में कारपेंटर था। वहां से एक साल पहले वह वापस लौटा था। बताते हैं कि उसे इसी 24 जुलाई को फिर से जाना था। बुधवार को वह खेत में फसल की रखवाली करने गया था। जहां से लौटते समय थानाक्षेत्र के परेंदा-हिलौली मार्ग पर गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे और उसे पहले मौरावां फिर लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### एसडीएम ने पकड़े दो ओवरलोड ट्रक, किये सीज

**पुरवा।** डीएम गौरांग राठी द्वारा ओवरलोड वाहनों की चेकिंग अभियान के निर्देश पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने पुरवा-मौरावां मार्ग पर ओवरलोड वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान दो ट्रक मानक से अधिक मौरंग लदे मिले। जिस पर एसडीएम ने दोनों ट्रकों को सीज करते हुए ढाई लाख का ई-चालान कर नोटिस जारी की है।

# जिले में कल 36.50 लाख पौधों का किया जायेगा रोपण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पौधरोपण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक
- ट्रांसगंगा सिटी सहित जिले में कई जगह रोपे जाएंगे पौधे

**अमृत विचार।** इस वर्ष का पौधरोपण अभियान 20 जुलाई को ट्रांसगंगा सिटी में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल होने पहुंचेंगे। जिले के पूर्व सांसद को पौधरोपण अभियान का मुख्य अतिथि बनाए जाने से जनसहभागिता बढ़ना तय मानी जा रही है। डीएम गौरांग राठी ने इस दिन 36.50 लाख पौध लगाए जाना तय किया है, जो जिले को आवंटित लक्ष्य से 50 फीसदी से अधिक हैं।

वित्त वर्ष में शासन ने जिले में 59.57 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें वन विभाग स्वयं 14.52 लाख पौधे लगाएगा। वहीं बाकी बचने वाले पौधों का रोपण व संरक्षण का जिम्मा डीएम ने अन्य दो दर्जन विभागों को सौंपा है। इस बार मुख्यमंत्री ने जिले की राजनीति से खासा सरोकार रखने वाले उप मुख्यमंत्री को पौधरोपण अभियान की कमान सौंपते हुए मुख्य अतिथि की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं प्रशासन ने भी पौधरोपण स्थल के तौर पर ट्रांसगंगा सिटी का चयन किया है। ट्रांसगंगा सिटी से पहले संबंधित स्थान पर एसईजेड विकसित किया जाना तय हुआ था, तब तत्कालीन सांसद मौजूदा उप मुख्यमंत्री ने अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि का मुआवजा करीब दोगुना कराते हुए किसानों को लाभांवित कराया था। यही नहीं तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने भूमि देने वाले किसानों को संबंधित स्थल पर भूखंड का प्रावधान भी किया था। इसलिए अखिलेश यादव के कार्यकाल में परियोजना बदलने के बाद भी शंकरपुर सरांय, मनभौना, कन्हवापुर आदि गांव के लोगों को ट्रांसगंगा सिटी में भूखंड दिए गए हैं। प्रभागीय निदेशक वन आरुषी मिश्रा ने उप मुख्यमंत्री के मुख्य अतिथि होने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि डीएम के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## सार-संक्षेप



रुद्राभिषेक व शृंगार समारोह में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### रुद्राभिषेक व द्वादश ज्योतिर्लिंगों का हुआ शृंगार

**उन्नाव।** माता कल्याणी मंदिर परिसर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में अषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी (प्रदोष व्रत) पर सामूहिक रुद्राभिषेक व शृंगार हुआ। आचार्य जुगल किशोर तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए पूजन-अर्चन कराया। इस मौके पर यजमान नीलम पांडेय, सौम्या, राजेश वाजपेयी, मनीषा, संजय श्रीवास्तव, अजीत वाजपेयी, विजय लक्ष्मी, अनिल राठौर, कैलाश, शिखा राठौर, ऊषा त्रिवेदी, सरला, हरीश वाजपेयी आदि रुद्राभिषेक में शामिल हुए। इसके बाद सभी यजमानों ने बाबा विश्वनाथ, सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, वैद्यनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, केदारनाथ व घृष्णेश्वर महाराज का आचार्य के मार्गदर्शन में शृंगार भी किया। मंदिर समिति के मंत्री कमलेश नाथ अवस्थी, उपमंत्री गोपाल तिवारी व कोषाध्यक्ष सर्वेंद्र सिंह चौहान ने सभी श्रद्धालुओं के लिए पूजन की व्यवस्थाएं कराईं। समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा ने बताया कि अगला सामूहिक रुद्राभिषेक 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे होगा।

### पूर्व सांसद ने शिक्षाविद को दी श्रद्धांजलि

**सफीपुर।** क्षेत्र के कुसैला गांव निवासी पूर्व प्राचार्य व वरिष्ठ समाजसेवी स्व. युधिष्ठिर सिंह के निधन के बाद उनके घर पहुंचीं पूर्व सांसद व सपा नेत्री अन्नू टंडन ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गुरु जी ने अपने जीवन में आदर्शों की मिशाल पेश की है। उन्होंने खुद के साथ छात्रों को अनुशासित रख उन्हें शिक्षित किया है। उनके कार्यकाल के दौरान शिक्षित हुए अनेक छात्र आज बड़े मुकाम हासिल कर चुके हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि वह वाई सिंह के नाम से चर्चित थे। इस दौरान वाई सिंह के पुत्र व भाजपा नेता ज्ञानेंद्र सिंह समेत हिमांशु चौधरी, शिक्षक नेता शिव प्रताप सिंह, अजय बहादुर सिंह, मानवेंद्र तिवारी, मुफीस अहमद, मसरूर खां, ताजुद्दीन खां आदि मौजूद रहे।



शोक संवेदना व्यक्त करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन।

### बेटी को भगा ले जाने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार रात गांव निवासी हर्षित पुत्र ओम प्रकाश शर्मा उसकी 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। जिसका काफी तलाश के बाद भी पता नहीं चल सका है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### जमीन पर मेड़बंदी करवा रहे भूमि स्वामी को दबंगों ने पीटा

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बादीखेड़ा निवासी चंद्रिका प्रसाद पुत्र गंगादीन ने बताया कि पूर्व में आवंटित भूमि संख्या-246 में उसे कब्जा नहीं मिला था। बीती 6 जून को न्याय दिवस में प्रत्यावेदन देने के बाद एडीएम न्यायिक ने क्षेत्रीय लेखपाल को पैमाईश के बाद कब्जा दिलाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद वह पत्नी के साथ आवंटित भूमि में मेड़बंदी कर रहा था। तभी गांव गंगाखेड़ा के प्रेम यादव व प्रमोद यादव और प्रकाश यादव वहां पहुंचे और मेड़बंदी न करने देने की बात कहते हुए। उसे गालियां देने के साथ उसे लाठी-डंडों व लात-घूसों से पीटने लगे। इस दौरान उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नहर में मिले किशोरी के शव की हुई पहचान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- 15 जुलाई को आसीवन थाना क्षेत्र में नहर में मिला था शव

**अमृत विचार।** आसीवन थानांतर्गत नहर में मिले 17 वर्षीय किशोरी के शव की पहचान देररात परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर की। पिता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। बॉडी डिकंपोज (खराब) होने की वजह से सही कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। बिसरा सुरक्षित किया गया डीएनए सैंपलिंग भी कराई गई है।

आसीवन थानाक्षेत्र मियागंज-सफीपुर मार्ग पर सरम्बा गांव के पास से निकली शारदा नहर की आसीवन ब्रांच में एक किशोरी का 15 जुलाई को शव मिला था। पुलिस ने उसकी पहचान के लिए शोसल मीडिया का सहारा लिया। जिस पर बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने उसकी शिनाख्त करते हुए बताया कि वह तीन जुलाई को टेलर के यहां जाने की बात कह निकली थी। लेकिन घर नहीं पहुंची। चार जुलाई को उन्होंने बेहटा मुजावर पुलिस को सूचना देते हुए गांव के एक युवक रजनीश पर आरोप लगाए थे। पुलिस की तहकीकात में युवक गांव में मिला इस पर उस पर कर्रवाई नहीं हुई। पिता ने बेटी के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई। वहीं चर्चा है कि किशोरी उसी लड़के से बात करती थी। दो जुलाई को रात में उसने 45 मिनट बात भी की थी। इसकी जानकारी होने पर परिजनों ने उसका फोन छीन लिया था। मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण बिसरा सुरक्षित कर डीएनए की सैंपलिंग कराई गई है।

# कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर लगाया जाम

**फालोअप**

संवाददाता, औरास (उन्नाव)

- परिजनों को मनाने में छूटे अफसरों के पसीने
- अफसरों के लिखित आश्वासन पर माने परिजन

**अमृत विचार।** औरास की किशोरी की लखनऊ में एक शिक्षक के घर में हुई मौत के बाद शव गांव पहुंचने के बाद परिजनों ने कार्रवाई की मांग करते हुए अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। मुआवजे और सरकारी नौकरी की मांग को लेकर परिजन ग्रामीणों के साथ मिलकर ट्रैक्टर में शव रखकर रोड जाम करने पहुंचे इन्हें रोकने के लिए सीओ सहित कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा।

नाराज परिजनों ने शव सड़क पर रखकर लखनऊ रोड जाम कर दिया। करीब तीन घंटे से अधिक हंगामे के बाद शिक्षक को लखनऊ में गिरफ्तार किए जाने की जानकारी व अन्य मांगों पर एसडीएम, सीओ के लिखित आश्वाशन पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

### सहायक शिक्षक निलंबित, जांच शुरू

बीएसए संगीता सिंह ने किशोरी से दुष्कर्म व अन्य आरोपों से घिरे सहायक शिक्षक सौरभ सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए बीईओ कार्यालय औरास से संबद्ध किया है। बीईओ सफीपुर को प्रकरण का पदेन जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

औरास थानाक्षेत्र की एक किशोरी को उसी के गांव में प्राथमिक विद्यालय में तैनात हेड मास्टर सौरभ सिंह अपने साथ 6000 रुपये महीने वेतन देने की बात कह कर अपने लखनऊ के पीजीआई थानाक्षेत्र के एल्डिको कालोनी आवास पर घरेलू कार्य के लिए आठ जुलाई जुलाई ले गया था। आरोप है कि जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। हालत बिगड़ने पर उसे शिक्षक ने 15 जुलाई को लखनऊ के लोकबंधु हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जानकारी पर परिजनों के साथ पहुंचे भाई ने लखनऊ के पीजीआई थाने में बुधवार को आरोपी शिक्षक सौरभ सिंह व अन्य चार अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार देररात परिजन किशोरी का शव लेकर गांव लौट आए। गुरुवार सुबह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे एसओ अश्वनी मिश्र व नायब तहसीलदार ने मृतका के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को मनाते रहे लेकिन आक्रोशित परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी व अन्य मांगों को लेकर अंतिम संस्कार न करके लखनऊ के रहीमाबाद चौराहे पर शव रखकर लखनऊ-हरदोई मार्ग जाम कर दिया। इससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। परिजन मुआवजे सहित सरकारी नौकरी सहित आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए रोड पर जमे रहे। एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद, नायब तहसीलदार आशुतोष पांडेय, पूजा अग्निहोत्री व सीओ अरविंद चौरसिया ने उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाकर पूरा करने, केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देने के साथ आरोपी सौरभ के पकड़े जाने की जानकारी दी। इसके बाद आक्रोशित परिजन तीन घंटे बाद शव लेकर सड़क से हटे व अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

# अत्यंत शुभकारी है इस बार का सावन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



परियर स्थित बलखंडेश्वर महादेव मंदिर।

- 22 जुलाई को सोमवार का प्रथम व्रत रखेंगे शिव भक्त

### यह होंगे सावन मास के पांच सोमवार

- 22 जुलाई पहला सोमवार व्रत
- 29 जुलाई दूसरा सोमवार व्रत
- 5 अगस्त तीसरा सोमबार व्रत
- 12 अगस्त चौथा सोमवार व्रत
- 19 अगस्त पांचवा सोमवार व्रत

**अमृत विचार।** भगवान शिव का पावन पवित्र महीना 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। ऐसे में शिव मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। यहां साफ-सफाई के साथ बिजली व पानी आदि की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का कार्य मंदिर पुजारी व समिति ने शुरू कर दिया है।

इस वर्ष सावन माह में पांच सोमवार पड़ेंगे। इसके चलते शहर व जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में तैयारियां जोर शोर से चल रहीं हैं। इसके अलावा मंदिरों के बाहर फल व प्रसाद आदि की दुकानें सजना भी शुरू हो गईं हैं। शहर के सिद्धनाथ मंदिर, झंडेश्वर, झारखंडेश्वर मंदिर व मसवासी के गोकुल बाबा मंदिर सहित बीघापुर के गोदावलेश्वर मंदिर, पुरवा के बिल्लेश्वर महादेव मंदिर, अडेरुवा के जंगलेश्वर मंदिर के साथ अन्य मंदिरों में तैयारियां की जाने लगी हैं। परियर स्थित बलखंडेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी सुशील कुमार तिवारी उर्फ गुड्डु महराज ने बताया कि सावन में मंदिर को विशेष तरीके से सजाया जाएगा। चारों ओर झालरें व लाइटें आदि लगाई जाएंगी। इसके साथ साफ-सफाई भी व्यापक स्तर पर की जा रही है। वैसे तो यहां सावन में प्रत्येक दिन अधिक भीड़ होती है लेकिन सोमवार को भीड़ अधिक रहती है। मंदिर परिसर में भगवान शिव की विशेष स्तुति और कीर्तन भी होंगे। साथ ही गंगा जी जल लेकर कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व रहता है।

## किसान को जहरीले कीड़े ने काटा, गंभीर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव छतरापुर के मजरा कोलिया निवासी किसान राजेंद्र (18) पुत्र रामविलास गुरुवार को अपने खेत में धान की बेढ़ की रोपाई कर रहा था। तभी शाम को अचानक पानी में रहे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### हत्यारा पति गया जेल

अमृत विचार। सदर कोतवालीक्षेत्र के गदन खेड़ा मोहल्ले में पत्नी रजनी को अवैध संबंधों के शक में चाकू से ताबड़तोड़ कर मौत के घाट उतराने के आरोपी पति अमित श्रीवास्तव उर्फ पिंटू लाला को पुलिस दिवंगत महिला के भाई रवि श्रीवास्तव की तहरीर पर गिरफ्तार किया। एसएचओ प्रमोद मिश्रा ने बताया पति को गिरफ्तार कर आला कत्ल बरामद कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# अभ्युदय विद्यार्थियों ने डॉयट में किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण करतीं जिला समाज कल्याण अधिकारी।

- जिलाधिकारी के निर्देश पर रोपे गए पौधे
- अपने लगाए पौधों की देखरेख करने को कहा गया

**अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह ने अभ्युदय कोचिंग के छात्र-छात्राओं से डॉयट (जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान) परिसर में पौधरोपण कराया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को हर शिक्षण दिवस पर अपने लगाए पौधों की देखरेख करने को भी कहा।

डीएम ने इस बार जनसहभागिता से पौधरोपण कराने पर जोर दिया है। इसी क्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए पौधों को डॉयट परिसर में लगवाने की शुरुआत कराई। अभ्युदय कोचिंग के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए पौधे रोपे।

इस दौरान विभागीय अधिकारी व अन्य वक्ताओं ने पौधे लगाने के साथ संरक्षित करने पर जोर देते हुए कहा कि पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए सभी को मिलकर धरती पर हरियाली बढ़ानी चाहिए। इस दौरान डॉयट प्रवक्ता शिल्पी सिंह, कोचिंग को-आर्डिनेटर पीयुष श्रीवास्तव, अनुपम सिंह, आकाश तिवारी व दीपांशु के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

### जल संरक्षण को लेकर हुआ नुक्कड़ नाटक

**पुरवा।** ब्लॉक सभागार में प्योर लाइफ आईईसी एजेंसी द्वारा जल जीवन मिशन हर घर जल योजना मास्टर ट्रेनर सदाशिव ने नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ व कल्याण समिति की बैठक की। इसमें स्वच्छता मेला, आंगनबाड़ी, विद्यालय पर स्वच्छता क्लब गठन व ड्राइंग प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को बताया गया। जिसमें मौजूद ब्लाक प्रमुख आनंद गुप्ता, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय साथ सीडीपीओ रानी वर्मा व सहायक जिला समन्वयक राम प्रकाश सुभाष चन्द आदि उपस्थित रहे। इस दौरान राज्य पेयजल व स्वच्छता मिशन योजना के तहत गांव में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक व पानी बचाने के लिये योजना के दौरान चलाई जा रही। जागरूकता वैनों को हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक प्रमुख आनन्द गुप्ता ने रवाना किया। इस दौरान प्रधान देशराज, मनोज कुमार, विकास अवस्थी, राकेश यादव, आकाश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**आक्रोश** बीएसए ने अनशनकारियों को दिया 12 जुलाई का निरस्तीकरण आदेश

# अवरुद्ध वेतन बहाली की मांग पर अनशन पर बैठे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



अनशनकारी जिलाध्यक्ष को जूस पिलाते वित्त एवं लेखाधिकारी बीएसए। अमृत विचार

- प्रदर्शनकारियों ने बीएसए पर लगाया बैक डेट का आदेश जारी करने का आरोप

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने आंदोलन के बीच जिले के सभी शिक्षकों का एक दिन के वेतन बहाल की मांग को लेकर बीएसए कार्यालय परिसर में क्रमिक अनशन शुरू किया। इस दौरान संघ के प्रतिनिधि मंडल की मांग पर डीएम के निर्देश पर बीएसए ने वेतन अवरुद्ध करने के जारी आदेश 12 जुलाई को ही निरस्त करने का पत्र शिक्षक नेताओं को थमा दिया। अनशनकारियों ने बीएसए पर बैक डेट का आदेश जारी करने का आरोप लगाया है।

ऑनलाइन उपस्थिति विरोधी आंदोलन के पहले ही दिन वेतन अवरुद्ध करने को लेकर बीएसए का कोई आदेश सार्वजनिक नहीं हुआ, जबकि जिले के परिषदीय शिक्षकों के विभिन्न संगठन रोका गया वेतन बहाल करने पर जोर देते रहे, जबकि विभागीय लोगों का कहना है कि अवकाशों के चलते आदेश सार्वजनिक नहीं हो सका था। जूनियर शिक्षक संघ ने गुरुवार को विभागीय कार्यालय पर क्रमिक अनशन की घोषणा पर अमल करते हुए आसन जमा दिया। संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र की अगुवाई में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीयों सहित तमाम शिक्षक अनशन पर बैठ गए। सुबह 10 बजे से शुरू हुए अनशन के बीच संगठन का प्रतिनिधि मंडल ने डीएम गौरांग राठी से मुलाकात करते हुए समस्या से अवगत कराया। शिक्षक नेताओं की मांग पर डीएम ने बीएसए को फोन कर बात करते हुए समस्या निराकरण के निर्देश दिए। डीएम से मिले प्रतिनिधि मंडल में शामिल संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया आदि के अनशन स्थल पर वापस पहुंचते ही बीएसए द्वारा वेतन अवरुद्ध करने के आदेश को निरस्त किए जाने का पत्र शिक्षकों के बीच पहुंच गया, जिसे 12 जुलाई को जारी किया गया था। बाद में वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक ने अनशन स्थल पर पहुंचकर जिलाध्यक्ष को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। उन्होंने 353 शिक्षकों का एरियर भुगतान की जानकारी भी दी। प्रदर्शनकारियों में अशोक पाल, ज्ञान प्रकाश, देश दीपक द्विवेदी, आशुतोष श्रीवास्तव, गणेश शंकर गुप्ता, मदन गोपाल, प्रदीप वर्मा, सुरेंद्र प्रकाश, विमल आजाद, वीरेंद्र बहादुर, जूनियर शिक्षक संघ के महामंत्री अवनीश पाल, कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, उमेश वर्मा, सचिंद्र कटियार, नमो नारायण, योगेश, संदीप कटियार व अक्षय कटियार आदि रहे।

# शिक्षकों की अनदेखी से नहीं रहतीं सरकारें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव




डीआईओएस को ज्ञापन देते एमएलसी राज बहादुर सिंह चंदेल व सहित शिक्षक नेता।

**अमृत विचार।** शिक्षकों की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर आयोजित एक दिवसीय धरना में एमएलसी राज बहादुर सिंह चंदेल ने शिक्षक समस्याओं का निस्तारण न कराने वाली सरकार का अस्तित्व समाप्त होने का दावा किया।

शिक्षक विधायक ने कहा कि नौ नवंबर-2023 को तदर्थ शिक्षकों के खिलाफ जारी शासनादेश हरहाल में वापस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक समुदाय के साथ अन्यायपूर्ण आदेश जारी करने वाली सरकारें इतिहास बन जाया करती हैं। इसी तरह ओपीएस का लाभ भी शिक्षकों मिलना जारी रहना चाहिए, क्योंकि सेवानिवृत्त के बाद उनका यही सबसे बड़ा आधार साबित होती रही है। इससे पहले जिलाध्यक्ष हरिहर दीक्षित ने कहा वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं किया जाएगा। डीआईओएस एसपी सिंह के धरना स्थल पर ज्ञापन की प्रति प्राप्त करने पहुंचने पर संघ के प्रांतीय मंत्री रमाशंकर मिश्र मुन्ना ने शिक्षकों की सभी 16 मांगे पढ़कर सुनाईं। विभागीय अधिकारी ने स्थानीय मामलों का त्वरित निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया। धरना देने वालों में चंद्र प्रकाश शुक्ल छुन्ना, वीरेंद्र विक्रम सिंह, उमेश श्रीवास्तव, सत्य नारायण, अजय सिंह, निखिल त्रिवेदी, सुजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, जंग बहादुर आदि रहे।

### कम सहभागिता से नाराज हुए वक्ता

शिक्षक एमएलसी के गृह जिले में आयोजित विरोध प्रदर्शन में शिक्षकों की सहभागिता न होने पर कई वक्ताओं ने नाराजगी जताई। कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में समस्याओं का निराकरण कराने के लिए एकजुटता बहुत जरूरी है। ईमानदारी से शिक्षकहित में हमेशा संघर्ष के लिए तत्पर रहने वाले एमएलसी की मौजूदगी में जनसमर्थन न जुटना दु:खद है।


चंपापुरवा के निचले इलाके में चलती नाव। अमृत विचार


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते सेना के जवान। अमृत विचार

# तेजी से घट रहा गंगा का जलस्तर सेना के जवानों ने देखी हकीकत

## 24 घंटे के भीतर केन्द्रीय जल आयोग ने जलस्तर में 22 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** बुधवार की तरह गुरुवार को भी गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। 24 घंटे में केन्द्रीय जल आयोग ने 22 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की।

वहीं बाढ़ के खतरे को देखते हुये गुरुवार को सेना के जवानों ने नाव में बैठकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। वहीं जलस्तर घटने के बाद भी तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

मंगलवार को गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया था। जिसके बाद बुधवार को जलस्तर में 11 सेमी गिरावट दर्ज की गई। वहीं गुरुवार को भी जलस्तर रुक-रुक कर घटता रहा। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 111.900 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद गुरुवार को भी जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई और सुबह दस बजे 111.770 मीटर दर्ज किया गया। जिसके बाद शाम छह बजे 111.680 मीटर ही रह गया।

चौबीस घंटे में 22 सेंटीमीटर जलस्तर घटा। इसके बावजूद गोताखोर, शाही नगर, मोम्मद नगर, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, कर्बला, गगनी खेड़ा हुसैन नगर के सैकड़ों मकानों के आस पास पानी भरा हुआ है। जिससे यहां रहने वाले लोगों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही है।

### सेना के जवानों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

गुरुवार को सेना के जवान शुक्लागंज पहुंचे। जहां क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी के साथ नाव में बैठकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। जवानों की माने तो अभी जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो सकती है। जिसे देखते हुये बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की हकीकत देखने पहुंचे हैं।

# बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण चंपापुरवा के निचले इलाके के सैकड़ों मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया था। जिस कारण यहां के रहने वाले लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। गुरुवार को शासन की ओर से आई राहत सामग्री को सदर विधायक ने बांटा। जहां राहत सामग्री पाकर जरुरतमंदों के चेहरे खिल उठे।

गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण चंपापुरवा, हुसैन नगर, कर्बला, गोताखोर, सैय्यद कम्पाउंड समेत तटवर्ती इलाकों के सैकड़ों मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया था। जिस कारण यहां रहने वाले लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही थी और नाव से आवागमन कर रहे थे। गुरुवार को जिला प्रशासन ने नगर के ओपीजेडी इंटर कालेज में बने बाढ़ राहत केन्द्र पर राशन सामग्री व अन्य जरूरत की वस्तुएं बांटी। विधायक पंकज गुप्ता ने राहत केन्द्र पर नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी की मौजूदगी में करीब 70 लोगों को आटा, चावल, दाल, हल्दी, मिर्च, सब्जी मसाला, सरसों का तेल, नमक, चना, गुड़, बिस्किट, माचिस, मोमबत्ती, नहाने का साबुन, आलू, लाइया, तिरपाल, जरीकेन राहत सामग्री बांटी। राहत सामग्री पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इस दौरान राजेश गुप्ता, धीरज सिंह, लेखपाल, अशोक सैनी, मुकेश दीक्षित, मनोज यादव, मनीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने बांटी दवा

तटवर्ती इलाकों में सीएमओ के निर्देश पर गुरुवार को पीएचसी के स्वास्थ्य कर्मियों ने दवाइयां बांटी। पीएचसी प्रभारी डा. रवि सचान ने भी स्वास्थ्य कर्मी सिद्धार्थ बाजपेयी के साथ प्रभावित लोगों को दवाएं दी गई। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह दवाइयां बांटी जायेगी।


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

# दबंगों ने युवक पर राड से हमला कर सिर फोड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गायत्री नगर निवासी एक युवक को दबंगों ने मामूली बात पर लोहे की राड से पीट दिया। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस को तहरीर दी है।



गायत्री नगर भातू फार्म निवासी विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि बुधवार रात वह अपने घर जा रहे थे, तभी मनोज गुप्ता और उसके साथियों ने रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। जिसका उन्होंने विरोध किया। विरोध करने पर दोनों ने लोहे की राड से हमला बोल दिया। जिससे उनका सिर फट गया। घायलावस्था में कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# पश्चिमी क्षेत्र में रात भर गुल रही बिजली

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** बुधवार को मोहर्रम के जुलूस के कारण पूरे नगर की दोपहर के समय बिजली बंद कर दी गई। जिसके बाद शाम के समय विभाग ने आपूर्ति चालू करने का प्रयास किया तो सब स्टेशन में फाल्ट हो गई। जिसके बाद भूमिगत पड़ी एचटी केबिल में फाल्ट हो गया। जिस कारण पूरी रात फीडर 3, 4 व शक्ति नगर की बिजली गुल रही। रात के समय बिजली न आने से लोग गर्मी और उमस में पूरी रात बेहाल रहे।


फाल्ट की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

मोहर्रम जुलूस को लेकर दोपहर बारह बजे नगर की बिजली बंद कर दी गई। जुलूस समाप्त होने के बाद छह बजे आपूर्ति चालू की गई। इसी दौरान सरैयां स्थित गंगाघाट टाउन सबस्टेशन पर पश्चिमी क्षेत्र मिश्रा कालोनी में सप्लाई देने वाली एचटी केबल दग जाने से आग लग गई। जिस पर कर्मियों ने मरम्मत कर आपूर्ति चालू करने का प्रयास किया लेकिन ट्रिपिंग होने के कारण आपूर्ति नहीं चालू हो सकी।

जिससे 3, 4 व शक्ति नगर की बिजली गुल रही। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद, जेई विष्णु शुक्ला, अक्षय तिवारी बिजली कर्मियों के साथ रात को पेट्रोलिंग करते रहे। रात नौ बजे किसी तरह शक्तिनगर फीडर चालू कर दिया गया लेकिन पश्चिमी क्षेत्र में फाल्ट होने के कारण पूरी रात बिजली गुल रही। रात दो बजे फाल्ट ठीक किया गया और आपूर्ति चालू की गई लेकिन लाइन ट्रिप होने के कारण सर्किट खोल दिया गया। जो गुरुवार सुबह सात बजे फाल्ट ठीक कर जोड़ा गया। पूरी रात बिजली न आने से हजारों लोग गर्मी में व्याकुल हो गये। इसी तरह एचटी लाइन ब्रेक होने से फीडर 3 व चार को गुरुवार रात साढ़े तीन बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रखा गया।

# संचारी रोग नियंत्रण को लेकर हुई साफ-सफाई

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर 1 जुलाई से 31 जुलाई के बीच संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये गुरुवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी ने वार्ड 18 में साफ सफाई की। इसके साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव किया।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 18 गायत्री नगर में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाडू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई। ईओ ने बताया कि इसी तरह 31 जुलाई तक नगर के सभी वार्डों में साफ सफाई कराई जायेगी।


गायत्री नगर में पालिका द्वारा होती साफ-सफाई। अमृत विचार

# विभाग के काउंटर पर नहीं जमा होंगे प्राइवेट एजेंसियों के बिल

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** नगर पालिका में बने पालिका के बिजली के बिल के काउंटर का सिस्टम खराब होने के कारण बिजली के बिल नहीं जा हो सके। जिस पर बिल जमा करने के लिये सब स्टेशन पहुंचे। जहां लंबी लाइन लगी रही। वहीं गुरुवार एक्सईएन ने बिजली विभाग के काउंटरों पर प्राइवेट एजेंसी को बिल जमा न करने के निर्देश दिये।

बिजली के बिल जमा करने के लिये विभाग ने सरैयां पॉवर हाउस और नगर पालिका के बाद कलेक्शन सेंटर खोला था, जहां प्राइवेट एजेंसियां बिल जमा करने का काम कर रही थी। इधर एक्सईएन सूर्यादय कुमार ने प्राइवेट एजेंसी के सरकारी काउंटर पर बिल न जमा करने के निर्देश जारी कर दिये। इसके कारण पालिका व पॉवर हाउस पर बैठने वाले सीएचसी के प्राइवेट कर्मियों को हटा दिया गया। वहीं पालिका के बिल काउंटर का सिस्टम भी खराब हो गया। जिस पर गुरुवार को बिल नहीं जमा हो सके। विभाग का एक कर्मचारी सैकड़ों उपभोक्ताओं का बिल जमा करने को लगे रहे। सुबह से दोपहर तक लंबी लाइनें लगी रही। इस बावत एक्सईएन सूर्यादय कुमार ने बताया कि विभाग के काउंटर पर प्राइवेट एजेंसी बिल नहीं जमा कर सकती हैं। पालिका का सिस्टम खराब होने की जानकारी मिली है। उसे ठीक कराया जायेगा।


सब स्टेशन में बिजली का बिल जमा करने के लिये लगी लाइन। अमृत विचार

- पालिका का बिजली काउंटर बंद होने सब स्टेशन में लगी लोगों की भीड़

# दहेज हत्या में पति को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली में दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने व मांग पूरी नहीं होने पर उसकी हत्या किए जाने के दर्ज केस की सुनवाई जिला जज कोर्ट में पूरी हुई। कोर्ट ने दहेज हत्या के लिए पति को दोषी ठहराते हुए उसे सात साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के सहरावां गांव निवासी शिवसेवक सोनी पुत्र स्व. गिरजा शंकर सोनी ने गंगाघाट कोतवाली में बेटी की हत्या की किए जाने किन रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया था कि पांच अप्रैल-2016 को उसके दामाद अनिल सोनी ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बेटी की हत्या कर दी थी। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई जिला जज की कोर्ट में पूरी हुई। जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी द्वारा पेश की गई दलीलों व साक्ष्य के आधार पर जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सात साल का कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदंड लगाया।

# समस्याओं के निस्तारण में टॉप टेन में लाएं जिला

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी ने आईजीआरएस व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की विभाग व तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री संदर्भों सहित जनसमस्याओं व शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण किया जाना चाहिए। कहा कि जिले को टाप टेन में शामिल कराने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है।

डीएम ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समाधान का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि प्राप्त होने वाली शिकायत का निस्तारण कराते हुए शिकायतकर्ता का पक्ष हरहाल में सुना जाना चाहिए। शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर शिकवा-शिकायत की समस्या समाप्त हो जाती है। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण फिसड्डी व संतोषजनक परिणाम न देने वाले विभागाध्यक्षों के प्रति नाराजगी जताई। कहा कि अब आगे से असंतुष्ट फीडबैक नहीं प्राप्त होना चाहिए। इसमें सुधार न करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम वित्त एंव राजस्व नरेंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, डीडीओ संजय पांडेय व पीडी डीआरडीए कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।


आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बाइक से टक्कर मारने का विरोध करने पर पीटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी में पिछले सप्ताह पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने बाइक से टक्कर मार दी। जिसका विरोध करने पर दो लोगों ने जमकर मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और साथ ही कहा है कि जांच पड़ताल करने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी दोषी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। मिश्रा कॉलोनी निवासी सुंदरलाल तिवारी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 12 जुलाई को मोहल्ले में रहने वाले पंकज तिवारी ने उसे बाइक से टक्कर मार दी थी। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर पंकज और राजेन्द्र तिवारी ने उसे जमकर मारा पीटा। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा ।सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### ट्रेन में चढ़ रहे युवक का पैर फिसला, चपेट में आने से मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव दरियाई खेड़ा का रहने वाला डल्ला सिंह (31) बीती बुधवार रात छोटे भाई के पास चित्रकूट जाने के लिए उन्नाव स्टेशन पहुंचा था। वहां पूछताछ करने पर उसे पता चला कि चित्रकूट एक्सप्रेस ट्रेन दो घंटे लेट है। इस पर वह स्टेशन परिसर में ही ट्रेन का इंतजार करने लगा। जब ट्रेन आई तो उसे इसका पता नहीं चल सका। जब ट्रेन चल दी तो हॉर्न सुनकर वह दौड़कर ट्रेन में बैठने लगा। तभी उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के पहियों की चपेट में आ गया और उसकी इसमें मौत हो गई।

तैयारी | 25 दिनों का ब्लॉक लेकर रेलवे ब्रिज पर बदले जायेंगे स्लीपर, हाईस्पीड ट्रेनें चलाई जाने से पहले दुरुस्त की जा रही हैं व्यवस्थाएं

# ब्लॉक लेकर रेलवे पुल पर होगा कार्य, डीआरएम ने देखी हकीकत

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाईस्पीड ट्रेनें चलाई जानी है। जिसे देखते हुये रेलवे विभाग सारी खामियों को दूर करने में जुटा हुआ है। इधर गंगा नदी में बने रेलवे पुल पर स्लीपर जर्जर होने के साथ ही अन्य खामियां हैं। जिसकी हकीकत देखने के लिये गुरुवार शाम लखनऊ मंडल के डीआरएम रेलवे पुल पर पहुंचे। जहां उन्होंने होने वाले 25 दिन ब्लॉक रेलवे पुल की हकीकत देखी।

गंगा नदी में बने रेलवे पुल के डाउन लाइन का ट्रैक कुछ स्थानों पर जर्जर हो गया है। जगह-जगह स्लीपर जर्जर हो गये। वहीं लोहे के स्लीपर कई स्थानों से टूट चुके हैं। वहीं रेल पटरी भी काफी पुरानी हो चुकी है। इधर रेलवे पर जर्जर स्लीपर और पटरी को बदला जाना है। जिसे देखते हुये गुरुवार को लखनऊ मंडल के डीआरएम एस एम शर्मा शाम करीब 05:44 बजे विशेष शैलून से पहुंचे। जहां उन्होंने पैदल ही रेलवे पुल के डाउन लाइन का निरीक्षण किया। जिसके बाद बीच पुल पर खड़े होकर जर्जर स्लीपर बदलने को लेकर मातहतों से मंत्रणा की। उन्होंने बताया कि रेलवे पुल के स्लीपर बदले जाने हैं। जिसमें लगभग 24-25 दिनों का ब्लॉक लिया जाना है। उसी को लेकर देखा जा रहा है कि ट्रेनों का संचालन कैसे मैनेज किया जायेगा। जिससे रेल संचालन भी न प्रभावित हो सके।


रेलवे ब्रिज का निरीक्षण करते डीआरएम एसएम शर्मा। अमृत विचार


लाल घेरे में इस तरह जर्जर हैं रेलवे पुल के स्लीपर।

### बुधवार को एडीआरएम ने किया था निरीक्षण

रेलवे पुल के जर्जर स्लीपर, गार्डर और पटरी बदलने को लेकर बुधवार को एडीआरएम सचिन वर्मा ने पुल पर पहुंचकर निरीक्षण किया था। जहां उन्होंने भी विभाग मातहतों को दिशा निर्देश दिये थे।

### रेलवे पुल से कॉसन से गुजर रहीं ट्रेनें

रेलवे पुल काफी पुराना होने के कारण रेलवे ने अप और डाउन लाइन के ओर कॉसन लगा रखा है। जिससे हाईस्पीड की ट्रेनों के अलावा अन्य ट्रेनें भी पुल से कॉसन से गुजरती हैं।


रेलवे पुल पर पटरी बदलने का काम करते रेल कर्मी। अमृत विचार

### रेलवे पुल पर ब्लॉक लेकर बदली गई रेल पटरी

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार को रेल पथ निरीक्षण की देख रेख में रेलवे पुल के डाउन लाइन पर पटरी बदलने का कार्य किया गया। इस दौरान ब्लॉक होने के कारण डाउन लाइन का संचालन प्रभावित रहा। ब्लॉक खत्म होने के बाद संचालन शुरू हो सका। रेलवे पुल पर मंगलवार को रेल पटरी टेढ़ी हो जाने के कारण मालगाड़ी समेत कई मेल ट्रेनें रोकी गई थी। उसी स्थान पर गुरुवार को पटरी बदलने का कार्य किया गया। जिसके बाद रेल पथ विभाग ने कंट्रोल से ब्लॉक मांगा। जिस पर दोपहर करीब 02:10 बजे से 03:20 बजे के बीच एक घंटे दस मिनट का ब्लॉक मिला। जिसके बाद रेल कर्मियों ने पुरानी पटरी को हटाकर नई पटरी लगाने का काम किया। इस दौरान गिट्टी भरान का भी काम किया गया। कार्य के चलते डाउन लाइन का संचालन प्रभावित रहा। ब्लॉक अवधि समाप्त होने के बाद संचालन शुरू हो सका।

# ट्रेनों के निकलने के कारण बैराज मार्ग पर लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज

- भीषण गर्मी में जाम में फंसने से बिलबिला उठे लोग

**अमृत विचार।** गुरुवार दोपहर बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग से एक के बाद एक तीन ट्रेनें निकली। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

दोपहर करीब बारह बजे डाउन और अप लाइन से ट्रेनें गुजरी। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। कुछ ही देर में डाउन लाइन से एक और ट्रेन आ गई। वाहनों का भार बढ़ने के कारण क्रासिंग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। ट्रेनों के गुजरने के बाद क्रासिंग खुली। जिस पर वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे।

क्षतिग्रस्त और संकरे रास्ते के कारण वाहन आमने सामने फंस गये। इस दौरान एक घंटे तक जाम लगा रहा। जिससे वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।


बैराज मार्ग पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

# एआरटीओ ने 35 बसों का रजिस्ट्रेशन किया रद

- अवैध संचालन पर एआरटीओ ने शुरू की सख्त कार्रवाई
- कार्रवाई के चलते अवैध वाहन संचालकों में मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी महोबा दयाशंकर द्वारा बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के सड़कों पर दौड़ रही 35 बसों का रजिस्ट्रेशन निलंबित कर दिया गया है। खास बात यह है कि इन सभी बसों का मालिक करमचंद्र जैन जोधपुर राजस्थान का रहने वाला है ,जबकि सभी बसें केयर ऑफ के रूप में पुष्पेंद्र सिंह मवईखुर्द थाना खन्ना महोबा के नाम से पंजीकृत हुई हैं। एआरटीओ द्वारा एक साथ 35 बसों का पंजीयन निरस्त कर देने के बाद से बिना फिटनेस के चलने वाली बसों के वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया है।

जिले में सड़कों पर बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के दौड़ रही बसों पर एआरटीओ (सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी) दयाशंकर द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के तहत 35 बसों के पंजीयन को निलंबित कर दिया गया है। इन सभी बसों का पंजीयन जोधपुर, राजस्थान के करमचंद जैन के नाम पर है, जबकि ये महोबा निवासी पुष्पेंद्र के देखरेख में संचालित हो रही थीं। विभाग द्वारा बार बार फिटनेस प्रमाण पत्र खत्म होने की सूचना देने के बावजूद भी बसों का फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं बनवाया गया, जिसके चलते एआरटीओ द्वारा यह कार्रवाई की गई है। जिले में इस कार्रवाई के बाद से अवैध रूप से बसों का संचालन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

एआरटीओ ने बताया कि यह कार्रवाई सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कहा कि महोबा जिले में अवैध वाहन संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एक्सप्रेस-वे की 'सेहत' बिगाड़ रही ओवरलोडिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** वाहनों की ओवरलोडिंग आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सेहत बिगाड़ रही है। प्रतिबंध के बाद भी भारी वाहन फर्राटा भर रहे हैं। परिणाम यह कि एक्सप्रेस-वे की ट्रक-बस लेन में गड्ढे होने लगे हैं और कई जगह तो लेन में टायरों की लीक बन गई है। इससे कभी भी हादसा हो सकता है। हालांकि कार्यदायी संस्था ने गड्ढों को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है और पैचवर्क किया जा रहा है।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक तरफ तीन लेन हैं। बीच में कार तो डिवाइडर के पास ओवरटेकिंग



एक्सप्रेस-वे के गड्ढों में पैचिंग करते कर्मचारी। अमृत विचार

लेन है। किनारे पर ट्रक-बस लेन को अलग से है। ओवरलोडेड ट्रक और डंपर इस पर रात-दिन फर्राटा भरते हैं। वजन होने से सड़क पर टायरों के दबाव के कारण लकीरें बन गई हैं। कई स्थानों पर डामर उखड़ने से गड्ढे हो गए हैं। तालग्राम से फगुहा कट तक बुरा हाल हो गया है। कई जगह गड्ढे तो फगुहा कट से ठठिया तक लेन में गहरी लीक ने एक्सप्रेसवे की सूरत बिगाड़ दी है।

- ट्रक-बस लेन पर दौड़ रहे भारी वाहन, कोई जांच नहीं
- कई जगह हुए गड्ढे, कार्यदायी संस्था ने शुरू किया पैचवर्क

> आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर जहां-जहां लेन में दिक्कत है, उनको चिन्हित कर कार्यदायी संस्था को मरम्मत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। काम शुरू भी हो गया है। जल्द ही पूरी लेन को ठीक कर आवागमन को सुविधापूर्ण बना दिया जाएगा।
>
> –शशिकांत मिश्रा, सुरक्षा अधिकारी –यूपीडा

आरजीबीएल नाम की एक प्राइवेट कंपनी को उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने एक्सप्रेस-वे की मरम्मत की जिम्मेदारी दी है। इन दिनों आते जाते देखा जा सकता है कि कंपनी के कर्मचारी गड्ढों पर पैचवर्क कर रहे हैं, लेकिन गहरी लीक की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नियमानुसार लीक को खोदकर दोबारा लेन बनाया जाना चाहिए, लेकिन वाहनों की संख्या अधिक होने से दिक्कत आ रही है। ओवरलोड वाहनों की रोकथाम को यूपीडा द्वारा भी कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

# चादर पर खून का दाग, उप मुख्यमंत्री का पारा हाई

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रायबरेली, फतेहपुर, बांदा के अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को रायबरेली, फतेहपुर और बांदा में अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्था मिलने पर उन्होंने जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए जांच के निर्देश दिए। फतेहपुर के जिला अस्पताल में गंदगी, मरीज के बेड पर पड़ी चादर पर खून का दाग और बिजली के खुले तारों को लेकर सीएमएस को फटकार लगाई और तत्काल व्यवस्था को दुरुस्त करने का आदेश दिया। कुछ तीमारदारों ने बाहर की दवा लिखने की शिकायत की, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने सीएमएस से जवाब मांगा तो सही उत्तर नहीं दे सके।

उप मुख्यमंत्री गुरुवार को लखनऊ से फतेहपुर होते हुए महोबा जा रहे थे। फतेहपुर सर्किट हाउस में रुकने के बाद अचानक उनका काफिला जिला अस्पताल पहुंच गया। उन्होंने सीधे भर्ती मरीजों से मिलकर जिला अस्पताल में मिल रहे इलाज के बारे में जानकारी की। सीएमओ, सीएमएस भी मौके पर पहुंच गए। ओपीडी और जगह-जगह खुले बिजली के तारों को देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने सीएमएस को फटकार लगाई।



फतेहपुर जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो चलाया

**बांदा।** गुरुवार दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मटौंध में सड़क किनारे स्थित नवीन पीएचसी का औचक निरीक्षण किया तो वहां की अव्यवस्थाएं देखकर उनका पारा चढ़ गया। डिप्टी सीएम व विभागीय मंत्री के भ्रमण के दौरान जिले के सीएमओ उनके साथ नहीं थे। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पूरा वीडियो भी लाइव किया है। स्वास्थ्य केंद्र में मात्र एक स्टाफ नर्स पुष्पा ही मिलीं। उन्होंने अपने सहायक से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को फोन मिलवाया और फटकारा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके श्रीवास्तव से स्वास्थ्य केंद्र में तैनात स्टाफ की जानकारी मांगी तो वह भी उपलब्ध नहीं करा सके। नर्स पुष्पा ने बताया कि यहां उनके अलावा रुचि, रेनू गुप्ता और अमिता चार स्टाफ नर्स तैनात हैं। डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर हालत पर नाराजगी जाहिर की।

### धवर्रा में अस्पताल खोलने का दिया आश्वासन

**महोबा।** पंडित गणेश प्रसाद मिश्रा की जन्मशताब्दी के अवसर पर समृद्ध किसान और समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शिरकत की। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम धवर्रा में अस्पताल खोले जाने का आश्वासन दिया।

### गंदगी के हालात देख उप मुख्यमंत्री बोले, यह अस्पताल है या बूचड़खाना

**बछरावां, रायबरेली।** इससे पहले उप मुख्यमंत्री ने बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें चारों तरफ गंदगी देखने को मिली जिससे उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने अधीक्षक को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि यह अस्पताल है या बूचड़खाना। ओपीडी में चिकित्सक नदारद थे। मरीजों की शिकायत पर उन्होंने अधीक्षक से पूछताछ की। उपस्थिति रजिस्टर देखा तो 11 कर्मचारी नदारद मिले। इस पर उन्होंने गैर हाजिर कर्मचारियों का वेतन काटने का निर्देश दिया।

# कार ने मारी स्कूटी में टक्कर भांजे की मौत, मामा घायल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- परिजनों ने हाईवे पर शव रख कर लगाया जाम

**अमृत विचार।** अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। घटना में किशोर की मौत हो गई जबकि मामा घायल हो गया। दुर्घटना करनपुर गांव के निकट हाईवे कट के निकट हुई। परिजनों ने हाईवे पर शव रख कर जाम लगा दिया। पुलिस को जाम खुलवाने के लिये लाठी भांजनी पड़ी। सूचना पर एएसपी ने मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्रके गांव नौरंगपुर नगरिया निवासी विवेक कुमार (17) पुत्र जवाहरलाल सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर स्थित ननिहाल आया था। गुरुवार को उसे छोड़ने के लिये मामा मनीष कुमार पुत्र लक्ष्मण सिंह स्कूटी पर बैठा कर जा रहे थे। वह स्कूटी लेकर करनपुर से पहले हाईवे कट के निकट पहुंचे और कार आने पर खड़े हो गये। इसी दौरान अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी और पलट गई। दुर्घटना की जानकारी पर निकट गांव के लोग मौके पर पहुंचे गये। मामा व भांजे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने जांच के बाद विवेक को मृत घोषित कर दिया। घायल मामा को भर्ती कर उपचार किया गया। उधर कार पलटने के बाद चालक समेत सवार तीन लोगों को लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना देकर उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार सवार लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया।

वहीं जिला अस्पताल में विवेक की मौत की जानकारी पर परिजन शव लेकर चले आये। इस के बाद परिजनों ने घटना स्थल पर शव रख कर हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस के समझाने पर भी शव नहीं उठने दिया। परिजन समाज कल्याण मंत्री को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे।

# दुराचार के आरोपी को 10 साल की कैद

**बांदा।** अतर्रा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग को 21 अक्तूबर 2020 की रात अमर वर्मा पुत्र रामलखन वर्मा अपने घर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दुराचार समेत पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने आरोपी को घटना के दो दिन बाद गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन करते 18 नवंबर 2020 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

लोक अभियोजक सुनील गुप्ता ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। साथ ही कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबिल विवेक सिंह तथा पैरोकार कांस्टेबिल पुष्पेंद्र कुमार के अथक प्रयासों से अभियुक्त को न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने 10 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया।

# एसपी ऑफिस के बाहर पेट्रोल डाल किया आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- ठगी का शिकार होने की शिकायत करने आई थी महिला

**अमृत विचार।** ठगी का शिकार हुई विधवा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस वालों ने उसके हाथ से माचिस छीन ली। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पीड़ित महिला का चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

कोतवाली फतेहगढ़ की रहने वाली रुबिना पत्नी अकरम निवासी हाथी खाना ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके मोहल्ले का ही रहने वाला एक युवक उसके पति के पास आता जाता था। पति की मौत के बाद वह युवक उसके घर आया और कहा कि वह उसे 4 लाख रुपये उधार देदे। दो साल बाद पैसे लौटा देगा और उसे एकलाख रुपये अधिक देगा। पीड़ित महिला का कहना है कि युवक ने उसे कुछ दिन 5000 रुपये महीने दिए उसके बाद कोई पैसा नहीं दिया। रुबिना ने जब रुपये मांगे तो जान से मारने की धमकी दी और कहा कहीं भी शिकायत की तो रुपये वापस नहीं करेगा। रुपये न मिलने पर पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर पेट्रोल डाल आत्मदाह का प्रयास किया।

एसपी आलोक प्रियदर्शी के आदेश पर पुलिस ने महिला का डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया है।



महिला को संभालती पुलिसकर्मी।

# गैरहाजिर रहने वाले 2 शिक्षकों की सेवा समाप्त

**इटावा।** बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में कार्यरत दो सहायक अध्यापकों को बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी इटावा के अधीन संचालित विकासखंड बढ़पुरा के प्राथमिक विद्यालय भिंडियापुर में कार्यरत वंदना वर्मा पुत्री राम जीवन के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। उनके स्थान पर उमा देवी ड्यूटी कर रही हैं इस प्रकरण की जांच की गई तो यह शिक्षक 8 जुलाई 2022 से विद्यालय से बिना सूचना की अनुपस्थिति हो गईं।

इसी प्रकार योगेश कुमार इंचार्ज प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय गढ़ा कासदा द्वारा विकासखंड चकरनगर में अनेक वित्तीय अनियमितताएं की गई थीं। वे जांच में दोषी पाए गए थे और 13 मार्च 2023 से लगातार अनुपस्थित चल रहे थे। इन दोनों अध्यापकों को तीन-तीन नोटिस दिए गए।

# कंटेनर ने बाइक सवार मां-बेटे को मारी टक्कर, मां की मौत

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- बेटी से मिलने उसकी ससुराल सुमेरपुर जा रही थी

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गोस्वामी ढाबा के पास हाईवे पर बाइक सवार मां बेटे को कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मौदहा के हुसैनगंज निवासी मोहम्मद हनीफ की पत्नी माजदा बेगम (48) अपने पुत्र नफीस के साथ बाइक से बेटी से मिलने उसकी ससुराल सुमेरपुर आ रही थी। बुधवार देर शाम करीब आठ बजे गोस्वामी ढाबा के पास कंटेनर ने पीछे से ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। जिससे माजदा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। नफीस ने बताया कि घायल मां को देखने के लिए कंटेनर चालक नीचे उतरा। उनकी हालत देखकर चालक कंटेनर को भगाने का प्रयास किया। लेकिन बैक गियर पड़ जाने से कंटेनर मां के ऊपर चढ़ गया। जिससे उनकी हालत नाजुक हो गई और कंटेनर मौके से भाग निकला।

### आमने-सामने टकराईं कारें, पांच लोग घायल

**भरथना।** ऊसराहार मार्ग पर थाना क्षेत्र में गांव नगला अजीत के पास गुरुवार दोपहर को आमने-सामने से आ रहीं कारें टकरा गईं। इस हादसे में पांच लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र में गांव टिकुरिया में रहने वाले शिवराज ने बताया कि वह भरथना नगर में विद्यालय से बेटी परी को लेकर वापस गांव जा रहा था, इसी दौरान उक्त स्थान पर सामने से आई कार के ड्राइवर ने टक्कर मार दी। इससे कार में सवार गांव के ही अंशू तथा अवधेश घायल हो गए। वहीं दूसरी कार में सवार मैनपुरी में रहने वाले ब्रजेश तथा महेश की बेटी ऋतु घायल हो गए। सीएचसी में शिवराज को इलाज देकर घर भेजा गया। अन्य चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# दुबई में फांसी की सजा पाई युवती को न्याय दिलाने की मांग

**बांदा।** रोटी बैंक सोसाइटी ने दुबई में फांसी की सजा पाई युवती को न्याय दिलाने को आगे आई है। सोसाइटी ने कलक्ट्रेट में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर प्रकरण की जांच कराने की मांग की है।

रोटी बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष सलमान खान के नेतृत्व में सोसाइटी के एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देते हुए बताया है कि मटौंध के गोयरा मुगली निवासी शहजादे खान जो कि सोसाइटी की सदस्य भी थीं। कुछ वर्ष पूर्व इंटरनेट मीडिया के जरिए अपने साथी के साथ जुड़कर आगरा गईं और वहां से दुबई चली गई थीं। जहां पर उसे बच्चे की हत्या के आरोप में फांसी की सजा सुनाई गई है, जबकि परिजनों ने थाना मटौंध में आरोपियों पर मामला दर्ज कराया है। उन्होंने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि पूरे मामले की जांच कराकर आरोपी की सकुशल वतन वापसी का प्रयास किया जाए।

## सार-संक्षेप

### कानपुर-मानिकपुर मेमू 22 तक कैंसिल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** आगामी 22 जुलाई तक कानपुर से मानिकपुर के मध्य चलने वाली मेमू ट्रेन दोहरीकरण कार्य के चलते स्थगित रहेगी। वहीं अन्य यात्री ट्रेनें यथावत चलेगी। भीमसेन एवं खैरार जंक्शन के मध्य रेलवे के दोहरीकरण का कार्य होने के कारण पूर्व में 14 से 17 जुलाई के मध्य इस रूट की सभी ट्रेनों को निरस्त किया गया था। 18 जुलाई को कानपुर चित्रकूट इंटरसिटी को दोपहर में चलाया गया। यह शाम को अपने निर्धारित समय पर कानपुर के लिए वापस हुई। वहीं कानपुर से मानिकपुर के मध्य चलने वाली मेमू ट्रेन को 22 तक स्थगित कर दिया गया है। इसके अलावा खजुराहो कानपुर पैसेंजर ट्रेन भी 18 जुलाई को स्थगित रही।

### अधेड़ ने नाबालिग को बनाया हवस का शिकार

**फ़तेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक अधेड़ ने विगत छह माह पूर्व अपने ही पड़ोस की एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपनी हवस का शिकार बना डाला। लोकलाज के भय से पीड़िता ने अपने स्वजनों को कुछ भी नहीं बताया। नतीजतन पीड़िता के छह माह का गर्भ ठहर गया। जिससे स्वजनों को जानकारी हुई। स्वजनों ने जब पीड़िता से पूछा तो उसने अपने ही गांव के निवासी आरोपी के खिलाफ दुराचार का आरोप लगाते हुए स्वजनों को आप बीती बताई। बकौल ग्रामीण आरोपी को अपने नापाक करतूतों की पोल खुलने की जैसे ही भनक लगी। वह पकड़े जाने के डर से घर से फरार हो गया। हालांकि पीड़िता के स्वजनों ने पुलिस से शिकायत करने की बजाय पीड़िता को अमौली कस्बे के एक निजी अस्पताल में ले जाकर उसका गर्भपात करवा दिया।

### फर्रुखाबाद में डायरिया से दो बच्चों की मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के अलग-अलग गांव निवासी दो बच्चों की उल्टी, दस्त, बुखार के बाद हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल लोहिया में 12 घंटे के अंदर दोनों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में साफ-सफाई के इंतजाम भी काफी खराब है। वहीं बच्चों की तबीयत खराब होने के बाद दोनों के परिजन झोलाछापों से इलाज कराते रहे। थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव कुम्हरौर निवासी वसीम का 4 वर्षीय पुत्र आरिफ कई दिन उल्टी दस्त, पेट दर्द से पीड़ित था। परिजन इधर-उधर झोलाछापों से दवा लेते रहे। जिससे हालत ज्यादा बिगड़ गई। बुधवार रात जिला अस्पताल लोहिया लेकर पहुंचे। ईएमओ ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण बताते हैं कि गांव में कभी कभार सफाई होती है, गांव में दवा का छिड़काव नहीं कराया गया। सफाई कर्मचारी भी गांव में नहींआता। जिसके कारण बीमारियां फैल रही हैं।

**पौधरोपण** | जिले में कल 39 लाख 69 हजार 159 पौधे रोपे जाएंगे, वन विभाग 84 स्थलों पर 810 हेक्टेयर जमीन पर करेगा शुरुआत

# आंवला, बेल समेत 57 किस्म के पौधों से धरा को करेंगे हरा-भरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में 20 जुलाई को पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत 39 लाख 69 हजार 159 पौधे रोपे जाएंगे। इस बार वन विभाग 17 पौधशालाओं से आंवला, सहजन, बेल, गूलर, पीपल, बरगद जैसे 57 किस्मों के पौधे कई विभागों को वितरित कर रहा है।

वन विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर लोगों को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि वन विभाग की ओर से 18 लाख 69 हजार 300 पौधे 810 हेक्टेयर जमीन में रोपे जाएंगे। इसके लिए 84 स्थल चयनित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अन्य विभाग मिलकर 5692 स्थलों पर कुल 20 लाख 99 हजार 959 पौधे रोपेंगे। पौधरोपण की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। गड्ढे खुदवा दिए गए हैं। वर्तमान में पौध वितरण का काम अंतिम चरण में है।



हसेरन के मद्दपुरा ग्राम पंचायत में लोडर से उतारी जाती पौध। अमृत विचार

### इन प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे

- प्रभागीय वनाधिकारी ने 20 जुलाई को लगाए जाने वाले पौधों के बाबत बताया कि गुटेल, गुड़हल, गूलर, गोल्ड मोहर, चिलबिल, छितवन, जंगल जलेबी, जामुन, ढाक, बबूल, नींबू, नीम, पपीता, प्रोसेपिस, पेल्टोफार्म, पाकड़, बरगद, पीपल, सिरस, फलदार, बकैन, बेल, बेर, बाटल ब्रश, बॉस, बोगनबिलिया, महुआ, मीठी नीम, मोहगनी, शरीफा, गुलाब, शहतूत, शीशम, सेमल, समी, सलेक्स, सागौन, सहजन, अकेसिया, अनार, अमरूद, अमलतास, अर्जुन, अशोक, आम, इमली, आंवला, कचनार, कंजी, कटहल, कैथा, कदंब, कनक, चंपा, कनेर, करौंदा, केसिया स्यामिया आदि के पौधे रोपे जाएंगे।

### यह हैं विभाग की पौधशालाएं

ब्लॉक सदर कन्नौज की राजगिरहार पौधशाला, एसटीपी पौधशाला, उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र में उमर्दा, हरेईपुर व औसेर वन ब्लॉक, तालग्राम क्षेत्र में तेराजाकेट, तेरारब्बू व बिरौली पौधशाला, जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी पौधशाला, गुगरापुर में पनगवां ट्रस्ट चांदापुर पौधशाला व चांदापुर, छिबरामऊ ब्लॉक क्षेत्र में डायट पौधशाला, सौरिख में नहर कोठी किसई पौधशाला, नगला खेमकरन व हसेरन क्षेत्र में फूलपुर पौधशाला व राजपुर पौधशाला से पौधों का वितरण हो रहा है।

### उमर्दा में समाज कल्याण मंत्री करेंगे शुरुआत

- समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण 20 जुलाईको सुबह 11 बजे उमर्दा में ग्राम समाज की जमीन पर पौधरोपण करेंगे। सामाजिक वानिकी योजना के तहत वह 20 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 50 हजार पौधे लगाने की शुरुआत करेंगे। इसमें बेर, जंगल-जलेबी, नीम, जामुन, देसी बबूल, कंजी, प्रोसेपिस ज्यूलीफ्लोरा व आंवला आदि प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे।

> 57 प्रजातियों के जो पौधे लगाए जाएंगे उसमें कई ऐसे हैं जो दवा के रूप में भी प्रयोग होते हैं। वर्तमान में ऑक्सीजन की आवश्यता बढ़ गई है इस वजह से पौधे लगाने व देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया है जिससे अभियान पूरी तरह सफल हो सके। पोधरोपण के बाद पौधों की रखवाली भी की जाएगी।



डॉ. हेमंत सेठ, डीएफओ

# नर्स की लापरवाही से बालिका की चली गई जान, होगी जांच

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- 100 शैया अस्पताल में भर्ती थी, वीगो से बहता रहा खून

**अमृत विचार।** सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती बालिका को लगी ड्रिप की वीगो से खून बहने लगा। इसकी जानकारी दिए जाने के बाद भी स्टाफ नर्स ने ध्यान नहीं दिया। इससे लगातार खून बहता रहा। जब डॉक्टर ने देखा तो फटकार लगाई और इलाज शुरू किया। बाद में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत सीएमएस से की। उन्होंने दो दिन के अंदर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी संजू राजपूत पुत्र बालकराम ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 11 बजे उनकी 8 वर्षीय पुत्री ईशानी को तेज बुखार आने से सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां डॉक्टर ने उसका इलाज शुरू किया। इसी दौरान दुर्घटना में घायल मरीज आ गए। डॉक्टर उसे छोड़ उनके इलाज में लग गए। इस दौरान उनकी पुत्री के हाथ में लगी वीगो से खून बहने लगा। उनका आरोप है कि कई बार सूचना देने के बावजूद स्टाफ नर्स नहीं पहुंची, जिससे उसका लगातार खून बहता रहा। कुछ देर बाद पहुंचे चिकित्सक ने मामले को देख नर्स स्टाफ की जमकर फटकार लगाई और खून की कमी होने के कारण उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। उसे ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत सीएमएस से की है। वहीं सीएमएस सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल की जाएगी। लापरवाही पाई जाने वाली नर्स स्टाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक में थरथराहट महसूस होने पर चालक ने लगाई थी इमरजेंसी ब्रेक

गोंडा कार्यालय


पलटी बोगी से यात्रियों को सुरक्षित निकालते स्थानीय लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गोंडा गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप बृहस्पतिवार को हादसे का शिकार हुई चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन के मामले में रेल ट्रैक की खराबी का मामला सामने आया है। ट्रेन के चालक का कहना है कि पटरी खराब होने के कारण उसे ट्रैक में थरथराहट महसूस हुई तो उसने इमरजेंसी ब्रेक लगा दी। ब्रेक लगाते ही ट्रेन खिंच गई और उसकी बोगियां पटरी से उतर गई। चंडीगढ़ से असम जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन बृहस्पतिवार को गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज जिला ही स्टेशन के बीच पकोड़ा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई और ट्रेन के एली कोच के दो डिब्बे ट्रैक से उतरकर खेतों में पलट गए जबकि अन्य कई बोगियां भी पटरी से उतर गयी। इस भीषण रेल हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 34 अन्य यात्री घायल हो गए।

हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई मौके पर जुटे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बोगियों में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें नजदीक के अस्पतालों में ले जाकर भर्ती कराया। कुछ ही देर में मनकापुर एसडीएम यशवंत राव के साथ मनकापुर वह मोतीगंज कोतवाली की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाते हुए यात्रियों को बाहर निकालकर उन्हे अस्पताल पहुंचाया। घायलों में नौ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि दो यात्रियों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान छोटी कुमारी (7) पुत्री मनोज पंडित, अनीता देवी पत्नी मनोज पंडित व मनोज पंडित निवासी महादेवमनी थाना महादेवमनी जिला मधुबनी बिहार, प्रमोद यादव (24) पुत्र रामू निवासी गरीहा सीकरी, जिला गोरखपुर, शिवम कुमार (22) पुत्र दिलीप, निवासी सरदईया मोतीपुर, बिहार, सर्वेश शुक्ला पुत्र त्रिलोक कुमार शुक्ल निवासी ग्राम खसियारा थाना दुधारा, संतकबीर नगर, एडमिन लकड़ा (75) पुत्र पतरास लकड़ा निवासी नागा गांव कालोनी दीमापुर नागालैंड व दो अज्ञात शामिल हैं। हादसे में प्रथम दृष्टया रेलवे ट्रैक में खराबी की बात सामने आई है। हादसे की जानकारी देते हुए ट्रेन के चालक त्रिभुवन नारायन और सहायक लोको पायलट राज ने बताया कि गाड़ी रन थ्रू जा रही थी। आगे ट्रैक पर कर्व होने के कारण उन्होने ट्रेन की स्पीड धीमी कर ली थी।

इसी बीच उन्हे ट्रैक पर थरथराहट महसूस हुई तो उन्होने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। ब्रेक लगते ही गाड़ी खिंच गयी और डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए।

### रेलवे ने यात्रियों के लिए चलाई गोंडा से विशेष ट्रेन

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खंड पर गोंडा स्टेशन से तरकीबन 19 किमी दूर मोतीगंज-झिलाहीं स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर ट्रेन 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पलटने से अन्य ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। तमाम ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है. दर्जनों की संख्या में ट्रेनों के रास्ते बदल कर चलाने की तैयारी की गई है। ट्रेनों के अचानक कैंसिल होने और मार्ग परिवर्तन होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। लखनऊ के चारबाग स्टेशन से लेकर लखनऊ जंक्शन तक यात्री ट्रेनों के लिए परेशान होते रहे। चारबाग के साथ ही ऐशबाग व लखनऊ जंक्शन पर भी थोड़ी देर को ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। यहां पहुंच जम्मूतवी ट्रेन को रोक दिया गया।

### पूर्वोत्तर रेलवे ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खण्ड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के मध्य डाउन लाइन पर 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के अवपथन के फलस्वरूप गोंडा से दुर्घटना राहत चिकित्सा यान दुर्घटना स्थल पर पहुंच गई है। राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। रेल यात्रियों की मदद एवं अन्य जानकारी के लिए रेलवे द्वारा हेल्पलाइन नम्बर जारी किये गये हैं। हादसे के बाद पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्री और उनके परिजनों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। लखनऊ के लिए 8957409292 व गोंडा में 8957400965, सीवान में 9026624251, छपरा में 8303979217 तथा देवरिया सदर में 8303098950 इस नंबर पर जानकारी ली जा सकती है।

## मुख्यमंत्री ने जताया दुख, रेलवे ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** गोंडा गोरखपुर रेल ट्रैक पर मोतीगंज- झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप हुए ट्रेन हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। सीएम ने जिला प्रशासन के अफसरों को मौके पर पहुंचकर युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य करने तथा घायलों को शीर्ष प्राथमिकता के साथ अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने मृतकों की परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

वहीं पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों व उनके परिजनों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। घटनास्थल पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा समेत वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं और स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य किया जा रहा है।

चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार के दोपहर करीब ढाई बजे गोंडा गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई और ट्रेन के चार एसी कोच पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे पलट गए, जबकि अन्य बोगियां भी ट्रैक से नीचे उतर गई। घटनास्थल पर डीएम नेहा शर्मा समेत वरिष्ठ प्रशासनिक पुलिस अधिकारी मौजूद हैं। डीएम की देखरेख में बचाव कार्य चल रहा है। रेल विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने हादसे पर दुख प्रकट करते हुए जिला प्रशासन को राहत का बचाव कार्य जारी रखने के निर्देश दिए।


शीशा तोड़कर घायलों की मदद करते स्थानीय लोग। अमृत विचार


ट्रेन हादसे के बाद मौके पर पहुंचीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

# पलटे तौकीर, कार्यक्रम किया स्थगित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तौकीर बोले-सीओ फर्स्ट के वीडियो संदेश से हमें मिला आश्वासन

**अमृत विचार।** हर तरफ से हो विरोध के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने कार्यक्रम से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। वह खुद तो सामने नहीं आए, लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुफ्ती अहसानुल चतुर्वेदी के नाम से एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें कहा गया कि उन्होंने प्रशासन से मुस्लिम युवाओं के पूर्व में हुए धर्म परिवर्तन के मामलों की जांच का आश्वासन मिलने के बाद 21 जुलाई को पूर्व घोषित आईएमसी के सामूहिक निकाह का कार्यक्रम निरस्त कर दिया है। मौलाना ने इस पत्र की पुष्टि की है। पत्र में कहा गया है कि पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रथम के वीडियो मेसेज में इस बात को स्पष्ट करने के बाद कि पूर्व में पंजीकृत धर्म परिवर्तन या प्रकाश में आए प्रकरण को लेकर कोई शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ भी कानून कार्रवाई की जाएगी। लिहाजा, यह स्पष्ट हो गया कि पूर्व में जिन लोगों ने मुस्लिम लड़कियों के गलत तरीके से धर्म परिवर्तन कराए होंगे, उन मामलों में जांच और कार्रवाई होगी। हम कानून के खिलाफ कोई काम नहीं करना चाहते। अनुमति नहीं मिली तो कार्यक्रम नहीं करेंगे। आईएमसी प्रमुख ने बिना उनकी अनुमति कार्यक्रम स्थगित करने का सहमति पत्र पुलिस के अधिकारियों को देने वाले तीन पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया था। जबकि सहमति पत्र में पदाधिकारियों की तरफ से बताया गया था कि उन्हें आश्वासन मिला है कि धर्म परिवर्तन कराकर सामूहिक निकाह या विवाह का दूसरा कोई कार्यक्रम नहीं होने दिया जाएगा। उधर, पत्र में स्पष्ट किया गया है कि पदाधिकारियों से मंगलवार रात हुई बातचीत के दौरान प्रशासन की तरफ से पूर्व में धर्म परिवर्तन करा रहे लोगों पर जांच कराने का कोई बयान जारी नहीं किया गया था, कार्यक्रम स्थगन का सहमति पत्र देने वाले पदाधिकारियों को निलंबित किया गया था।

# 10 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज के साथ लौटानी होगी मूल धनराशि

**लखनऊ।** फ्लैट के लिए राशि जमा करने के बाद भी कब्जा न देना एक कंपनी को भारी पड़ा गया। राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश ने पूरा मामला सुनने के बाद वादी को दस प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से मूल राशि लौटाने का आदेश दिया।

कस्बा शाहजहांपुर मेरठ निवासी मजहर उल्ला खान और नुजहत बेगम ने सनशाइन इन्फ्राहाईट्स प्राइवेट लिमिटेड में एक फ्लैट के लिए 24 अगस्त 2015 को आवेदन किया। कंपनी की ओर से 27 अगस्त 2015 को फ्लैट/यूनिट नं-डी-17/टीएफ सनशाइन इन्फ्राहाईट्स योजना मेरठ में आवंटित किया। आवंटन के नियम एवं शर्तों के अनुसार कब्जा 24 महीने में देना था, मगर कंपनी ने परिवाद प्रस्तुत किए जाने तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया था।

इस पर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश अशोक कुमार ने कंपनी को 9 लाख 16 हजार 539 रुपये जमा की तिथि से अदायगी की तिथि तक दस प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर के साथ तीन माह के अंदर वापस लौटाने के आदेश दिए। तीन माह में धनराशि न लौटाने पर 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना होगा।

# दो जनपदों के बीएसए फिर बदले गए

**लखनऊ।** शासन ने गुरुवार को बेसिक शिक्षा विभाग में बीएसए (बेसिक शिक्षा अधिकारी) स्तर के तीन अधिकारियों के तबादले कर दिए। हाल ही में तैनात की गई हरदोई के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति को फिर हटा दिया गया है। उन्हें मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, लखनऊ में सहायक उप निदेशक बनाया गया है जबकि बांदा के बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार को समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना कार्यालय में विशेषज्ञ के रूप में तैनाती दी गई है। वहीं प्रयागराज स्थित आंग्ल भाषा प्रशिक्षण संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर अव्यक्त राम तिवारी को बांदा का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। तबादले के बाद भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रहे विजय प्रताप सिंह अपने पद का मोह नहीं छोड़ पा रहे थे। कई दिन बीतने के बाद भी नव नियुक्त बीएसए को भी औपचारिक तौर पर चार्ज नहीं सौंपा है।

# रामलला के नित्य दर्शन करने वालों को मिलेगा अनुमति पत्र

अयोध्या कार्यालय

- छह माह तक वैध होगा दर्शन पास, माह में एक-दो बार आने वालों का होगा निरस्त

**अमृत विचार।** रामलला के नित्य दर्शन करने वाले भक्तों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र जारी किया जाएगा। प्रतिदिन दर्शन करने वाले भक्त की पहले ऑनलाइन हाजिरी लगेगी। फिर रामलला का दर्शन प्राप्त होगा।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के संत-धर्माचार्य व स्थानीय लोगों के लिए नित्य दर्शन की व्यवस्था बनाई जानी है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने भी नित्य दर्शन की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिख अनुरोध किया था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या के प्रमुख संतों के साथ बैठक कर नित्य दर्शन की सहमति दी है। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि प्रातः काल 10 से शाम 6 बजे के मध्य राम कचहरी स्थित ट्रस्ट के कैंप कार्यालय और रामपथ पर स्थित बिड़ला धर्मशाला के सामने बने तीर्थ यात्री सेवा केंद्र में अपना आधार कार्ड दिखाकर निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करके नित्य दर्शन के लिए अनुमति पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि अनुमति पत्र छह माह के लिए वैध होगा और प्रवेश डी-1 से ही होगा। सुरक्षा में लगे जवान क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र को स्कैन करने के बाद ही प्रवेश देंगे। सुरक्षा कारणों से मोबाइल फोन, पूजन सामग्री धूपबत्ती, अगरबत्ती, दीपक बाती और मिष्ठान आदि ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति नित्य दर्शन का पास बनवाकर माह में केवल एक-दो बार ही दर्शन को आता है, तो उसका पास निरस्त कर दिया जाएगा।

# विधायक सहित 8 आरोपियों के खिलाफ जारी वारंट निरस्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

- रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामला

**अमृत विचार।** रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामले में आरोपी बनाए गए विधायक बेदी राम व विपुल दुबे सहित आठ आरोपियों के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने निरस्त करते हुए आरोपियों पर आरोप तय करने के लिए 26 जुलाई की तारीख़ तय की है।

पत्रावली के अनुसार, ग्रुप डी की भर्ती के मामले में की गई धांधली को लेकर 19 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट में हाज़िर न होने पर गत 11 जुलाई को विधायक बेदी राम, विपुल दुबे समेत कई आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गुरुवार को आरोपी बेदी राम, विपुल दुबे, अवधेश, शिव बहादुर सिंह, एके सिंह, अख्तर हुसैन, धर्मेंद्र कुमार व राम कृपाल ने कोर्ट में हाज़िर होकर वारंट को निरस्त करने की मांग वाली अर्जी दी। जिस पर कोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हज़ार का निजी मुचलका दाखिल करने पर इस शर्त के साथ वारंट निरस्त करने का आदेश दिया गया है कि वह नियत तिथि पर आरोप तय किए जाने के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होंगे।

पत्रावली के अनुसार, मामले में 26 फरवरी 2006 को एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडे और उनकी टीम ने आरोपियों विपुल दुबे व बेदी राम, संजय श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार मौर्य, शैलेश कुमार सिंह, राम कृपाल सिंह, भद्रमणि त्रिपाठी, आनंद कुमार सिंह, कृष्णकांत, धर्मेंद्र कुमार, रमेश चंद्र पटेल, मोहम्मद असलम, अवधेश सिंह, सुशील कुमार व अख्तर हुसैन को गिरफ्तार किया था।

# राजा भैया की पत्नी के ट्वीट से बढ़ी सियासी सरगर्मी

संवाददाता, प्रतापगढ़

- एक्स पर भानवी कुमारी ने लिखा कि मैं अपनी लड़ाई जरूर लड़ूंगी

**अमृत विचार।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने एक बार फिर अपने चल रहे केस को लेकर एक्स पर तंज किया है।

उन्होंने लिखा कि व्यक्तिगत लड़ाई मैं जरूर लड़ूंगी, लेकिन महिला हितों के लिए बड़ी लड़ाई का भी संकल्प लेकर जल्द मैदान में उतरूंगी। उचित समय का इंतजार कीजिए। उनकी इस पोस्ट को लेकर सियासी गलियारों में भी चर्चा शुरू हो गई है। रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने गुरुवार को एक्स पर लिखा...कभी-कभी मैं सोचती हूं कि जब रियासत और राजघरानों से संबंधित महिलाओं को अपने सम्मान, गरिमा की रक्षा के लिए इतना संघर्ष करना पड़ता है। सरकार से याचना करनी पड़ती है और एक आईओ भी किसी की शह पर धमकी भरी भाषा में बात कर सकता है, तो आम महिलाओं के साथ क्या होता होगा। व्यक्तिगत लड़ाई मैं जरूर लड़ूंगी, लेकिन महिला हितों के लिए बड़ी लड़ाई का संकल्प लेकर मैदान में उतरूंगी।

### राजनीति में आ सकती हैं राजा भैया की पत्नी भानवी

भानवी कुमारी सिंह के इस पोस्ट के कई मायने निकाले जा रहे हैं कि भानवी कोई आंदोलन शुरू करने वाली हैं या राजनीति में भी आ सकती हैं। भानवी ने अपनी कंपनी पर फर्जी तरीके से कब्जा करने का केस रघुराज के करीबी एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी पर दर्ज कराया है, जिसको लेकर दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है।

### यह है भानवी और अक्षय प्रताप का मामला

रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी भानवी ने फरवरी 2023 में दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) विंग में एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह 'गोपाल जी' के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 109 और 120बी के तहत केस दर्ज कराया था। भानवी का आरोप था कि अक्षय प्रताप ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर उनकी कंपनी के शेयर हथिया लिए हैं। इसके लिए उन्होंने भानवी सिंह के फर्जी डिजिटल साइन बनवाए। कंपनी में उन्हें हटाकर खुद डायरेक्टर बन गए। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने उत्तर प्रदेश के अमेठी के अक्षय प्रताप सिंह के साथ ही अनिल कुमार सिंह, इंद्र देव पटेल, प्रतापगढ़ के कुंडा के उमेश कुमार निगम, हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, लखनऊ के सीए अरुण कुमार रस्तोगी और राम देव यादव व अन्य अज्ञात के खिलाफ के केस दर्ज किया था।

बैठक | संगमनगरी में लगने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर की चर्चा

# महाकुंभ के पहले प्रयागराज पहुंचे 13 अखाड़ों के संत

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज


महाकुंभ को लेकर बैठक करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संगमनगरी में लगने वाले महाकुंभ 2025 क़ी तैयारी को लेकर महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर गुरूवार को मेला प्रशासन और 13 अखाड़ों के पदाधिकारियों के साथ मंडलायुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में बैठक हुई। पर महत्वपूर्ण बैठक में देश के अलग अलग राज्यों से संत और महंत शामिल हुए है।

उप मेलाधिकारी ने बताया कि अखाड़ों के संतों के साथ एक बैठक पहले क़ी जा चुकी है। यह दूसरी बैठक है। इससे पहले 8 जुलाई को पहली बैठक क़ी है थी। दूसरी बैठक में शामिल होने के लिए एक दिन पहले ही संगमनगरी प्रयागराज पहुंचे थे। गुरूवार को महाकुंभ को लेकर मंडलायुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में अधिकारियों और अखाड़ा परिषद के संतों के बीच हुई बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मौजूद संतो ने गंगा की निर्मलता और महाकुंभ को पॉलिथीन से मुक्त कराने पर जोर दिया। मौजूद संतो ने मेले में अखाड़ों क़ी सुविधा और सुरक्षा को लेकर भी चर्चा क़ी। कार्यक्रम से पूर्व सभागार में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि व अन्य संत महात्माओं का स्वागत भी किया गया। अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि ने बताया कि महाकुंभ को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों से वार्ता की गई है। गंगा की निर्मलता के लिए सबसे आवश्यक है प्लास्टिक को गंगा और यमुना में जाने से रोकना है। जिसे प्रशासन को गंभीरता से लेना होगा। महाकुंभ में अखाड़ो के संतो को मिलने वाली सुविधाओ पर भो चर्चा क़ी गई है। बैठक में

अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने कहा कि महाकुंभ मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किये जा रहे है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का मुख्य और बड़ा योगदान होगा। वहीं मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, महाकुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद समेत जिले के अन्य सभी आला अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी इसमें शामिल हुए हैं।

# आईपीएस प्रशिक्षुओं से नए कानून की उपयोगिता पर चर्चा

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में स्टडी-कम-कल्चरल-टू के लिए आए हुए आईपीएस प्रोबेशनर्स (वर्ष 2023 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। भारत वर्ष के भिन्न-भिन्न राज्यों के 22 भारतीय पुलिस सेवा के साथ-साथ 02 नेपाल पुलिस संगठन (एनपीओ) एवं 01 मालदीव पुलिस संगठन के चयनित प्रशिक्षु अधिकारी भी सम्मिलित हुए। महानिदेशक ने बताया कि वर्तमान परिवेश में जनता की सुरक्षा एवं अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियानों यथा कम्युनिटी पुलिसिंग, ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन त्रिनेत्र आदि के बारे में बताया।

प्रवेश प्रारंभ



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,343.46 | 24,800.85 |
| बढ़त | 626.91 | 187.85 |
| प्रतिशत में | 0.78 | 0.76 |

### एक नजर

#### वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग 2029 तक 420 अरब डॉलर का होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के गैर-कार्यकारी चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक अजय चौधरी ने कहा है कि भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उद्योग का आकार 2024 में 110 अरब डॉलर का होने का अनुमान है। 2029 तक 420 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सरकार की अनुकूल नीतियों के कारण इस क्षेत्र में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। चौधरी ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर सरकार का कदम, साथ ही युवा और प्रौद्योगिकी-प्रेमी आबादी की वजह से वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र नई ऊंचाइयों पर जा रहा है। उद्योग निकाय एसोचैम ने कहा कि भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग 110 अरब डॉलर का होने का अनुमान है और 2029 तक यह 420 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा।

#### सोने में लगातार छठे सत्र में तेजी, 700 रुपये और मजबूत

**नई दिल्ली।** ताजा घरेलू मांग के साथ साथ रुपये में अवमूल्यन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 700 रुपये की बढ़त के साथ 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दिल्ली में सोने में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही। सोना 700 रुपये की तेजी के साथ 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 750 रुपये बढ़कर 76,100 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत पिछले सत्र के 94,400 रुपये प्रति किलो से 400 रुपये घटकर 94,000 रुपये प्रति किलो रह गई।

# खाद्य सामग्री महंगी होने पर अर्थशास्त्रियों ने जताई चिंता

## आरबीआई बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक वाले लेख में खुलासा

**मुंबई, (एजेंसी)**



- लेख में कहा गया कि दूसरी तिमाही की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत मिले
- जून में खुदरा मुद्रास्फीति चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंची जबकि मई में यह 4.8 प्रतिशत थी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को जुलाई माह का बुलेटिन जारी किया। इसमें कहा गया है कि 2024-25 की दूसरी तिमाही की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत मिले। बावजूद इसके खाने के सामानों की महंगाई चिंता का विषय है।

अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से प्रकाशित इस लेख में कहा गया है कि कृषि का माहौल, गांवों में खर्च में सुधार ने मांग में तेजी लाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन महीनों तक नरम रहने के बाद जून 2024 में बढ़ गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में बड़े पैमाने पर तेजी आना है। यहां यह जानना जरूरी है कि सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई है जबकि इसके एक महीने पहले मई में यह 4.8 प्रतिशत पर थी। इस लेख को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लिखा है। इसमें कहा गया है कि यह तर्क दिया जाता रहा है कि खाने के सामान के दामों में तेजी अस्थायी है, लेकिन एक साल के अनुभव से यह बात सही साबित नहीं हो पा रही है। यह मूल्य के स्तर पर लगने वाले झटके में कोई छोटी अवधि नहीं बल्कि यह लंबी अवधि है।

लेख में कहा गया है कि यह साफ है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों ने हेडलाइन (कुल) मुद्रास्फीति को गति दी है और परिवारों की महंगाई की उम्मीदों पर इसका प्रतिकूल असर दिखा है। इससे मौद्रिक नीति और आपूर्ति प्रबंधन के माध्यम से मुख्य (कोर) और ईंधन मुद्रास्फीति में जो कमी आई, उसका ज्यादा लाभ नहीं हुआ।

## एल्युमीनियम कबाड़ आयात पर शून्य शुल्क की मांग

**नई दिल्ली।** बजट से पहले पुनर्चक्रण उद्योग निकाय एआई ने सरकार से एल्युमीनियम कबाड़ पर आयात शुल्क हटाने का आग्रह किया। मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) के अनुसार, एल्युमीनियम कबाड़ की पुनर्चक्रण प्रक्रिया से प्रति टन उत्पादन पर केवल 3 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, जबकि स्मेल्टर से 1 मीट्रिक टन एल्युमीनियम के उत्पादन पर 14 टन कार्बन उत्सर्जन होता है। एआई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय एल्युमीनियम पुनर्चक्रण उद्योग के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2.5 प्रतिशत आयात शुल्क है। सरकार को इसे तब तक शून्य करना चाहिए जब तक कि घरेलू बाजार में गुणवत्तापूर्ण सामग्री (कबड़ा) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न हो जाए।

## एफटीए से भारत-रूस व्यापार को मिलेगा बढ़ावा : जीटीआरआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- निर्यात में वृद्धि, स्थानीय मुद्रा में व्यापार और यूरेशियन संघ से हुए समझौते

निर्यात बढ़ाने, स्थानीय मुद्रा व्यापार को व्यावहारिक बनाने और यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जैसे कदमों से भारत और रूस के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत को व्यापार घाटे को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए, क्योंकि उसे रूस से बाजार मूल्य से सस्ते दाम पर कच्चा पेट्रोलियम तेल मिल रहा है। इससे भारत का समग्र तेल आयात बिल भी कम हो रहा है।

2022 में यूक्रेन युद्ध तथा अमेरिका द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाने के बाद से भारत और रूस के बीच व्यापार संबंधों में काफी बदलाव आया है। रूस से आयात में तीव्र वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। 2020-21 और 2023-24 में निर्यात 59% बढ़ा, वहीं आयात में भी वृद्धि हुई है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 2023-24 में मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार 65.7 अरब डॉलर होने के साथ यह लक्ष्य हासिल हो सकता है। 2023-24 में रूस को भारत का निर्यात 4.3 अरब अमरीकी डॉलर था, जबकि कच्चे तेल से प्रेरित आयात 61.4 अरब अमरीकी डॉलर था।

## दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स के दो ब्लॉक दुनिया की 10 बड़ी खदानों में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एसईसीएल के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने दूसरा और चौथा स्थान पाया

दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम ने उत्पादन मात्रा के आधार पर कोयले की सबसे बड़ी खदानों की सूची जारी की है।

एसईसीएल ने गुरुवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित दोनों खदानें सालाना 10 करोड़ टन से अधिक कोयला उत्पादन करती हैं। यह भारत के कुल कोयला उत्पादन का 10% है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम द्वारा जारी दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में गेवरा और कुसमुंडा खदानों को क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान मिला है। एसईसीएल ने कहा कि गेवरा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 7 करोड़ टन है। इस खदान ने 2023-24 में 5.9 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। जबकि कुसमुंडा ने 5 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया। एसईसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि दुनिया की पांच सबसे बड़ी कोयला खदानों में से दो छत्तीसगढ़ में हैं।

## जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान : फिक्की

- बजट में रोजगार नवाचार और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अपील

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने चालू वित्त वर्ष में औसत जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुए सरकार से आम बजट में कराधान सुधार, रोजगार सृजन, नवाचार और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किये जाने की अपील की है। जुलाई 2024 में किसे गये सर्वेक्षण के आधार पर आज जारी फिक्की के आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। इसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए औसत वृद्धि दर 2024-25 के लिए 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह वर्ष 2023-24 में दर्ज की गई लगभग 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में सुधार दर्शाता है। सामान्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की उम्मीद के साथ अल नीनो प्रभाव में कमी आने से कृषि उत्पादन के लिए अच्छा संकेत मिलने की संभावना है।

## भारत सबसे बड़ा पॉम ऑयल बाजार : गनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारत में चावल-चीनी जैसे उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की मलेशियाई मंत्री ने की अपील

मलेशिया के पौधरोपण और कमोडिटी मंत्री वायबी दातुक सेरी जौहरी बिन अब्दुल गनी ने आम चुनाव के दौरान भारत में चावल और चीनी जैसे आवश्यक कृषि उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की अपील करते हुए गुरुवार को कहा कि भारत उनके लिए बहुत बड़ा पॉम आयॅल बाजार है क्योंकि भारत में बढ़ता मध्यम वर्ग इस सबसे बड़ा खरीददार है।

गनी ने भारतीय वनस्पति-तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) द्वारा आईवीपीए ग्लोबल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के तीसरे संस्करण के शुभारंभ पर यह बात कही। कॉन्फ्रेंस की थीम- वेज ऑयल्स विजन 2030: अवसर और चुनौतियां थी। गनी ने कहा कि मलेशिया पर भारत के निर्यात प्रतिबंधों के प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अगर भारत खुलता है, तो यह मलेशिया के लिए फायदेमंद होगा। भारत को पाम ऑयल का महत्वपूर्ण निर्यातक मलेशिया, भारत के सुरक्षात्मक उपायों से खुद को चुनौतीपूर्ण स्थिति में पाता है। पिछले वर्ष मलेशिया से भारत को पाम ऑयल और पाम ऑयल उत्पादों का निर्यात कुल 33 लाख टन था, जिसका मूल्य 3 अरब डॉलर था, जो मलेशिया के पाम ऑयल निर्यात का 13% था।

उन्होंने कहा कि 2023 में भारत में तेल और वसा की खपत 2.72 करोड़ टन था और इसमें पॉम ऑयल की हिस्सेदारी 36%थी। भारत में खाद्य और अखाद्य क्षेत्रों में पॉम ऑयल की मांग में तेजी आ रही है क्योंकि मध्यम वर्ग में वृद्धि हो रही है। अभी भारत में मध्यम वर्ग की आबादी 31% है, जिसके 2031 तक बढ़कर 38 % होने का अनुमान है और 2047 तक यह आबादी 60% हो जायेगी।



### एक नजर

#### प. बंगाल में किशोरी से दुष्कर्म, चार नाबालिगों सहित सात गिरफ्तार

**जलपाईगुड़ी, (प. बंगाल),** प. बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चाय बागान में 4 नाबालिगों समेत सात लोगों ने किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि किशोरी के परिवार ने जिन सात लोगों को नामजद किया है, उन्हें बीते तीन दिन में गिरफ्तार किया जा चुका है। सात आरोपियों में से 4 नाबालिग हैं और तीन वयस्क आरोपियों में से दो को पुलिस व एक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि नाबालिगों को किशोर गृह भेजा गया है। किशोरी एक आरोपी के अनुरोध पर दुआर्स क्षेत्र स्थित चाय बागान में सुनसान जगह गई थी। वह किशोरी का मित्र बताया जा रहा है। रविवार दोपहर बाद जब वह उस जगह पहुंची तो सात लोगों ने उससे दुष्कर्म किया और वीडियो बनाई।

#### ट्रांसपोर्टर कार्यालय से 3.5 करोड़ लूटने के आरोप में 12 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में ट्रांसपोर्टर के कार्यालय से 3.5 करोड़ रुपये लूटने के आरोप में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि पिछले हफ्ते यहां किशनगंज इलाके में कुछ लोग ट्रांसपोर्टर के कार्यालय में घुस गए थे और बंदूक दिखाकर लूटपाट की थी। उन्होंने कहा कि लूटपाट के सिलसिले में बृहस्पतिवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि हम जल्द ही (आरोपियों की) पहचान और लूटपाट के उनके तरीके का खुलासा करेंगे।

# कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर ईडी का छापा

## 1,392 करोड़ रुपये के कर्ज से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**बैंक धोखाधड़ी मामला**



- हरियाणा, दिल्ली और झारखंड समेत 15 स्थानों की ली गई तलाशी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,392 करोड़ रुपये के कथित बैंक कर्ज धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में कार्रवाई करते हुए देश के कई प्रदेशों सहित 15 स्थानों पर छापेमारी की और परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी ने मामले से जुड़े हरियाणा के कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, एक धातु निर्माण कंपनी और उसके प्रवर्तकों के ठिकानों पर भी गुरुवार को छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया।

केंद्रीय एजेंसी के गुरुग्राम स्थित कार्यालय के अधिकारियों ने गुरुवार को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच के तहत हरियाणा के महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़, गुरुग्राम तथा दिल्ली और झारखंड के जमशेदपुर समेत 15 स्थानों पर तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों का एक दल भी था।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने जिन लोगों के ठिकानों की तलाशी ली, उनमें महेंद्रगढ़ क्षेत्र से 65 वर्षीय विधायक राव दान सिंह, उनका बेटा अक्षत सिंह, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) कंपनी तथा उसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व अन्य लोग शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने राव दान सिंह के रेवाड़ी स्थित फार्म हाउस की भी तलाशी ली है। एएसएल स्टील रोल उत्पादों का निर्माण करती है। इस कंपनी पर 1,392 करोड़ रुपये के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में शामिल होने का आरोप है। जिसकी जांच के तहत केंद्रीय एजेंसी ने कार्रवाई की है।

**सीबीआई ने 2022 में कंपनी के खिलाफ दर्ज किया था मामला, विधायक ने ली रकम नहीं लौटाई**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2022 में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सूत्रों के मुताबिक, ऐसा आरोप है कि राव दान सिंह के परिवार और उनकी कंपनियों ने एएसएल से कर्ज लिया था, लेकिन कभी कर्ज की राशि को लौटाया नहीं और बाद में इस कर्ज की रकम को बट्टे खाते में डाल दिया गया, जिसकी जांच के तहत ईडी ने विधायक के ठिकानों की तलाशी के लिए और कंपनी से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की है। सिंह ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से हाल में लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह 41,000 से अधिक वोटों के अंतर से भाजपा के धर्मबीर सिंह से हार गए थे।

## मोदी के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करती है कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**





- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले- विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए
- भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का दिया हवाला

भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अक्सर हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि हिंसा और हत्या जैसे शब्दों से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कई बार हिंसा को उकसाती है। उन्होंने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास का जिक्र किया। वैष्णव ने कहा कि विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया और चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के काफिले पर कुछ फेंके जाने की घटना पर कहा था कि अब मोदी से कोई नहीं डरता। पंजाब के कार्यक्रम के लिए गए प्रधानमंत्री की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी जबकि उस समय वहां कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब कश्मीर और मणिपुर जैसे संवेदनशील स्थानों पर गए थे तो उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## जो अपने पास से सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं : भागवत

**रांची, एजेंसी**



- झारखंड में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का संबोधन, लोगों ने भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर किया स्वागत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि विकास लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। अपने पास से जो लोगों की सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं। एकजुट होकर कार्य करने से सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने गांव के विकास के लिए एक-दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने यह बात गुरुवार को झारखंड के गुमला जिले के विकास भारती बिशुनपुर में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। कार्यक्रम की शुरुआत में भागवत सहित अन्य अतिथियों का आदिवासी परंपरा के अनुसार पत्ते की टोपी पहनाकर और भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर स्वागत किया गया। भागवत ने कहा कि जिनके पास सब कुछ होता है और वह किसी की सेवा नहीं करते हैं। आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो सका लेकिन एकजुट होकर कार्य करने से सफलता मिलेगी। वर्तमान में विश्वास में सेवा और विकास की आवश्यकता है।

## सूरत में 51.4 करोड़ के मादक पदार्थ सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने सूरत के बाहरी इलाके में मेफेड्रोन निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर 51.4 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और कच्चा माल जब्त किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुनील यादव, विजय गजेरा और हरेश कोराट को गिरफ्तार किया गया है।

जांच में पाया गया कि तीनों ने सूरत जिले के पलसाना तालुका के करेली गांव में 20,000 रुपये मासिक पर औद्योगिक इकाई किराए पर ली हुई थी जहां वे विभिन्न सामग्री का उपयोग करके मेफेड्रोन बनाने थे।

## तलोजा जेल से अबू सलेम नासिक के केंद्रीय कारागार स्थानांतरित

**मुंबई, एजेंसी**

- 17 अन्य हाई प्रोफाइल कैदी भी दूसरी जेलों में भेजे गए, इमारत की मरम्मत के चलते की गई व्यवस्था

तलोजा केंद्रीय कारागार में बंद अबू सलेम तथा 17 अन्य हाई-प्रोफाइल कैदियों को दूसरी जेलों में भेजा गया है या उन्हें सामान्य बैरक में ले जाया गया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अबू सलेम गैंगस्टर एक्ट तथा 1993 मुंबई बम धमाकों का दोषी है जबकि एंटीलिया आतंकवादी मामले के आरोपी बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के साथ ही एल्गार परिषद मामले के कई आरोपी इनमें शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि सलेम को नासिक सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया है, जबकि वाजे को ठाणे जेल भेजा गया है और अन्य कैदियों को जेल की सामान्य बैरक में रखा गया है। उच्च सुरक्षा वाले कैदियों को आमतौर पर सुरक्षा उद्देश्यों के लिए अंडा सेल या अलग इमारत में रखा जाता है। तलोजा जेल अधिकारियों ने बताया कि पनवेल में लोक निर्माण विभाग के संरचनात्मक ऑडिट से पता चला है कि उच्च सुरक्षा वाली इमारत उपयोग के लिए असुरक्षित थी।

## यूट्यूबर सवुक्कू शंकर को रिहा करने का आदेश

- शंकर की मां ने हिरासत को चुनौती देते हुए दायर की थी याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर (सवुक्कू) शंकर (48) को रिहा करने का आदेश दिया। उसे कोयंबटूर पुलिस ने 4 मई को एक साक्षात्कार में महिला पुलिस कर्मियों पर अपमानजनक बयान देने के आरोप में गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। वह इस समय कोयंबटूर केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि पीठ शंकर की मां गुंडा अधिनियम के तहत उसकी हिरासत को चुनौती देने वाली दायर पर सुनवाई कर रही थी। वहीं चेन्नई पुलिस के अनुसार, शंकर के खिलाफ सात मामले लंबित हैं, जिनमें से तीन मामलों की जांच चल रही है। दो में आरोप पत्र दायर किए जा चुके हैं। शेष मामलों में सुनवाई लंबित है।

## कर्नाटक सरकार को गिराना चाहती है भाजपा : गौड़ा

- राजस्व मंत्री बोले- केंद्रीय एजेंसियों का कर रही इस्तेमाल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भाजपा राज्य सरकार को गिराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है और कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों पर वरिष्ठ नेताओं के नाम लेने का दबाव डाल रही है।

राज्य के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने दावा किया कि केंद्र सरकार कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है, जैसा उसने झारखंड, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया था। उन्होंने कहा कि हमारे पास पुख्ता जानकारी है और हम इसे आपके साथ साझा करेंगे।

## 7 घंटे में स्थानांतरित हुए जगन्नाथ मंदिर के रत्न

**पुरी, एजेंसी**



- मंदिर के भीतर अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया सामान

पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के प्रतिष्ठित खजाने रत्न भंडार (कोषागार) में रखी गयी मूल्यवान सामग्री और आभूषणों को एक अस्थायी भंडार कक्ष में स्थानांतरित करने का कार्य गुरुवार को सात घंटों के भीतर पूरा हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रत्न भंडार को इस सप्ताह दूसरी बार खोला गया ताकि बहुमूल्य चीजों को मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जा सके। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रमुख अरविंद पाढ़ी ने बताया कि रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष से सभी कीमती सामान को सफलतापूर्वक मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया है। लकड़ी और स्टील की अलमारियों और संदूकों सहित सात कंटेनरों को स्थानांतरित करने की पूरी प्रक्रिया में सात घंटे लगे। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के निर्देशों के अनुसार आंतरिक कक्ष और अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' दोनों को बंद कर सील कर दिया गया है।

**7 कंटेनरों में रखे गए कीमती सामान**

पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर आभूषण और कीमती सामान सात कंटेनरों में रखे गए, जिनमें तीन लकड़ी की अलमारियां, दो लकड़ी की पेटियां, एक स्टील की अलमारी और एक लोहे की पेटी है। सभी सामान को नये कंटेनरों में रखा गया और बाद में मंदिर परिसर में अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया। रथ ने कहा कि स्ट्रांग रूम को सील कर चाबियां पुरी जिलाधिकारी को दे दी गई। चाबियां खजाने में रखी जाएंगी। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर हमने जो देखा उसका विवरण गोपनीय है। इसे सार्वजनिक रूप से उजागर करना अनुचित होगा।

## न्यायमूर्ति कोटिश्वर और महादेवन सुप्रीम कोर्ट में बने न्यायाधीश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिश्वर सिंह ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली और वह मणिपुर से सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन ने भी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय परिसर में हुए एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलायी। इसके साथ ही अब उच्चतम न्यायालय में सीजेआई समेत न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गयी है जो कि पूर्ण है। उच्चतम न्यायालय में एक सितंबर 2024 को न्यायमूर्ति हिमा कोहली के सेवानिवृत्त होने तक 34 न्यायाधीश काम करेंगे। इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ इस साल 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

# इंग्लैंड ने 4.2 ओवर में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया

● वेस्टइंडीज के खिलाफ ओली पोप का शतक, इंग्लैंड ने चाय तक चार विकेट पर बनाए 259 रन




नॉटिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और ओली पोप ने मिलकर इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। ओली पोप के शतक की बदौलत दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ चाय तक चार विकेट पर 259 रन बना लिए। चाय ब्रेक तक पोप 115 रन और बेन स्टोक्स 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जाक क्राउले खाता भी नहीं खोल सके और अल्जारी जोसफ का शिकार हो गये। फिर पोप और बेन डकेट (71 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। शमार जोसफ ने डकेट को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। जो रूट (14) ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके जबकि हैरी ब्रुक ने 36 रन की पारी खेली। पोप ने 143 गेंद में 14 चौके और एक छक्के की मदद से अपना शतक पूरा किया।

# भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, अर्जेंटीना ने शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था।

पिछले साल दिसंबर से भारत का रैंकिंग में खिसकना जारी है। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी, लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है।

फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गयी और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौवें स्थान पर काबिज हैं।

# परिवार और गांव का अधूरा सपना सच करेंगे गाजीपुर के राजकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है।

वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिए रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का



● करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखकर ओलंपिक तक पहुंचना था सपना

मौका नहीं। इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिये नहीं खेल पाए। राजकुमार ने अपने पहले ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले कहा हम तीनों भाई हॉकी खेलते हैं। बीच वाले भाई भारतीय टीम के शिविर में रह चुके हैं और बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर पर खेले हैं। दोनों भारत के लिए नहीं खेल सके और अब एक रेलवे से और एक सेना से खेलते हैं। अभावों के बीच अपने कोच तेज बहादुर सिंह की मदद से हॉकी के शौक को परवान चढाने वाले 26 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा मेरे गांव के मैदान से 400 से ज्यादा लड़कों को हॉकी के जरिये नौकरी मिल गई लेकिन इस स्तर पर कोई नहीं खेला। मेरे गांव के लोगों की नजरें मुझ पर है और मैं अपने भाइयों और उन सभी के अधूरे सपने पूरे करने के लिए पेरिस में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

10 वर्ष की उम्र में करमपुर के मेघबरन स्टेडियम से हॉकी के अपने सफर की शुरूआत करने वाले राजकुमार ने 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर 23 टूर्नामेंट में खेला और 2020 में भारतीय टीम में पदार्पण किया।

## खेल डायरी

### विश्व जूनियर में अगुआई करेंगे बावा और अनाहत

**नई दिल्ली।** शौर्य बावा और अनाहत सिंह ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कों और लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। बावा ने एकल में कांस्य पदक जीता था, वह युवराज वाधवानी, अयान वाजिराल्ली और अरिहंत केएस के साथ गुरुवार से शुरू होने वाली लड़कों की स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। एकल में क्वार्टरफाइनल तक पहुंची राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत फिर महिलाओं की टीम स्पर्धा में उन्नति त्रिपाठी, निरूपमा दुबे और शमीना रियाज के साथ मिलकर चुनौती पेश करेंगी। भारतीय लड़कों का सामना पहले दौर में कुवैत से होगा जबकि लड़कियां पहले दौर में चीनी ताइपे से भिड़ेंगी।

### विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में पहले भारतीय क्विंटल

**चेन्नई।** राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी300 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार हैं जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम 109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी और इसकी प्रबंधन कंपनी गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता में चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गयी। यह एसएसपी स्पर्धा शुक्रवार को चेक गणराज्य के मोस्ट में शुरू होगी। चेन्नई के 19 साल के स्टार क्विंटल आयरलैंड की टीम के मुख्य राइडर स्पेन के डेनियल मोगेडा की जगह लेंगे जिन्हें सुपरस्पोर्ट 300 क्लास के बाद एक दुर्घटना में चोट लग गई थी। इसके बाद ही आयरिश टीम ने भारतीय राइडर को शामिल किया। क्विंटल इस समय यूरोपीय स्टॉक चैम्पियनशिप और एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण अक्टूबर में

**चेन्नई।** एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण छह अक्टूबर को यहां आयोजित किया जाएगा। एचसीएल समूह ने गुरुवार को साइक्लोथॉन चेन्नई 2024 के दूसरे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। नोएडा में दो सफल संस्करणों और चेन्नई में 5000 से अधिक साइकिल चालकों की भागीदारी के बाद, एचसीएल साइक्लोथॉन चेन्नई के ईसीआर पर छह अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) द्वारा संचालित और भारतीय साइकिलिंग महासंघ के तत्वावधान में इस आयोजन में 33 लाख रुपये का पुरस्कार पूल है। पंजीकरण 22 सितंबर तक खुले हैं। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण के सदस्य सचिव मेघनाथ रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि इस संस्करण का विषय चेंज योर गियर है, जो साइकिल चलाने की शक्ति और व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर देता है।

### शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान फेस कर रेस कर के जरिए रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक नौ रेस हो चुकी हैं।

# स्वर्ण के लिए सर्वश्रेष्ठ करूंगी : सिंधू

## अपने तीसरे ओलंपिक में अतीत के अनुभव का फायदा उठाएंगी बैडमिंटन खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने कहा कि वह पेरिस में तीसरा व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी जिसके लिए वह अतीत के अनुभव से फायदा उठाना चाहेंगी।

सिंधू की निगाहें आगामी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं जिससे वह इतिहास रच सकती हैं क्योंकि उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जियो सिनेमा के द ड्रीमर्स पर बातचीत के दौरान सिंधू ने पेरिस में इतिहास रचने पर ध्यान लगाने के बारे में बात की। हालांकि इस भारतीय स्टार के लिए यह काफी मुश्किल होगा। सिंधू ने कहा पेरिस में तीसरा पदक जीतने के बारे में सोचने की बात निश्चित रूप से मुझे प्रेरित करती है और मैं स्वर्ण पदक जीतने के लिए अथक प्रयास करूंगी। मेरे लिए ओलंपिक ऐसे खेल हैं जिसमें मैं अपना 200 प्रतिशत देती हूं। उन्होंने कहा यह यात्रा 2016 में और 2020 में शानदार रही है जिसमें काफी अथक प्रयास रहे और ऐसे पल रहे जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। पेरिस 2024 के लिए तैयारी नई शुरूआत है और कुछ भी हो, मुझे अपना शत प्रतिशत देना होगा। विश्व रैंकिंग की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल सिंधू ने कहा ओलंपिक में पिछले प्रदर्शन का काफी अनुभव मेरे पास है जिससे मैं पेरिस 2024 में मदद लूंगी लेकिन मैं पदकों के बारे में सोच सोचकर अतिआत्मविश्वासी नहीं होना चाहती।

उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि मैं देश की उम्मीदों को पूरा कर सकती हूं और तीसरा पदक जीत सकती हूं क्योंकि लगातार तीन पदक जीतना हंसी मजाक का खेल नहीं है। मेरी सोच स्वर्ण पदक जीतने पर लगी है जिससे मेरा मनोबल बढ़ा हुआ है। सिंधू ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले ओलंपिक की तैयारियों के बारे में लंबी बातचीत की।

उन्होंने कहा मेरे तैयारियां कड़ी मेहनत करने पर लगी हैं। ओलंपिक में काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है और सभी खिलाड़ी अपने शिखर पर होते हैं। दुनिया की शीर्ष 10 से 15 खिलाड़ियों का स्तर समान ही होता है जिसमें आन से यंग, अकाने यामागुची, कैरोलिना मारिन और ताई जु यिंग शामिल हैं। सिंधू ने कहा ओलंपिक में कोई भी अंक आराम से नहीं मिलता जिससे हर अंक के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। ओलंपिक में कुछ भी हो सकता है, एक छोटी सी गलती सबकुछ बदल सकती है।




# तैराक श्रीहरि नटराज की नजरें ओलंपिक सेमीफाइनल पर

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक 7 दिन शेष



पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा।

नटराज ने कहा मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया। ब्रेक के बाद तरोताजा होकर 23 बरस के नटराज दूसरा ओलंपिक खेलने को तैयार हैं जिसमें वह सौ मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। यूनिवर्सिलिटी कोटा से ओलंपिक जा रहे नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिये सरधे क्वालीफाई किया था। यूनिवर्सिलिटी कोटा के तहत जिस देश के तैराक सीधे क्वालीफाई नहीं कर सके हों, उनके सर्वोच्च रैंकिंग वाले दो तैराकों को ओलंपिक खेलने का मौका मिलता है। यह निराशाजनक था कि मैं सीधे क्वालीफाई नहीं कर सका लेकिन इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। मुझे कोटा मिल गया है और अब या तो मैं अपने अभ्यास पर फोकस कर सकता हूं या इसका दुख मना सकता हूं कि मुझे सीधे क्वालीफिकेशन नहीं मिला। ब्रेक से लौटने के बाद उन्होंने स्पेन और फ्रांस में मेयर नोस्ट्रम मीट में दो रजत पदक जीते।

# हमारे पास अगले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की हैं योजनाएं : मनिंदर



**चेन्नई।** भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने गुरुवार को कहा कि कोविड -19 महामारी ने भारतीय खिलाड़ियों के पेरिस ओलंपिक में भाग लेने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, लेकिन उनके पास 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए योजनाएं है। भारत ने एशियाई खेलों में साइकिलिंग में तीन पदक जीते हैं लेकिन अभी तक ओलंपिक में किसी खिलाड़ी को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। मनिंदर कहा कि साइकिलिंग में ओलंपिक क्वालीफिकेशन दूसरे खेलों से काफी अलग है। हम अगले ओलंपिक (लॉस एंजिल्स में) में जगह बनाने की राह पर हैं। हमारी योजनाएं सही हैं और हम पहली बार क्वालीफाई करने को लेकर आशान्वित और आश्वस्त हैं।

# उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी को किया सील

**पेरिस।** सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई जिसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर क्यूआर कोड शब्द थे।

यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए। अपवाद के रूप में पेरिस ने पिछले मेजबान शहरों की तरह स्टेडियम के बजाय नदी पर उद्घाटन समारोह करने का फैसला किया है। बाद में नदी के आस-पास अधिकांश सुरक्षा उपाय हटा दिए जाएंगे।

# सूर्या होंगे श्रीलंका दौरे में टी-20 टीम के नए कप्तान, शुभमन बने उपकप्तान

मुंबई, एजेंसी



श्रीलंका के दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान गुरुवार को कर दिया है। भारत की टी-20 टीम की कमान सूर्य कुमार यादव को सौंपी है जबकि वनडे टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही रहेगी। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी साझा की। भारतीय टीम श्रीलंका दौरे में तीन टी20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी। गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

कप्तान की रेस में हार्दिक पांड्या और सूर्य कुमार यादव का नाम आगे चल रहा था जिसमें सूर्य कुमार को नए कोच गौतम गंभीर की पसंद माना जा रहा था। शाह ने बताया कि टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप, खलील अहमद और सिराज शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में भी उपकप्तान की भूमिका में शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में विराट, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ (विकेटकीपर), श्रेयस, शिवम दुबे, कुलदीप, सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद और हर्षित राणा को शामिल है। शाह ने कहा कि आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र, 2024-25 में खिलाड़ियों की उपलब्धता और भागीदारी पर नजर रखना जारी रखेगा।

## बॉलीवुड हलचल



# रेस 4 में काम करेंगे सलमान और सैफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और सैफ अली खान रेस 4 में काम करते नजर आ सकते हैं। रेस एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके अभी तक 3 पार्ट आ चुके हैं। फिल्म के पहले दो पार्ट में सैफ अली खान ने लीड रोल निभाया था और रेस 3 में सलमान खान नजर आए थे। अब इसके चौथे पार्ट यानी रेस 4 पर काम किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म के निर्माता रमेश तौरानी ने रेस 4 की शूटिंग और अन्य जानकारी शेयर की थी। कहा जा रहा है कि रेस 4 में सलमान खान और सैफ अली खान नजर आ सकते हैं। दोनों कलाकार इस फिल्म में एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी उन्होंने स्क्रिप्ट पर मंजूरी नहीं दी है। यदि इस फिल्म में दोनों एक्टर्स ऑफिशियल तौर पर काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं तो ऐसा पहली बार होगा जब बॉलीवुड के ये दोनों सितारे रेस फ्रेंचाइजी में साथ दिखाई देंगे। निखिल आडवाणी रेस 4 को निर्देशित करेंगे।

# आसान नहीं है दर्शकों को हंसाना: विक्की कौशल

**लखनऊ।** उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक, मसान और सैम बहादुर जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने किरदार का लोहा मनमाने वाले बालीवुड स्टार विक्की कौशल का मानना है कि अपने अभिनय से दर्शकों को हंसाना और गुदगुदाना आसान काम नहीं है। अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' के प्रमोशन के सिलसिले में नवाब नगरी पहुंचे विक्की ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे 'बैड न्यूज' काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है। हालांकि कॉमेडी करना इतना आसान नहीं होता है, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करते हुए अपने आपको थोड़ा चेंज करने की कोशिश की है। विक्की पिछले साल सैम बहादुर फिल्म में नजर आये थे। इस फिल्म में उनके अभिनय की खूब तारीफ हुयी थी। विक्की ने साल 2015 में फिल्म 'मसान' से बतौर लीड एक्टर बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनके फिल्मी करियर को नौ साल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 फिल्में दी हैं जिनमें तीन हिट और एक ब्लॉकबस्टर फिल्म रही है। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी बैड न्यूज में विक्की के साथ एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और एमि विर्क लीड रोल्स में है।

महिला एशिया कप | पहला मुकाबला आज शाम 7 बजे से, आठ टीमें खिताब के लिए करेंगी प्रतिभा का प्रदर्शन

# पाकिस्तान के खिलाफ जीतने उतरेगा भारत

दांबुला, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम शुक्रवार को अपने चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान को हरा कर अपने महिला एशिया कप 2024 अभियान का आगाज करेगी। महिला एशिया कप 2024 के बहुप्रतीक्षित मुकाबला टूर्नामेंट के पहले दिन ही दांबुला में खेला जाएगा। ग्रुप ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, यूएई, नेपाल की टीमें शामिल है जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें रखी गई हैं। दोनों टीमों के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार आज शाम 7 बजे से शुरु होगा।

आंकड़ों के लिहाज से भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी भारी है। एशिया कप में भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ छह में से मैच जीते हैं, हालांकि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ हार भी पिछले एशिया कप के दौरान ही मिली थी। अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है। टी-20 विश्व कप 2016 में दिल्ली में खेले गए मैच में भारत को पाकिस्तान से दो रनों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। यह उन तीन मैचों में से एक मैच था जब भारत को पाकिस्तान के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। यह इकलौता ऐसा मैच भी जो इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के देश में अब तक खेला है। स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक विध्वंसक सलामी जोड़ी है। मांधना ने टी20 में 28.13 की औसत और 121.83 के स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं। जबकि शेफाली ने 129.48 के स्ट्राइक रेट और 24.27 की औसत से 1748 रन बनाए हैं। भारत पर अगर पाकिस्तान को दबाव बनाना है तो उसे इन दोनों को ही जल्दी पवेलियन भेजना होगा।

पाकिस्तान के लिए सबसे अहम खिलाड़ी खुद उनकी कप्तान निदा डार साबित हो सकती हैं। हरफनमौला डार गेंदबाजी के दौरान अधिकांश समय विकेट निकाल पाने में सफल होती हैं और अपनी टीम के लिए प्रायः उपयोगी रन भी बनाती हैं। सिदरा अमीन इस समय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने अपनी पिछली आठ टी20 पारियों में 205 रन बनाए हैं। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पिछले एक साल में 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं जिनमे से दस में उनके हाथ जीत लगी है जबकि पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।




महिला एशिया कप 2024 के आगाज से पहले प्रेसवार्ता में पहुंचीं सभी टीमों की कप्तान। ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### नेपाल का भविष्य उज्ज्वल है: प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू।** नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने गुरुवार को कहा कि देश का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन लगातार राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इसके वर्तमान परिदृश्य को बदलने की जरूरत है। द राइजिंग नेपाल अखबार के अनुसार, चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ लेने वाले ओली ने कहा कि देश का वर्तमान परिदृश्य अच्छा नहीं है। नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है क्योंकि गणतंत्र लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी हैं।

### राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने का प्रस्ताव खारिज

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन ने इजरायल की वापसी के बिना राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार पिछले सप्ताह मिस्र और गाजा पट्टी के बीच राफा सीमा क्रॉसिंग के संचालन की संभावना का पता लगाने के लिए फिलिस्तीन, अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

### चीन में एक मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण पश्चिम में सिचुआन प्रांत में एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, बुधवार की शाम करीब छह बजे सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर के हाई-टेक जोन में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लग गई। तस्वीरों और वीडियो में धुएं का गुबार दिख रहा है। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि बचाव अभियान गुरुवार को पूरा हो गया। इमारत में फंसे करीब 75 लोगों को बाहर निकाल लिया गया।

### यूक्रेन की सेना रूस के हमले के बाद पीछे हटी

**कीव।** यूक्रेन की सेना पूर्वी दोनोत्सक क्षेत्र के उरोझाइन गांव से पीछे हट गई है और उसने एक अन्य अग्रिम मोर्चे पर भी आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं दूसरी ओर रूस की सेना लगातार हमले कर यूक्रेन की सुरक्षा दीवार को ध्वस्त कर रही है। स्थानीय स्तर पर लड़ रही थल सेना के प्रवक्ता नजर वोलोशिन ने एसोसिएटेड प्रेस को एक लिखित संदेश में बताया कि गांव मलबे में तब्दील हो गया है, जिससे वहां मोर्चे पर डटे रहना असंभव हो गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सेना कब पीछे हटी। रूस ने फरवरी 2022 में युद्ध के शुरुआती दिनों में उरोझाइन पर कब्जा कर लिया था।

### चंद्रमा पर लैंडर भेजने का नासा का मिशन रद

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि वह लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण, पानी की खोज के लिए चंद्रमा पर रोवर भेजने के मिशन को रद कर रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को कहा कि वाइपर रोवर को एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी द्वारा उपलब्ध कराए गए एक लैंडर के जरिये 2023 के अंत तक प्रक्षेपित किया जाना था लेकिन अतिरिक्त परीक्षण और लागत बढ़ने से मिशन में देरी होती रही, जिससे अन्य परियोजनाओं पर खतरा मंडराने लगा है।

# बाइडन फिर कोविड-19 से हुए संक्रमित : व्हाइट हाउस

मिलवाउकी, एजेंसी



- लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बीमारी के कारण बाधित हो गया

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अपना अभियान रोकना पड़ा है। बाइडन (81) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं बीमार हूं। बाइडन बुधवार को कोविड-19 से संक्रमित हो गए, जिसके कारण लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बाधित हो गया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा, उन्हें कोविड-19 रोधी टीका लगा हुआ है और उन्होंने बूस्टर डोज भी ले रखी है। उनमें हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। बाइडन अपने आवास डेलावेयर लौट आये हैं, जहां वह एकांतवास में रहेंगे। हालांकि, इस दौरान वह अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रेस सचिव ने कहा कि व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में नियमित जानकारी उपलब्ध कराता रहेगा।

# भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा



भारत में भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी के बढ़ने के साथ ही भूस्खलन को समझना, सतत विकास और आपदा प्रबंधन के लिए महत्त्वपूर्ण हो जाता है। आइए भूस्खलन के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करते हैं।

### भू-वैज्ञानिक घटना है भूस्खलन

भूस्खलन एक भू-वैज्ञानिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से चट्टान, मिट्टी या मलबे के एक बड़े हिस्से का अचानक और तेजी से ढलान पर नीचे की ओर खिसकना शामिल होता है। इसमें वृहद् स्तर पर पत्थरों का खिसकना, मिट्टी और हिमनदों का बहाव तथा पहाड़ियों का टूटना आदि को सम्मिलित किया जाता है।

### भारत में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र

भारत विश्व के शीर्ष पांच भूस्खलन संभावित देशों में से एक है। बर्फ से ढके क्षेत्रों को छोड़कर, भारत का लगभग 12 .6 प्रतिशत भौगोलिक भूमि क्षेत्र भूस्खलन की संभावना वाला है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र भारत के कुल भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का लगभग 50 प्रतिशत शामिल है। हिमालय में स्थित उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर, पश्चिमी घाट के किनारे स्थित महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और पूर्वी घाट के साथ आंध्र प्रदेश में अरकू क्षेत्र शामिल हैं।

### भूस्खलन के लिए संभावित क्षेत्र

- पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्र जैसी खड़ी ढलानों पर भूस्खलन की घटनाएं होना सामान्य बात है।
- ऐसे स्थान जहां चट्टानों में जोड़ और दरारें हों, वहां भूस्खलन की घटनाओं का खतरा अधिक होता है।
- जहां कमज़ोर और वायुदार मिट्टी मौजूद हो, वो भी भूस्खलन को बढ़ावा देती है।
- वनों में आग लगने से मिट्टी कमज़ोर हो जाती है, जिससे भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है।
- वनों की कटाई और निर्माण कार्य जैसी मानवीय गतिविधियों से भी भूस्खलन हो सकता हैं।
- नदियों और नालों के किनारे भी भूस्खलन-संभावित क्षेत्र होते हैं।
- जहां सतही जल जमा होता है या भूमि, जल से अत्यधिक संतृप्त हो जाती है, वहां भी भूस्खलन की आशंका अधिक होती है।

# हिंसक झड़पों में 18 और लोगों की मौत

## बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में गुरुवार को सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़कने से कम से कम 18 और लोगों की मौत हो गई तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 25 हो गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने ढाका के रामपुरा इलाके में सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन भवन की घेराबंदी कर दी और इसके अगले हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां खड़े अनेक वाहनों को आग लगा दी। इससे वहां पत्रकारों सहित कई कर्मचारी फंस गए। ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्र 1971 में पाकिस्तान से देश की आजादी के लिए लड़ने वाले युद्ध नायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ कई दिनों से रैलियां कर रहे हैं। समाचारपत्र द डेली स्टार ने कहा, ''प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा सत्तारूढ़ पार्टी के लोगों के बीच आज देश भर में हुई झड़पों में कम से कम 18 लोग मारे गए तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इससे पहले, प्रोथोम अलो अखबार ने अपनी खबर में कहा था, कुल मिलाकर 11 लोगों की मौत की खबर है। इनमें नौ लोगों की मौत ढाका, एक व्यक्ति की मौत राजधानी के बाहरी इलाके सावर तथा एक व्यक्ति की मौत दक्षिण-पश्चिमी मदारीपुर जिले में हुई है।



बांग्लादेश में अनिश्चितकाल बंद के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी।

### बांग्लादेश में बाहर न निकलें भारतीय : भारतीय उच्चायोग

**ढाका।** भारत ने बांग्लादेश में हो रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर यहां रहने वाले अपने नागरिकों के लिए गुरुवार को परामर्श जारी करते हुए कहा कि वे यात्रा करने से बचें और कम से कम बाहर निकलें। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा फैलने से देशभर में कम से कम छह लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश में सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया तथा छात्रों से छात्रावास खाली करने को कहा गया। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और भारतीय छात्रों को यात्रा से बचने और अपने निवास स्थान से बाहर कम से कम आवाजाही की सलाह दी जाती है।

### सरकार ने विरोधी छात्रों से बातचीत की इच्छा जताई

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने गुरुवार को देशभर में फिर से हिंसा भड़कने के बाद नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। आधिकारिक समाचार एजेंसी बीएसएस ने बताया कि अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी सहित देश भर में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों को तैनात किया है। कानून मंत्री अनीसुल हक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बातचीत के लिए बैठक करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी उन्हें तथा शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा, जब भी वे सहमत होंगे, हम बैठक करेंगे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कानून मंत्री से उच्चतम न्यायालय में लंबित आरक्षण मामले की जल्द सुनवाई के लिए पहल करने को कहा है।


# नेपाल में भूस्खलन बस हादसे में अभी तक 19 शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी। 54 लोगों में से तीन लोग घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल गए। बीरगंज से काठमांडू जा रही पहली बस में सात भारतीय नागरिकों समेत 24 यात्री थे। काठमांडू से गौर जा रही दूसरी बस में 30 लोग सवार थे। भारी भूस्खलन की वजह से दोनों बसें त्रिशूली नदी में गिर गई थीं। दोनों बसों से जुड़े हादसे में दुर्घटना स्थल से अब तक 19 लोगों के शव बरामद किए गए हैं।

सशस्त्र पुलिस बल (एसएसबी) के सूत्रों के अनुसार, 19 में से चार शव भारतीय नागरिकों के हैं। पांच पुरुष शवों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार नेपाल के स्थानीय अधिकारी बचाव कार्य के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के भारतीय अधिकारियों के साथ समन्वय बना रहे हैं। खोज और बचाव कार्य गुरुवार को भी जारी रहा।

# विदेश में भारत का पहला जन औषधि केंद्र खुला



मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र के उद्घाटन के दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ (बीच में) के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

पोर्ट लुई, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में उद्घाटन किया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।

# उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष फिर चुनी गईं

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने गुरुवार को उर्सुला वॉन डेर लेयेन को दूसरी बार पांच साल के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुना। उर्सुला के फिर से चुने जाने से 27 देशों के इस समूह के नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित हो गई है क्योंकि यूरोप यूक्रेन युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न संकटों से जूझ रहा है। पिछले महीने 720 सदस्यीय यूरोपीय संसद के चुनाव में धुर दक्षिणपंथियों की संख्या बढ़ने से यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया था। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उन्हें पद पर बनाए रखने के संबंध में यूरोपीय संसद में होने वाले मतदान से पहले संकट और ध्रुवीकरण के समय यूरोप के लिए एक मजबूत नेता बने रहने का संकल्प लिया था।

# छात्रा की मौत के बाद हंसने वाला पुलिसकर्मी बर्खास्त

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी



- वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की भारतीय छात्रा की सड़क हादसे में मौत का मामला

अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत के बाद असंवेदनशील टिप्पणियां करने और हंसने वाले एक पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की छात्रा जाह्नवी कंडुला (23) जब 23 जनवरी को सड़क पार कर रही थी, तब पुलिस के एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इस वाहन को केविन डेव नाम का अधिकारी चला रहा था और वह एक अन्य मामले की जांच के लिए तेजी से वाहन चलाते हुए जा रहा था। वाहन की टक्कर से कंडुला 100 फुट दूर जाकर गिरी थी।

सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डैनियल ऑडरर भीषण दुर्घटना पर हंसते हुए और यह कहते सुनाई दिया कि ओह, मुझे लगता है कि वह बोनट पर आ गिरी, आगे के शीशे से टकराई और फिर जब उसने (पुलिस वाहन के चालक ने) ब्रेक मारे तो कार से दूर जाकर गिरी... वह मर चुकी है। अनुशासनात्मक कार्रवाई रिपोर्ट में कहा गया कि ये असंवेदनशील टिप्पणियां करने के बाद ऑडरर चार सेकंड तक जोर-जोर से हंसा। सिएटल पुलिस विभाग की कार्यवाहक प्रमुख स्यू राह ने एक ई-मेल में कहा कि कंडुला के परिवार को जो पीड़ा पहुंची उसे दूर नहीं जा सकता।

# इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध के निर्णय को पीपीपी का समर्थन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज द्वारा जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का गुरुवार को गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने समर्थन करने की घोषणा की। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने घोषणा की है कि वह कैबिनेट के सभी फैसलों का समर्थन करेगी। सूचना मंत्री अता तरार ने सोमवार को खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले के बारे में एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी, जिसके बाद कई लोगों के मन में यह सवाल उत्पन्न हुआ था कि क्या नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को इस मामले में अपने गठबंधन सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है।

# पाकिस्तान में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बंदिशें

लाहौर, एजेंसी

- सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा

पाकिस्तान की सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स को करीब छह महीने तक सफलतापूर्वक प्रतिबंधित रखने के बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को भी निशाना बनाया और आम लोगों तक इनकी पहुंच रोक दी है। सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान में बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सोशल मीडिया मंच तक पहुंच बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपयोगकर्ताओं को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य ऐप, जैसे व्हाट्सऐप के साथ भी समस्याएं आ रही हैं। पाकिस्तान की सरकार ने आम जनता तक फेसबुक और इंस्टाग्राम की पहुंच रोकने के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह प्रतिबंध उच्च न्यायपालिका, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के बीच चल रही खींचतान के बीच लगाया गया है। माना जाता है कि पाकिस्तान में सरकार सेना चला रही है।

पंजाब प्रांत में पाकिस्तान की सबसे अधिक 12 करोड़ आबादी रहती है। दूरसंचार कंपनी नयाटेल ने गुरुवार को एक्स पर कहा, पिछले दो दिन से सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई जा रही फेसबुक और इंस्टाग्राम सेवाएं बाधित हैं। यह रुकावट पहले से ही अवरुद्ध ट्विटर/एक्स के अतिरिक्त है।

# चीन ने पूर्व विदेश रक्षा मंत्रियों को शीर्ष निकाय से हटाया

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार को अपनी केंद्रीय समिति से बर्खास्त विदेश मंत्री किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तथा पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और दो अन्य शीर्ष जनरलों को पार्टी से निष्कासित करने के निर्णय का समर्थन किया। यह निर्णय गुरुवार को यहां संपन्न हुई पार्टी की केंद्रीय समिति की शीर्ष स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के तीसरे पूर्ण अधिवेशन नामक चार दिवसीय सत्र के अंत में जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुधार के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में कॉमरेड किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। किन (58) सबसे कम समय तक विदेश मंत्री रहने के बाद 2023 में अचानक सार्वजनिक तौर पर दिखना बंद हो गये थे।

# अलग हुए हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक

नयी दिल्ली, एजेंसी



- आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैसले का खुलासा किया

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गुरुवार को चार साल के रिश्ते के बाद पत्नी नताशा स्टेनकोविक से अलग होने की घोषणा की। दोनों ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक संयुक्त बयान में इस फैसले का खुलासा किया। दोनों ने 31 मई 2020 को शादी की थी और इसी साल 30 जुलाई को उनके बेटे अगस्त्य का जन्म हुआ था। उन्होंने 14 फरवरी 2023 को उदयपुर में एक भव्य समारोह में करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में रीति रिवाज से दोबारा शादी की थी।

इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा, चार साल साथ रहने के बाद नताशा और मैंने मिलकर अलग होने का फैसला किया है। हमने साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और सब अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अब हम लोगों को लगता है कि अलग होने में हम दोनों की भलाई है। उन्होंने लिखा, यह हमारे लिए एक मुश्किल फैसला था क्योंकि हमने साथ मिलकर परिवार के तौर पर आनंद लिया, एक दूसरे का सम्मान किया और साथ दिया।


खगोल विज्ञान | नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा पता चली महत्वपूर्ण जानकारी

# चांद पर खोजा अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने का ठिकाना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** चंद्रमा पर एक आश्चर्यजनक सुरंग का पता चला है। यह सुरंग ज्वालामुखी से निकले लावा के बाहर निकलने का मार्ग है। नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने ये खोज की है। यह स्थान अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है।

भले ही मानव समेत कई अंतरिक्ष मिशन चंद्रमा पर चलाए गए हों, लेकिन नई खोज बेहद महत्वपूर्ण है। इस खोज से संभावना व्यक्त की जा सकती है कि चांद की सतह हैरतअंगेज कई अन्य रहस्यों का पता चल सकता है। चंद्रमा की सतह पर मिली सुरंग को लेकर शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम का कहना है कि चंद्रमा पर सुरंगनुमा लावा ट्यूब की पहली बार पुष्टि हुई है। यह लावा ट्यूब चांद के मारे ट्रैंक्विलिटैटिस नामक सतह के नीचे है। यह वही स्थान है, जहां 1969 में अपोलो 11 उतरा था। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर के जरिए इसका पता चला है। यह लावा ट्यूब भविष्य की खोज के लिए एक रोमांचक लक्ष्य हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह सुरंग अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रय के लिए उपयोग किया जा सकता है। कई दशक से वैज्ञानिक चंद्रमा पर लावा ट्यूबों के अस्तित्व पर बहस करते आ रहे हैं। इस लावा ट्यूब सतह के नीचे एक प्राकृतिक सुरंग है, जो बहते हुए लावा से बनी हुई है। 15 जुलाई को इटली के ट्रेंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय टीम ने इस सुरंग की पहली संभावित पुष्टि की है। शोध दल ने 15 जुलाई को नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में निष्कर्ष प्रकाशित किया है।



चांद पर मिली सुरंग की तस्वीर।

### मायावी रहे हैं लावा ट्यूब

**नैनीताल :** वैज्ञानिक पहले से ही जानते थे कि चंद्रमा की सतह पर सुरंगें हैं। जिसके चलते 50 वर्षों पहले चंद्र लावा ट्यूबों के अस्तित्व का सिद्धांत दिया गया था। चंद्रमा पर ज्वालामुखीय गतिविधि का एक सुस्थापित इतिहास माना जाता रहा है। ज्वालामुखी विस्फोट अरबों साल पहले हुए होंगे। मगर अब जाकर पहली बार यह ठोस सबूत मिला है। उम्मीद है कि यह मायावी सुरंगें और भी होंगी।

# यूरोपीय संघ के साथ बेहतर संबंधों पर जोर

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने ईयू के नेताओं के साथ बैठक की

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने ब्रेक्जिट के बाद 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ संबंध बेहतर करने के लिए दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के ऑक्सफोर्डशायर में ईयू के नेताओं के साथ बैठक की। ब्रिटेन 2016 में ईयू से बाहर निकलने के पक्ष में जनमत संग्रह के बाद से इस समूह का सदस्य नहीं है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल की जन्मस्थली ब्लेनहेम पैलेस में यूरोपीय राजनीतिक समुदाय (ईपीसी) की बैठक में स्टॉर्मर ने 'ब्रेक्जिट' के बाद यूरोप के साथ देश के संबंधों के लिए एक नयी दिशा निर्धारित करने पर जोर दिया ताकि अवैध प्रवासन और रूस-यूक्रेन संघर्ष जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

कंजरवेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार की नीतियों से मौजूदा सरकार को अलग करते हुए, लेबर पार्टी के नेता स्टॉर्मर ने दोहराया कि रवांडा में अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने की अव्यावहारिक योजना को रद्द कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन कभी भी मानवाधिकारों पर यूरोपीय सम्मेलन (ईसीएचआर) से पीछे नहीं हटेगा। स्टॉर्मर ने कहा, ईपीसी की बैठक इस सरकार के यूरोप के प्रति नए दृष्टिकोण की शुरुआत करेगी।